
फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 345 प्रभात जयपुर, मंगलवार 16 जुलाई, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBiT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

Russian Nuclear Threat: Why Is It Back In The Equation?

Ukrainian President Zelenskyy said that he believes that Putin isn't bluffing. "He wants to scare the whole world, these are the first steps of his nuclear blackmail."

Why Tomato Is A Must-add To Your Daily Diet

# योगी आदित्यनाथ ने आखिर चुप्पी तोड़ी?

## उन्होंने यू.पी. में भाजपा को लोकसभा चुनाव में लगे भारी झटके के कारण बताये

- श्रीनन्द झॉ -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली,15 जुलाई। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आखिरकार अपनी चुप्पी तोड़ ही दी, सोमवार को उन्होंने राज्य में लोकसभा चुनावों में पार्टी के खराब पद्रर्शन के लिये ये कारण बताये- अति आत्मविश्वास, दलित वोटों का विपक्ष में चले जाना, अपनी उपलब्धियों पर निर्भरता में असफल रहना तथा सोशल मीडिया पर अपर्याप्त मौजूदगी।

इन अटकलों के बीच कि भाजपा नेतृत्व उन्हें "असफल नेता" के रूप में प्रोजेक्ट करने का मानस बना रहा है तथा ऐसी अफवाहें जोर पकड़ रही हैं कि उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटा दिया जायेगा, योगी ने आज यह स्पष्ट कर दिया कि वे कहीं जाने वाले नहीं हैं। लोकसभा चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन के पीछे उनके बताए कारण हाईकमान की सोच से पूरी तरह भिन्न हैं। पार्टी हाईकमान राज्य में पार्टी खराब प्रदर्शन के लिये राज्य स्तर की संगठनात्मक विफलता को इसका जिम्मेदार बता रही है।

- पर, उल्लेखनीय बात यह है कि जो हार की वजह योगी आदित्यनाथ ने गिनायी, वह भाजपा हाईकमान द्वारा बताये गये कारणों से काफी भिन्न है।
- भाजपा हाईकमान ने यू.पी. में हार का मुख्य कारण यू.पी. में प्रदेश की संगठन इकाई की कमज़ोरी बताया है।
- पर, योगी आदित्यनाथ का पक्ष है कि यू.पी. में चुनाव में उम्मीदवारों के चयन से लेकर चुनाव की रणनीति तय करना सब केन्द्रीय नेतृत्व के हाथ में ही केन्द्रित था।
- बारीकी से देखा जाये तो यह समझ में आता है कि अपने वक्तव्य से योगी आदित्यनाथ ने यू.पी. में हार की जिम्मेवारी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व पर डाली है।
- ऐसा लगता है कि यू.पी. के दुष्परिणाम के बाद भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व, यू.पी. में "क्लीन स्लेट" से पुनः आरम्भ करना चाहता है, यानि मु.मंत्री योगी आदित्यनाथ को हटाकर नए मु.मंत्री के नेतृत्व में पार्टी का पुर्ननिर्माण आरम्भ करना चाहता है।

योगी के पक्ष एवं उनके बचाव में एक तथ्य यह है कि उत्तरप्रदेश के चुनाव अभियान में, उम्मीदवारों के चयन से लेकर प्रचार की रणनीतियों तक का प्रबन्धन एवं निरीक्षण पूरी तरह पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा किया गया था। योगी के भाषण का "फाइन प्रिन्ट" बड़ा रोचक है क्योंकि उसमें वे राज्य में पार्टी को हुए नुकसान का दोष केन्द्रीय नेतृत्व पर मढ़ने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'राज्य सरकार बताए, न्यायिक अफसरों की सुरक्षा के लिए क्या नीति बनाई'

जयपुर, 15 जुलाई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों को सुरक्षा देने के संबंध में राज्य सरकार से यह स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है कि उन्होंने इस संबंध में अभी तक क्या कार्रवाई की है और क्या नीति बनाई है। राजस्थान के चीफ जस्टिस (सी.जे.) एम.एम. श्रीवास्तव

- हाई कोर्ट ने न्याय शिखा अपार्टमैंट में एक महिला न्यायिक अधिकारी के घर चोरी होने के बाद स्वतः संज्ञान लेकर मामले की सुनवाई की और यह आदेश दिये।

व जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश इस प्रकरण में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान राज्य के एडवोकेट जनरल राजेन्द्र प्रसाद ने अदालत को बताया कि जजों की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मियों के 1025 पद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या भाजपा हाईकमान की राहुल व अखिलेश के बीच खाई उत्पन्न करने की रणनीति कामयाब होगी?

## इस रणनीति के तहत, भाजपा राहुल गांधी को टारगैट करेगी तथा अखिलेश के प्रति नरम रहेगी, जिससे अखिलेश को सीधा मैसेज जाये कि उन्हें भी ई.डी. आदि के मार्फत परेशान किया जा सकता है, अगर वे राहुल का साथ देते रहे

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जुलाई। सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में फिर से अपना दबदबा कायम करने की कोशिश में मोदी-शाह ने पार्टी अध्यक्ष नड्डा से कहा है कि वे अखिलेश यादव को रिझाकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में दरार डालने की कोशिश करें। ज्ञातव्य है कि हालिया लोकसभा चुनाव में सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने उत्तर प्रदेश भाजपा के विजय अभियान पर रोक लगाने में अहम भूमिका निभाई थी।

नड्डा पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से मिलकर लोकसभा चुनाव की हार के कारणों को जानने के लिए लखनऊ गए थे, ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को संदेश भेजा और उन्हें चेतावनी दी कि कांग्रेस का साथ उन्हें व उनकी पार्टी को खत्म कर सकता है।

- यह रणनीति, भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं के लखनऊ में आयोजित सम्मेलन में उजागर की। इस सम्मेलन का आयोजन, यू.पी. में लोकसभा चुनाव में भाजपा को लगे झटके के कारण जानने के लिये आयोजित किया गया था।
- नड्डा ने कांग्रेस की तुलना भस्मासुर से की ओर कहा, कांग्रेस, क्षेत्रीय पार्टियों का सहारा लेकर बढ़ती है और फिर जो उसको बढ़ने में मदद करते हैं, अन्त में उनको ही नष्ट कर देती है।

उनका लक्ष्य कांग्रेस पर निशाना साधने व सपा को बख्श देने का है, साथ ही वे अखिलेश को यह भी समझाना चाहते हैं कि अन्य विपक्षी नेताओं की तरह उन पर भी केन्द्रीय एजेन्सियां कार्यवाही कर सकती हैं।

एक भाजपा नेता ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि मौजूदा भाजपा नेतृत्व का सारा ध्यान सत्ता बनाए रखने पर है। वे साम-दाम-दंड-

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ट्रम्प की हत्या के प्रयास से राष्ट्रपति बाइडन की राजनीति में चमक लौटी

## राष्ट्रीय डिबेट व "नाटो" शिखर सम्मेलन के बाद प्रैस कॉन्फ्रैंस में लचर प्रदर्शन के कारण जोर-शोर से मांग उठने लगी थी, बाइडन को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नहीं बनना चाहिए

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जुलाई। आसाधारण कुछ भी नहीं हुआ : अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं और उस के लिए पुनः अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत कर रहे डॉनल्ड ट्रम्प पर गोली चला दी गई। वे बाल-बाल बचे।

इससे अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार का रंग एकदम से बदल गया। दोनों ही प्रमुख पार्टियों रिपब्लिकन्स तथा डैमोक्रेट्स ने राजनीतिक तापमान को शांत करने का आव्हान किया है। निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने "ओवल आफिस" से दिए एक संबोधन में उस घटना के प्रति खेद प्रकट किया। उन्होंने ट्रम्प से फोन पर भी बात की।

अमेरिका में हिंसा अन्तर्निहित है। डॉनल्ड ट्रम्प ने पिछली बार चुनाव हारने के बाद जो हिंसा करवायी थी, उस दौर का देश की राजनीति में आगमन हो चुका है। लेकिन, अमेरिका के राष्ट्रपति पद के एक प्रत्याशी के खिलाफ हुई यह खामोश घटना एक लम्बे अन्तराल के बाद हुई है। ऐसे ही एक अंतिम घटनाक्रम में डोनाल्ड रीगन पर गोली चलाई गई थी।

- पर, ट्रम्प पर गोली चलने के बाद बाइडन के खिलाफ शोर-शराबा थम गया, उनकी पार्टी के अन्दर व बाहर।
- अब डैमोक्रैटिक पार्टी बाइडन के पीछे संगठित होकर, चुनाव लड़ने की बात करने लगी है।
- शायद इस मूड परिवर्तन का कारण है, ट्रम्प ने राष्ट्रपति पद का चुनाव हारने के बाद, राष्ट्रीय मीडिया पर जम कर प्रचार किया था कि उनको गैरवाजिब हथकण्डों से दोबारा राष्ट्रपति बनने से रोका गया है। उनकी इस अपील के बाद उनके समर्थकों ने कैपिटल हिल (संसदीय भवन) पर हथियारों से लैस होकर आक्रमण किया था, जिससे कई लोगों की मौत हुई थी, जिसमें सुरक्षाकर्मी भी शामिल थे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मु.मंत्री भजनलाल दिल्ली में

नई दिल्ली/जयपुर, 15 जुलाई (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित राजस्थान की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में

- मुख्यमंत्री ने दिल्ली में राष्ट्रीय राज मार्ग परियोजना की समीक्षा बैठक में भाग लिया तथा राज्य की सड़क परियोजनाओं पर चर्चा की।

नवीन तकनीक का इस्तेमाल कर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। इसके साथ ही बैठक में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रदेश के लिए प्रस्तावित नवीन परियोजनाओं के संबंध में भी विस्तृत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारत 2030 तक जापान और मैक्सिको को पछाड़ कर सबसे बड़ा पर्यटन बाज़ार बन जाएगा

## यह घोषणा वर्ल्ड ट्रैवल एण्ड टूरिज़्म काउन्सिल की एक रिसर्च रिपोर्ट में की गई

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जुलाई। भारत के तेजी से बढ़ते ट्रैवल एण्ड टूरिज़्म सैक्टर के वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था में अनुमानतः 21.15 ट्रिलियन रूपए (21,15000 करोड़) का योगदान देने की उम्मीद है। वर्ष 2019 की तुलना में यह 21 प्रतिशत की वृद्धि है। अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन के खर्च में क्रमिक रिकवरी का क्रम बना हुआ है, लेकिन घरेलू पर्यटन ने खासतौर पर स्थिति को संभाला है। पर्यटन से होने वाली आय के इस वर्ष 16 लाख करोड़ रूपयों से आगे जाने की उम्मीद है। इस वर्ष नौकरियों में 2045 मिलियन की वृद्धि होने का अनुमान है, जो एक के मुकाबले 11 नौकरियों तक की बढ़त है। यह कहना है वर्ल्ड ट्रैवल एण्ड टूरिज़्म काउन्सिल (डब्ल्यू.टी.टी.सी.) की एक रिसर्च रिपोर्ट का।

पर्यटन आय के आकार के मामले में पहले ही दुनिया में छठे स्थान पर काबिज भारत का घरेलू ट्रैवल मार्केट मध्यम वर्गीय पर्यटकों का दायर बढ़ने के कारण मजबूत वृद्धि करने जा रहा है। डब्ल्यू.टी.टी.सी. के अनुमानों की मैकिन्ज़ी एण्ड कम्पनी भी पुष्टि करती है, जिसने भविष्यवाणी की है कि वर्ष 2030 तक भारत जापान और मैक्सिको को पीछे छोड़कर दुनिया का चौथा सबसे बड़ा घरेलू ट्रैवल मार्केट बन सकता है। यात्रियों के कम फुटफॉल वाले एयरपोर्ट्स पर सब्सिडीयुक्त फ्लाइट्स चलाने की पहल पर्यटन सैक्टर को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

- उम्मीद है कि 2024 में पर्यटन उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था में 21.15 खरब का योगदान करेगा। इस योगदान से 2.45 मिलियन रोज़गार सृजित होंगे, यानि 11 में से एक रोज़गार पर्यटन से संबंधित होगा।
- भारत का घरेलू ट्रैवल मार्केट विश्व का छठा सबसे बड़ा ट्रैवल बाज़ार है और रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2030 तक यह चौथे स्थान पर आ जाएगा।

डब्ल्यू.टी.टी.सी. एक आशावादी रूख रखते हुए भारत के टूरिज़्म सैक्टर में निरन्तर प्रगति की भविष्वाणी करता है और उसने वर्ष 2034 तक भारत की जी.डी.पी. में इस सैक्टर से 43.25 ट्रिलियन रूपयों का इजाफा होने का अनुमान लगाया है। इस सैक्टर को नौकरियों के मजबूत सृजन और घरेलू व अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों से होने वाली आय का समर्थन प्राप्त होगा।

क्षेत्रीय तौर पर उम्मीद है कि इस सैक्टर के आर्थिक रूप से मजबूत होने पर दक्षिण एशिया विशेष तौर पर लाभान्वित होगा जो पर्यटन विकास में एक क्षेत्रीय नेता के तौर पर भारत की भूमिका को रेखांकित करता है।

डब्ल्यू.टी.टी.सी. की प्रैसिडैण्ट एवं सी.ई.ओ. तथा उड्डयन उद्योग की ग्लोबल लीडर जूलिया सिम्पसन ने ध्यान दिलाया है कि भारत के घरेलू पर्यटन सैक्टर ने वैश्विक महामारी के बाद आर्थिक रिकवरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने टिप्पणी की कि अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों से होने वाली आय के अभी वैश्विक महामारी के स्तरों तक आना शेष है, लेकिन घरेलू पर्यटन में वृद्धि हुई है, जो इस सैक्टर की मजबूती और क्षमता को दर्शाता है।

सिम्पसन कहती है कि वर्ष 2047 में भारत की स्वतंत्रता की वर्षगांठ तक 100 मिलियन पर्यटकों को भारत आने के लिए आकर्षित करने की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना इसका प्रमाण है कि यह देश पर्यटन का एक ग्लोबल पावर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## हेमंत सोरेन ने मोदी से मुलाकात की

नयी दिल्ली, 15 जुलाई (वार्ता) झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय ने दी।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

- झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय ने दी।

सोरेन ने धन शोधन से जुड़े एक मामले में न्यायिक हिरासत से छूटने के बाद पिछले दिनों राज्य के मुख्यमंत्री पद की दोबारा शपथ ली।

मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद सोरेन की प्रधानमंत्री से यह पहली मुलाकात है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस पोस्ट में दोनों नेताओं की मुलाकात की फोटो भी साझा की है।

# 'जो नेता राजनीति में जोड़कर चलने की बात करते हैं वो ही सर्वोपरि रहते हैं'

## सचिन पायलट ने इसी के साथ यह भी कहा कि जो नेता तोड़ने की बात करता है वो कुछ समय बाद स्वयं ही गिर जाता है

बौंली-बामनवास, 15 जुलाई (निसं)। क्षेत्र के मित्रपुरा तहसील अंतर्गत घाटा नैनवाडी गांव में हुए 111 देवनारायण कुंडात्मक महायज्ञ के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सोमवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री और टोंक विधायक सचिन पायलट ने भी शिकत की और अपने पिता तथा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्वर्गीय राजेश पायलट की मूर्ति का अनावरण किया।

यज्ञ का आयोजन घाटा नैनवाडी गांव के देवनारायण मंदिर के प्रांगण में हुआ है। ज्ञातव्य है कि मंदिर पहाड़ी पर बना है तथा मंदिर का प्रांगण पहाड़ी के नीचे है। सचिन पायलट ने धार्मिक आयोजन के लिए आयोजकों को धन्यवाद दिया। पायलट ने उपस्थित लोगों को कहा कि स्वर्गीय राजेश पायलट की मूर्ति का अनावरण होना बहुत गर्व की बात है। उन्होंने कहा, जो नेता राजनीति में जोड़कर चलने की बात करता है, वह हमेशा सर्वोपरि रहता है और जो नेता तोड़ने की बात करता है, वह कुछ समय में स्वयं ही गिर जाता है।




*पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट बौली बामनवास क्षेत्र के नैनवाड़ी गांव में आयोजित 111 कुंडात्मक देवनारायण महायज्ञ के समापन अवसर कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। इस मौके पर पायलट ने मंदिर प्रांगण में ही स्वर्गीय राजेश पायलट की मूर्ति का भी अनावरण किया।*

- सचिन पायलट ने श्री देवनारायण मंदिर प्रांगण में सम्पन्न 111 कुण्डात्मक महायज्ञ के समापन अवसर पर कहा कि यह एक धार्मिक मंच है, मैं कोई राजनीतिक बात नहीं करूँगा, लेकिन विकास कार्य के लिए हम सब साथ मिलकर काम करेंगे।
- इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में स्वर्गीय राजेश पायलट की मूर्ति का अनावरण किया गया।
- उप तहसील दतवास में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पायलट का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। वहीं, पायलट ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने पर जनता तथा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने आगे कहा कि यह एक धार्मिक मंच है, मैं किसी प्रकार की राजनीतिक बात नहीं करूंगा लेकिन फिर भी विकास कार्य के लिए हम सब साथ मिलकर काम करेंगे।

कार्यक्रम में कांग्रेस के सवाई माधोपुर के पूर्व विधायक दानिश अबरार, टोंक-सवाई माधोपुर सांसद हरीश मीणा, सवाई माधोपुर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शिवचरण बैरवा तथा क्षेत्रीय विधायक सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट के नैनवाडी तहसील में 9 दिन के महायज्ञ में पूर्णहुति देने और प्रांगण में अपने पिता व कांग्रेस के नेता स्व. राजेश पायलट की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम के लिए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## रामगढ़ बांध अतिक्रमणः मॉनिटरिंग कमेटी दो सप्ताह में रिपोर्ट दे

जयपुर, 15 जुलाई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने रामगढ बांध में अतिक्रमण से जुड़े मामले में गठित मॉनिटरिंग कमेटी को दो सप्ताह में हाईकोर्ट की रजिस्ट्री में निरीक्षण रिपोर्ट पेश करने को कहा है। चीफ जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश रामगढ़ बांध में अतिक्रमण को लेकर लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान से जुडे प्रकरणों पर सुनवाई करते हुए दिए।

- राजस्थान हाई कोर्ट ने रामगढ़ बांध में अतिक्रमणों पर स्वप्रेरित संज्ञान लेकर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए। हाई कोर्ट ने वर्ष 2011 में स्वतः संज्ञान लिया था।

कमेटी के सदस्य अधिवक्ता वीरेन्द्र डांगी ने बताया कि कमेटी ने गत जून माह में बांध क्षेत्र का दौरा किया था। जिसमें कई जगहों पर अतिक्रमण मिला है। अचरोल नाले के बीच एक फैक्टरी का निर्माण कर लिया गया है। इसके अलावा निम्स के पास भी पानी को रोका जा रहा है। इसके अलावा रोडा नदी के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

यदि ईश्वर नहीं है तो उसका आविष्कार कर लेना जरूरी है। –वाल्टेयर

# 'ईज़ ऑफ़ लिविंग' यानि जीने की सुगमता

निवेश को आकर्षित करने एवं उद्योगपतियों को अपना उद्योग लगाने में कितनी आसानी होती है, उसे नापने के लिए एक पैमाना काम में लिया जाता है, जिसे 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' कहा जाता है। रियायती दरों पर भूमि उपलब्ध कराना, करो में राहत देना, प्रक्रियाओं का सरलीकरण, एकल खिड़की योजना आदि कई प्रकार के तरीकों से सरकारें ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस को बढ़ाने का प्रयास करती हैं।

आज इस आलेख में हम ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस की नहीं अपितु नागरिक के 'ईज़ ऑफ़ लिविंग' अर्थात जीने की सुगमता की बात करेंगे। जिस व्यक्ति के पास असीम धन दौलत, सत्ता या संपर्क है, उसके लिए तो यह कोई मायने नहीं रखता, किंतु देश की लगभग 80 प्रतिशत जनता ऐसी है, जिनके लिए सरकार की बड़ी भूमिका है। ईज़ ऑफ लिविंग, अधिकांश सरकारी विभागों की संवेदनशीलता, उनके नागरिकों के साथ व्यवहार और उनकी विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के तरीकों पर निर्भर करती है। किसी भी साधारण व्यक्ति के लिए जीना कितना आसान है, उसे हम जीने की सुगमता कह सकते हैं । प्रमुख रूप से इस हेतु कुछ आयामों की बात की जा सकती है जैसे खाने के लिए भोजन की व्यवस्था करने की सुविधा, आश्रय की सुविधा, बच्चों के लिए शिक्षा की सुगमता, जीविकोपार्जन के लिए रोजगार प्राप्त करने की सुगमता, बीमार होने पर चिकित्सा प्राप्त करने की सुगमता, सुरक्षा के लिए पुलिस से सहायता प्राप्त करने की सुगमता आदि । हम इन पर एक-एक कर बात करेंगे।

राजस्थान में, अन्य राज्यों की तरह ही, गांव में रोजगार के साधन उपलब्ध न होने के कारण कई परिवारों को एवं विशेष कर युवाओं को आसपास के शहरों में रहने के लिए जाना होता है। उसकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं होती कि वह शहरों में कोई भूखंड अथवा बना बनाया मकान लेकर अपना जीवन प्रारंभ कर सके, न उसकी आय इतनी होती है कि वह किराए पर मकान लेकर रह सके। ऐसी स्थिति में जहां उसे खाली जगह मिलती है, वहीं कच्चा-पक्का मकान बनाकर रहना प्रारंभ कर देता है। इनमें से जहां पक्के मकान बन जाते हैं, वे आगे कुछ वर्षों बाद अनधिकृत कॉलोनीयों की संज्ञा में आ जाते हैं । मजे की बात यह है कि, ये अनधिकृत बस्तियां स्थानीय सांसद, विधायक या अन्य जनप्रतिनिधि के संरक्षण में पनपती हैं, जिसके लिए वे निरंतर संरक्षण राशि वसूलते हैं। कुछ वर्षों बाद शहरों के सौंदर्य करण एवं स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर इन वर्षों से बसे परिवारों को जेसीबी या बुलडोजर के माध्यम से रातों रात उजाड़ दिया जाता है। ऐसा करते समय सामान्य कोई वैकल्पिक आश्रय भी उपलब्ध कराया नहीं जाता। यह सही है कि झुग्गी झोंपड़ियों और अनधिकृत कॉलोनी में रहने वाले लोगों को कानूनी रूप से कोई अधिकार नहीं है । प्रश्न यह है कि गांव से शहर आकर बसने वाले गरीब लोगों को आवास उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी क्या सरकार की नहीं है? यदि सरकार ऐसे व्यक्तियों को उनकी आय के साधन के अनुरूप आवास की लिए आश्रय उपलब्ध नहीं कर पाए तो उनके पास जहां जगह मिली वहीं पर बसने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं रहता है। क्यों सरकार बाहर से शहरों में आने वाले युवाओं एवं परिवारों के लिए आवासों की व्यवस्था नहीं कर सकती? नाम मात्र का किराया वसूल करके उनके रहने योग्य आवास तो अस्थाई रूप से उपलब्ध करा ही सकती है? एक ओर सरकार करोड़ों निर्धन व्यक्तियों को आवास देने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर वही सरकार, बसे हुए परिवारों को बेघर करने का काम कर रही है। स्पष्ट है, रहने की सुगमता कतई नहीं है।

रोजगार की प्राप्ति की सुगमता की बात कर लें। स्नातक / स्नातकोत्तर / तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी 8 से 10000 रुपए की कोई भी नौकरी करने के लिए देश के युवा विवश हैं । आप अगर डिलीवरी बॉय या कॉल सेंटर पर काम करने वालों से बात करें तो यह पाएंगे कि इनमें से अनेक ऐसे हैं जो उच्च शिक्षा प्राप्त हैं। कुछ तो पीएचडी हैं । जो लोग निजी महाविद्यालय में नौकरी प्राप्त कर भी लेते हैं तो, उन्हें भी लगभग 15000 रुपए प्रति माह से अधिक नहीं मिलते हैं। बेरोज़गारी की स्थिति कितनी भयावह है, यह इसी से पता चलता है कि गुजरात के एक शहर की निजी कंपनी में 10000 रुपए की नौकरी के लिए हजारों युवा पहुंच गए और उनमें भगदड़ मचने से रेलिंग तक टूट गई।

कहा यह जाता है कि जो स्नातक निकलते हैं वे रोजगार पाने योग्य नहीं हैं। प्रश्न यह है कि यदि उन्हें ऐसी शिक्षा दी जा रही है जिसके आधार पर रोजगार उपलब्ध नहीं हो पाता तो यह गलती युवाओं की नहीं, अपितु उस सरकार की है जो उन्हें उपयुक्त प्रकार की शिक्षा उपलब्ध कराने में असमर्थ रही है । सरकारी कमी का खामियाजा युवाओं को भुगतना पड़े, इससे अन्यायपूर्ण पूर्ण बात और क्या हो सकती है ? आश्चर्य की बात है, अभी हम इस ऐसी अप्रासंगिक शिक्षा व्यवस्था को बनाए रखे हुए हैं । यदि युवाओं को डिलीवरी बॉय या ठेला लगाने का ही काम करना है तो उसकी पढ़ाई पर इतना पैसा क्यों बर्बाद कराया जा रहा है? खराब शिक्षा व्यवस्था के लिए कोई जिम्मेदारी किसी की तय नहीं की गई? उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी 10 से 15000 रुपए महीने में काम करना पड़े तो कोई अपने परिवार का गुजारा कैसे चला सकता है? यह स्थिति हताशा निराशा उत्पन्न करने का काम ही करती है। अत: उपयुक्त रोजगार की सुगमता नहीं है।

महिलाओं के लिए अपने कार्य स्थल पर जाना बड़े शहरों में दुष्कर कार्य है । सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था नगण्य और असुरक्षित है । इस कारण, कामकाजी महिलाओं को प्रतिदिन अपने आप को जैसे-तैसे बचाते हुए अपने कार्य स्थल तक जाना होता है। यदि किसी महिला के साथ कोई घटना हो जाय तो वहां भी उसकी एफ आई आर आसानी से दर्ज नहीं की जाती। कुल मिलाकर महिलाओं को सुरक्षा सुलभ नहीं है।

स्वच्छ पेय जल की उपलब्धि किसी भी परिवार के लिए अत्यंत आवश्यक है चाहे वह किसी भी स्तर का परिवार ही क्यों ना हो?

**लगभग प्रत्येक खाद्य पदार्थ में, वह फल हो, सब्जी हो, दालें हों, तेल हो या कोई अन्य खाद्य सामग्री, सबमें रसायन की मिलावट के कारण कैंसर होने की संभावना निरंतर बढ़ रही है। दूध में यूरिया की मिलावट, मसाले में केमिकल्स की मिलावट, फलों को केमिकल से पकाना, सब्जियों को केमिकल के माध्यम से शीघ्र अधिक बड़ा करना, यह सब वे बातें हैं जिन्होंने भारतीय नागरिकों के लिए जीवन एक प्रकार से दूभर कर दिया है।**

वास्तविकता यह है कि, जहां पाइप लाइन उपलब्ध भी है तो साधारण बस्तियों में पानी कभी आता ही नहीं है और यदि आता भी है तो सक्षम व्यक्तियों द्वारा बूस्टर लगा ले जाने के कारण उनके यहां पानी नहीं पहुंच पाता। पीने के पानी के लिए उन्हें दूर तक जाकर अपने स्वयं के स्तर पर व्यवस्था करनी पड़ती है। यदि कोई सरकार अपने नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध तक न कर पाए तो उसे तो यह मानना ही पड़ेगा कि लोगों के लिए जीना बहुत कठिन है। और वस्तुओं के बिना लोग जैसे तैसे जीवन यापन कर सकते हैं लेकिन पानी के बिना जीवन कैसे संभव है?

लगभग प्रत्येक खाद्य पदार्थ में, वह फल हो, सब्जी हो, दालें हों, तेल हो या कोई अन्य खाद्य सामग्री, सबमें रसायन की मिलावट के कारण कैंसर होने की संभावना निरंतर बढ़ रही है। दूध में यूरिया की मिलावट, मसाले में केमिकल्स की मिलावट, फलों को केमिकल से पकाना, सब्जियों को केमिकल के माध्यम से शीघ्र अधिक बड़ा करना, यह सब वे बातें हैं जिन्होंने भारतीय नागरिकों के लिए जीवन एक प्रकार से दूभर कर दिया है।

मजदूरी करने वाला व्यक्ति बीमार पड़ जाए तो उसके लिए तो और भी दोहरी मार पड़ती है । उसे बीमारी वाले दिनों के लिए दिहाड़ी मजदूरी भी नहीं मिलेगी और इलाज पर खर्च होगा, वह अलग। श्रमिकों को कई लाभ पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा श्रमिक कार्ड बनाने का प्रावधान है, जिससे बच्चों के शिक्षा में मदद मिलने की बात कही जाती है, किंतु श्रमिक कार्ड कैसे बनेगा, उसके आधार पर प्राप्त होने वाले छात्रवृत्ति कब मिलेगी कैसे मिलेगी, इसकी जानकारी देने की कोई व्यवस्था नहीं है । फलस्वरूप, जो वास्तविक पात्र व्यक्ति हैं, वे उन सब सुविधाओं से वंचित ही रहते हैं जो उनके नाम पर बनाई गई हैं। हाल ही में एक ऐसा परिवार हमारे संपर्क में आया जो अत्यंत निर्धन है और उस परिवार की एक लड़की अत्यंत ही प्रतिभाशाली है, किन्तु सारे प्रयास के बावजूद उसे अब तक कोई छात्रवृत्ति नहीं मिली है। उसके एक कमरे वाले घर में पानी नहीं आ रहा था तो मैने स्वयं ने कनिष्ठ अभियंता से लेकर सचिव स्तर तक बात की, किंतु फिर भी उनकी पेय जल की समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

गरीब परिवारों के बच्चों के लिए निजी विद्यालयों में आर टी ई के अंतर्गत 25 प्रतिशत आरक्षण रखा गया। आरटीई के अंतर्गत ऑनलाइन एप्लीकेशन कितने गरीब परिवार लगा पाते हैं यह सबको पता है। यही कारण है इसका लाभ अधिकांशतया अपात्र लोग ले रहे हैं। यदि वास्तविक सर्वे कराया जाए तो ज्ञात होगा कि आर टी ई के अंतर्गत आरक्षित 25 प्रतिशत सीटों पर अधिकतर स्वयं को कागजों में गरीब साबित करके सक्षम लोग इसका लाभ उठा रहे हैं। जहां तक सरकारी विद्यालय का प्रश्न है, उनमें पढ़ाई का स्तर इतना खराब है कि पांचवीं कक्षा के आधे से अधिक बच्चे दूसरी का स्तर भी नहीं रखते हैं। इस विवेचन से साफ है कि बच्चों की शिक्षा भी सुगम नहीं है।

सरकार आजकल सारी योजनाओं का लाभ ऑनलाइन देने का दावा करती हैं, किंतु क्या सरकार में किसी ने सोचा कि प्रतिमाह ढाई सौ रुपए केवल डाटा खरीदने के लिए कितने गरीब परिवार जुटा पाएंगे? इंटरनेट का उपयोग करना तो अलग बात है। डिजिटल टैक्नीक से अनभिज्ञ होने के कारण प्रतिदिन हजारों लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे हैं।

कोई भी नागरिक बिना सरकारी दखलअंदाजी के और बिना निरीक्षकों द्वारा परेशान हुए अपना मकान नहीं बना सकता है । सामान्यत: मौके की स्थिति और रिकॉर्ड की स्थिति में अंतर होता है। इसी का फायदा सरकारी कर्मचारी उठाते हैं। जो व्यापारी ईमानदारी से टैक्स देकर व्यापार करना चाहता है उसके लिए वर्तमान व्यवस्था में काम करना बहुत कठिन हो जाता है क्योंकि वह उससे स्पर्धा नहीं कर सकता जो कर की चोरी करता है। अधिकारी/कर्मचारी भी उस व्यापारी को पसंद करते हैं जो टैक्स चोरी करता है ताकि उनकी भेंट पूजा आसानी से हो सके। अच्छा शासन तो वह कहलाएगा जिसमें कानून की पालन करने वाले नागरिक के लिए जीवन अधिक सुगम हो और कानून तोड़ने वाले के लिए दुर्गम ।

सामान्य नागरिक के जीवन में सरकार का दखल जितना कम होगा उतना ही लोगों का जीवन अधिक सुगम होगा। जो लोग ठेला लगा कर/ या थड़ी लगाकर छोटा-मोटा काम करते हैं, उनके लिए सरकार कोई स्थान तय नहीं करती और जब वह अपने स्तर पर जैसे-जैसे काम करना प्रारंभ करते हैं तो किसी न किसी विभाग जैसे पुलिस, नगर निगम या जे डी ए का निरीक्षक आकर उसके ठेले को उलट जाएगा या उनसे वसूली करने लग जाएगा। पॉलिथीन की थैलियां के उपयोग को रोकने के बारे में भी वही स्थिति है। सरकार अपने स्तर पर पॉलिथीन की थैलियों का उत्पादन तो बंद नहीं करेगी किंतु अपेक्षा क्या करेगी कि छोटे-छोटे दुकानदार थैलियों का उपयोग बंद करें। यह व्यवस्था गरीब के जीवन को कष्टप्रद ही बनाती है।

पेंशनर्स की बात ही लें । कुछ समय पूर्व तक सभी पेंशन कर्मियों की पेंशन सीधे उनके संबंधित बैंक खाते में प्रतिमाह जमा हो जाती थी और जीवन प्रमाण पत्र भी बैंक द्वारा स्वीकृत कर लिया जाता था। पता नहीं, किस कारण यह सारा काम बैंकों से लेकर के निदेशालय पेंशन को दे दिया गया। इससे सरलता पूर्वक पेंशन का जो काम चल रहा था, वह बिगड़ गया। सही पेंशन न मिलने पर उसे अनावश्यक रूप से निदेशालय पेंशन के चक्कर काटने के लिए विवश कर दिया गया है। सरकार सुगमता के बजाय कठिनाई बढ़ाने का ही कार्य कर रही है ।

जिस बैंक में आपका खाता 30/40 वर्षों से हो, तो प्रति 3 वर्ष में आपसे केवाईसी मांगा जाता है। यह केवल लोगों के जीवन को मैं कठिनाई उत्पन्न करने वाला ही सिद्ध हुआ है । केवाईसी का अर्थ यह था कि बैंक अपने ग्राहक को जाने। यह काम बैंक का था कि वह अपने ग्राहकों के पास जाकर के यह देखें कि वह सही व्यक्ति है या नहीं। इसके बजाय बार-बार केवाईसी मांगा जाना उसके लिए परेशानी का ही कारण है। यह कार्य विशेष रूप से उन लोगों के लिए और अधिक परेशानी उत्पन्न करता है जो बहुत कम पढ़े-लिखे हैं। वैसे तो सरकार की जितनी ऑनलाइन की सुविधाएं हैं उनका उपयोग पढ़े-लिखे लोग भी मुश्किल से ही कर पाते हैं और वह मजबूरी में किसी-किसी एजेंट के पास जाने के लिए बाध्य हो जाते हैं। यह किस प्रकार की सुगमता है?

हमारे मित्र की पत्नी की चेन खींच कर ले गया। इसकी रिपोर्ट पुलिस में कर दी। कई दिनों बाद मेरे मित्र को पुलिस वालों की तरफ से फोन आया कि उन्हें न्यायालय में बयान देने हेतु चलना है कि पुलिस के द्वारा किए गए प्रयास से वह संतुष्ट है। वह इसके लिए तैयार नहीं हुए क्योंकि कार्यवाही तो सारी पुलिस को करनी थी। लगता है, पुलिस का काम शिकायत कर्ता को परेशान करने का है न कि उसे राहत पहुंचाने का।

भारत सरकार काफी दिनों से देश के 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन प्रदान करने का काम कर रही है। जयपुर में कुछ दिनों पहले प्रत्येक परिवार के सभी सदस्यों का बायोमेट्रिक विधि से सत्यापन करने तक राशन देना बंद कर दिया। उनको यही पता नहीं था कि यह किस प्रकार से होता है? यदि एक परिवार में 5-6 सदस्य हैं, जिनमें बच्चे भी सम्मिलित हैं, तो सबका बायोमेट्रिक सत्यापन कराए बिना राशन देना बंद कर दिया। हमारे परिचित निर्धन परिवार के सदस्य तीन-चार दिन तक राशन डीलर के यहां पर लाइन में खड़े रहे किंतु फिर भी यह काम नहीं हो पाया। स्पष्ट है कि जिन लोगों ने इस प्रकार का आदेश निकाला, उनका धरातल की वास्तविकता से कोई वास्ता नहीं था।

उपयुक्त होगा कि सरकार किसी स्वतंत्र एजेंसी से कुछ कुछ समय के अंतराल से सामान्य जनता के लिए 'ईज़ ऑफ लिविंग' का सूचकांक ज्ञात करके सार्वजनिक करे। अमृत काल में भारत के नागरिकों के लिए जीना सुगम होना ही चाहिए।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# बिना स्वयं की बुद्धिमत्ता व प्रतिभा के उपयोग के दिवंगत लोगों के नाम से हम कब तक और कहां तक आगे जा सकेंगे?



**वीर बहादुर सिंह**

भारताय सनातन सस्कृात एव परंपरा में मरे या दिवंगत व्यक्तिओं को वर्ष में केवल एक बार यानी श्राद्ध पक्ष में याद करने, उन्हें अर्पण तर्पण देने का प्राचीन काल से प्रावधान ऋषिओं मुनिओं ने किया हुआ है। और उस पर भी यदि उनका श्राद्ध गया आदि विशेष तीर्थ पर किया हुआ है तो वार्षिक श्राद्ध की आवश्यकता भी समाप्त हो जाती है। ऐसा कभी होता नहीं देखा गया कि दिवंगत के नाम से कोई उत्सव अथवा भवन और योजना का श्रीगणेश किया जाए। यह मैं नहीं कहना चाहता कि ऐसा करना प्रतिबंधित है लेकिन एक परंपरा के अनुसार ऐसा होता नहीं है। फिर आज़ादी के बाद ऐसा क्या हुआ कि हमने अपनी सनातन व्यवस्था को त्याग दिया और एक ऐसी परंपरा को अंगीकार कर लिया जो मरे हुए व्यक्ति के नाम से वर्षों और दशकों तक चलायी जाती है। जब हम पीछे के किसी आदर्श को अपना मॉडल बना कार्य आरम्भ करते हैं तो प्रगति की अवनति होना स्वयं सिध्य है।

आज़ादी के बाद यह कैसी गुलामी की संस्कृति पनपी कि किसी भी बड़े स्तर पर कोई योजना लागू करने व् विस्तार देने के लिए किसी मरे हुए राजनितिक व्यक्ति का नाम जोड़ लेते हैं। पूर्व में तो कभी ऐसा नहीं देखा गया कि सरकारी अथवा गैरसरकारी कार्य योजना आरम्भ करने से पहले किसी मरे हुए दिवंगत व्यक्ति का नाम जोड़ लिया जाता हो । ऐसा करने वालों को विश्वास होता है कि अमुक नाम से कार्य योजना सफल भी होगी और सरकार व् जनता का संरक्षण और सपोर्ट भी भरपूर मिलेगा। मैं समझता हूँ यह एक तुच्छ मानसिकता है क्योंकि सरकार द्वारा चलाए गए अनेक कार्य प्रधान मंत्री, मुख्यमंत्री आदि विभिन्न नामों के रहते भी विफल होते देखे गए हैं। जबकी राम की वानर सेना और राम द्वारा बनाया राम सेतु ही समुद्र में आठ फ़ीट डूब गया, भगवान् कृष्णा की द्वारिका भी जल समाधी में जा चुकी है तो मनुष्य की क्या विसात कि उसके द्वारा बनाये प्रोजेक्ट चिरकाल तक बने रह सकेंगे ?

महात्मा गाँधी, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गाँधी, राजीव गाँधी, अटल विहारी, डॉ. आंबेडकर आदि के नाम पर सरकार ने लागू की पूरे देश में अनेक योजनाएं, उनके बुत भी बनाये गए जिन पर कभी सफाई नहीं होने से पक्षी उन्हें अपने विसर्जित मलमूत्र से आवरण बना ढके रहते हैं। अनेक इमारतों, सड़कों, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे, रोजगार कार्यक्रम मननरेगा, पार्क, लाइब्रेरी, हॉस्पिटल, बस अड्डा, इत्यादि अनेक ऐसे उपक्रम व् इमारतें हैं जिनके नाम मरे हुए लोगों के नाम पर हैं। दूसरी तरफ आम जनता अथवा व्यक्ति विशेष कभी अपने पूर्व परिवार के सदस्य के नाम से न तो कोई भवन बनाता है और न ही कोई अन्य उपक्रम शुरू करता है। ये परंपरा अथवा संस्कृति का विस्तार यदि होता है तो लोग गांव कस्बों में भी अपने परिजन के नाम उपयोग करने से नहीं चूकेंगे।

इस विस्तार की परणिति कहाँ रुकेगी?और क्या यह परंपरा उचित है? मुझे प्रतीत होता है कि ऐसी पोंगापंथी परंपरा के कारण ही देश आगे उन्नति करने के वजाय अवनति की तरफ जा रहा है विशेष तौर पर सामाजिक और नैतिक क्षेत्र में। बालिकाओं और महिलाओं के प्रति दुर्व्यवहार, बलात्कार और हत्या जैसे जघन्य अपराध में अपार वृद्धि, आर्थिक मामलों में गबन, हेराफेरी, कालाबाज़ारी, अपहरण, फिरौती, सरकारी जमीनों पर नाजायज़ कब्ज़ा, आदि उदाहरण गिनाने एवं नैतिक गिरावट में वृद्धि बताने के लिए काफी हैं।

भले ही हमारे मॉडल कुछ लोगों के प्रेरणा स्त्रोत रहे हों भले ही संविधान की पुस्तक लेकर जनता को हम दिखाते फिरें लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है। एक सरल प्रकृति का नागरिक यह सब जानकर सोचता है कि ईश्वर ने कहाँ जन्म दे दिया? सरकार और मीडिया तो बहुत ही भोंडे तरीके से सुहावनी गाथा और दृश्य देश को परोसते हैं। वेलफेयर स्टेट कहा जाने वाला देश कौन सा वेलफेयर दे रहे हैं। अपने पुरखों या कहें अपनी राजनैतिक पार्टी के आकाओं के नाम को अग्रसर करने के अतिरिक्त और कुछ नहीं होता। देहली देश की राजधानी इन सब के लिए एक सटीक उदाहरण पेश करता है जहाँ हमें मुगल शासन के बादशाहों के नाम पर अनगिनित जगह मिलेंगी। पता नहीं अंग्रेजों ने अपने किसी राजा रानी के नाम से (कुछ अपवाद छोड़कर) ऐसी विरासते क्यों नहीं बनायी, और जो बनी भी, आज़ादी के बाद सरकार ने उन्हे मिटा कर अन्य नाम रख लिए परन्तु किसी भी मुस्लिम बादशाह का नाम नहीं हटाया? क्या तत्कालीन सरकारें मुस्लिम परश्त और अंग्रेज विरोधी थी?

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि गाँधी जी को ब्रिटिश सरकार एक सौ रुपये प्रति माह देती थी ताकि वे अधिक खिलाफत न करें और कालान्तर में सत्ता हस्तांतरण में सहायक हो सकें। फलस्वरूप गाँधी ने अंग्रेजों के प्रति नरमी बरती जबकि सुभाष बोस अंग्रेजों के विरोधी रहे। ऐसी नैतिकता थी हमारे तथाकतिथ राष्ट्र निर्माताओं की। मुस्लिम आक्रांताओं और ब्रिटिश हुकूमत ने भारतीय शिक्षा को तहसनेस कर दिया फलस्वरूप आज़ादी के समय अधिकांश जनता अशिक्षित और गरीब थी, ग्रामीण अपनी रोजीरोटी कमाने में ही पूरे साल लगे रहते थे। सिचाई के साधन नहीं के बराबर और फसल की उत्पादकता बहुत कम थी। ऐसे माहौल में आज़ादी और कर्तव्यपरायणता की बात आम अशिक्षित जनता के लिए अप्रासांगिक थी। आज़ादी के बाद नेताओं ने पार्टी बनाकर हर घर में पेंठ बनाली और जनता को भ्रम में डालकर अपना वोट पक्का करने का काम सुद्रण किया।

पार्लियामेंट हाउस के भवन पर अब तो अशोक स्तम्भ का प्रतीक लग गया है यह अच्छी बात है यह अशोक स्तम्भ पहले ब्रिटिश राज में भी करेंसी नोटों पर छपता था जिसे स्वतंत्र देश की सरकार ने हटा कर गाँधी का चित्र छापना शुरू कर दिया यह व्यक्ति पूजा कतिपय लोगों को खुश करने के लिए और अपने उद्देश्य साधने के लिए आज़ाद सरकार के अपनाई। ब्रिटिश सरकार ने भी इस अशोक स्तम्भ को नोटों से नहीं हटाया था यहाँ तक इंडोनेशिया के नोटों पर अभी भी अशोक स्तम्भ छपता है। विक्रमादित्य राज के समय से यह स्तम्भ देश ने अपनाया हुआ था। गाँधी ने तो देश के टुकड़े करवा दिए जबकि विक्रमादित्य के राज में विशाल अखंड भारत था। स्वामी विवेकानंद जी ने कन्याकुमारी स्थान पर एक शिला पर खड़े होकर एक अखंड भारत की कल्पना की थी जो आज़ादी के बाद की सरकारों और स्वार्थी नेताओं ने साकार नहीं होने दी। ऐसे नेता वर्तमान में भी देश की सरकारों का हिस्सा बने हुए हैं और विदेशी ताकतों से मिल कर देश को कमजोर करने में प्रयासरत हैं। स्वामी विवेकानन्द जी को तो भारत सरकार ने एक तरह से नगण्य ही कर रखा है जबकि आज़ादी का बीज उन्होंने अपने शिकागो अमेरिका के भाषण में ही बो दिया था।

लेख को अनावश्यक लम्बा न करते हुए मेरी यह अनुशंसा है कि देश में किसी भी जगह, भवन, सड़क, हवाई अड्डा, सिचाई व् अन्य कोई भी परियोजना आदि का नाम-करण व्यक्ति के नाम पर न रखा जाय और वो भी दिवंगत के नाम पर। डेमोक्रेसी में व्यक्तिवाद को प्रोत्साहन तानाशाही व्यवस्था को जन्म देता है। देश की जनता की खातिर कठोर शासन प्रशासन के रहते तानाशाही को नकारते हुए प्रजातन्त्र (कर्मठ जन सहयोग) को सुद्रण रखने से ही देश खुशहाली की तरफ बढ़ सकता है।

**–वीर बहादुर सिंह,**
**पूर्व कुलपति एवं खाद्य विज्ञ,**
**महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय,**
**उदयपुर, राज.**

# शूटिंग खिलाड़ी हर्षिता ने की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे से मुलाकात

**■ राजे ने किया हर्षिता का उत्साहवर्धन, बेहतर प्रदर्शन करने के लिए किया प्रेरित**

**भीलवाड़ा** । जयपुर की जगतपुरा शूटिंग रेंज में आयोजित 22वीं राजस्थान स्टेट चैंपियनशिप राइफल, पिस्टल प्रतियोगिता 2024 में भीलवाड़ा की बेटी हर्षिता भार्गव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्वाइंट 22 पिस्टल की 25 मीटर व 50 मीटर स्पर्धा में एक बार फिर ऑल इंडिया चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। 10 मीटर एयर पिस्टल में हर्षिता ने 400 में 376 अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पूर्व में भी हर्षिता नेशनल के लिए क्वालीफाई कर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी है।

हर्षिता के पिता राजेन्द्र भार्गव ने बताया कि राष्ट्रीय पिस्टल शूटिंग विजेता हर्षिता भार्गव ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के जयपुर स्थित 13 नंबर बंगले पर जाकर उनसे भेंट की। राजे ने हर्षिता भार्गव से शूटिंग में उसके प्रदर्शन के बारे में सम्पूर्ण जानकारी ली और भरोसा जताया कि हर्षिता एक दिन इंडियन टीम में शामिल होकर ओलम्पिक खेलने जरूर जाएगी। हर्षिता ने कहा कि वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा से इस खेल को खेलती है और एक दिन देश के लिए गोल्ड मेडल जरूर जीतकर लाएगी।

अब तक यह उपलब्धियां हासिल कर चुकी हैं हर्षिता - भीलवाड़ा की बेटी हर्षिता ने राजस्थान सरकार के युवा मामले व खेल विभाग की ओर से आयोजित प्रथम राज्य खेल प्रतियोगिता 2019-20 में महिला वर्ग में गोल्ड मेडल हासिल किया। इसके अलावा गुजरात अहमदाबाद में जीवी मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप में सिल्वर और ब्रांज मेंडल प्राप्त कर चुकी है। इफल एसोसिएशन के तत्वाधान में 2019 में जगतपुरा रेंज में आयोजित राज्य स्तरीय ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर ने 2022 में गुरुकुल स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित सम्मान समारोह में हर्षिता भार्गव को सम्मानित किया। हर्षिता को 2022 में ही गणतंत्र दिवस पर जिला स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। राजस्थान से खेलने हेतु मध्यप्रदेश का प्रस्ताव ठुकराया - हर्षिता के पिता राजेंद्र भार्गव बताते है कि भोपाल स्थित मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी ने हर्षिता का नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए चयन किया था। यहां पर उसका रहना, खाना, पिस्टल, कारतूस, ड्रेस आदि सभी खर्च मध्यप्रदेश सरकार वहन करती थी।

करीब चार माह से ज्यादा समय तक उसने वहां प्रशिक्षण लिया किंतु मध्यप्रदेश से खेलने की बाध्यता की शर्त सामने आते ही हर्षिता ने राजस्थान से ही खेलने की मंशा जताते निशुल्क अकादमी प्रशिक्षण छोड़ दिया। फिलहाल परिवार ही हर्षिता के प्रशिक्षण का खर्च उठाता है। कोई भामाशाह आगे आकर सहायता की पेशकश करता है तो ही वह उसका सम्मान रखते हुए स्वीकार कर लेती है।

## श्रीराम के आदर्श चरित्र पर लिखी पुस्तक का विमोचन


**भरतपुर** (निस)। राजस्थान जन सांस्कृतिक परिषद के तत्वाधान में श्रीनाथ शिक्षण संस्थान मडरपुर रोड पर काव्य गोष्ठी एवं मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के आदर्श चरित्र पर डॉ. रामदास शर्मा द्वारा लिखी पुस्तक का विमोचन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बृजेश कोशिक एवं मुख्य अतिथि चंद्र प्रकाश गुप्ता नर्सिंग अधीक्षक, कुम्हेर एवं विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र अनुरागी, प्रान्तीय सचिव ने की। कार्यक्रम का संचालन श्याम सिंह जघीना ने किया। सर्वप्रथम श्रीनाथजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया गया। माँ शारदे की वन्दना हरिओम हरि ने की एवं अपनी कविता के माध्यम से "यूँ तो सबके जीवन का अनुबन्ध अलग है किन्तु कंटीले फूलो का मकरन्द अलग है। " राजेन्द्र अनुरागी ने " ओ मंजिल पर जाने वाले फुटपाथो की ओर चला, इनको अब न ज्यादा तुम छलो।" डॉ. सुरेश चतुर्वेदी" आये इस संसार में करा न दुर्जन संग" डॉ. अशोक गुप्ता" देश के वीर जवानो सुन लो बात मेरी, देश हित जीना देश हित मरना तुमको सदा भाता है। लोकेश ने "छोटो सौ मौहल्ला मेरौ, पूरौ बिग बजार हतौ" बृज भाषा की रचना सुनाकर तालियो की गड़गड़ाहट से माहौल को प्रफुल्लित कर दिया। संस्था द्वारा राकेश राजस्थानी एवं डॉ. रामदास शर्मा को श्रीफल, शॉल, साफा, माला पहनाकर एवं "लोक मनीषी" की उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया।

# चांदी की पालकी में श्री साई बाबा की सावारी निकलेगी

**कोटा**, (निसं)। श्री शिरड़ी साई समिति गढ़ पैलेस की ओर से इस बार भी भव्य रूप से श्री साई बाबा की पालकी 21 जुलाई को निकाली जाएगी। इस दौरान बाबा का पंचामृत अभिषेक होगा, मध्यांतर आरती होगी और उसके बाद दोपहर 3 बजे से बाबा की पालकी शुरू होगी।

गुरू पूर्णिमा महोत्सव के तहत चांदी की पालकी में विराजमान होकर श्री साई बाबा को शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकलेंगे, जहां उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समिति और भक्तों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें भव्य शोभायात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। साई भक्त योगेश पंचोली ने बताया की इस बार मध्यप्रदेश के मंसूरी ढ ोल साई के दरबार में अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि 300 कार्यकर्ताओं की सूचीबद्ध टीम व्यवस्था संभालेगी व प्रसाद वितरण करेगी साथ ही सभी भक्तजनों को बाबा के दर्शन करने में सहायता करेगी। चंद्रप्रकाश जेठी, हीरालाल रोहिडा ने बताया पालकी का जगह-जगह भव्य स्वागत किया जाएगा। कई संस्थाओं और समाज द्वारा स्वागत द्वार लगाए जाएंगे, पुष्प वर्षा होगी, खाने के आइटम का प्रसाद वितरण होगा। कार्यक्रम को भव्य रूप देते हुए सफल बनाए जाने के लिए श्री साई बाबा पालकी आयोजन समिति का गठन किया गया। भुवनेश गहलोत, हेमराज सोलंकी ने बताया कि बाबा के दरबार में 250 किलो खिचड़ी प्रसाद वितरण होगा। साई पालकी में जीवंत झाकियां व साई बाबा की पैदल झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। 300 से 350 कार्यकर्ता साई पालकी में अपनी ड्यूटी के साथ पालकी लेकर भ्रमण को चलेंगे।

## राशिफल मंगलवार 16 जुलाई, 2024



**पंडित अनिल शर्मा**

आषाढ़ मास, शुकल पक्ष, दशमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, विशाखा नक्षत्र रात्रि 2:19 तक, साध्य योग प्रात: 7:18 तक, तैतिल करण प्रात: 7:57 तक, चन्द्रमा आज सायं 7:52 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-तुला, मंगल-वृष, बुध-कर्क, गुरू-वृष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज कुमार योग और रवियोग रात्रि 2:14 तक है। आज आशा दशमी व्रत है और गुप्त नवरात्रा व्रत पारण और नवरात्रोत्थापन, मन्वादि गिरिजा दशमी पूजा है और कत्ल की रात (मु.) है। आज श्रावण संक्रांति है। सूर्य कर्क राशि में दिन 11:19 पर होगा। आज पुण्य काल सायं 5:43 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:10 से 10:51 तक, लाभ-अमृत 10:51 से 2:14 तक, शुभ 3:55 से 5:37 तक।


**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 5:47, सूर्यास्त 7:18


### मेष

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### वृष

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### मिथुन

व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। धन हानि का भय है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को बाहर जाना पड़ सकता है।


### कर्क

घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।


### सिंह

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नवीन कारोबारी अनुबंध प्राप्त होंगे।

### कन्या

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। शुभ मांगलिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।

### तुला

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।


### वृश्चिक

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।


### धनु

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

### मकर

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मीन

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

# विधानसभा में आज कई बार विपक्ष ने हंगामा किया

- बजट पर चर्चा के दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की गोविंद सिंह डोटासरा पर की गई टिप्पणी को लेकर जोरदार हंगामा हुआ
- प्रश्नकाल में शांति धारीवाल के प्रदेश में पन्नाधाय जीवन अमृत योजना के बारे में किए सवाल का सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने जवाब दिया तो धारीवाल उत्तर से संतुष्ट नहीं हुए और कांग्रेस सदस्यों ने नारेबाजी की
- शून्यकाल में बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बजट की योजनाओं का मुद्दा उठाया और प्रदेश की भजनलाल सरकार पर कांग्रेस के विधायकों की अनदेखी करने का आरोप लगाकर हंगामा मचाया

**जयपुर** (वि.सं.)। विधानसभा में सोमवार को विपक्ष के सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर जोरदार हंगामा किया।

सदन में सोमवार को प्रश्नकाल, शून्यकाल और उसके बाद भी विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया। शून्यकाल के बाद जब बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सदस्य गोविंद सिंह डोटासरा बोल रहे थे तब शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की डोटासरा पर की गई टिप्पणी को लेकर जोरदार हंगामा हुआ। डोटासरा जब बोल रहे थे तो आखिर में टोकते हुए दिलावर ने कहा कि डोटासराजी आप तो जेल जाने की तैयारी करो। इस पर विपक्ष के सदस्यों के ऐतराज जताते हुए बोलने से सदन में शोरगुल और हंगामा हुआ। इस पर जूली ने कहा कि मंत्री कानून से ऊपर हैं क्या, मंत्री के पास कहां जेल भेजने के अधिकार हो गए। हंगामा बढ़ते देख अध्यक्ष ने शांत होने के लिए कहा लेकिन विपक्ष शांत नहीं हुआ। इस दौरान संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल भी बोले। बाद में देवनानी ने कहा कि जो भी असंसदीय शब्द हैं, उन्हें हटा दिया जाएगा। इसके बाद मामला शांत हो गया।

इससे पहले प्रश्नकाल के समाप्त होने से कुछ समय पहले जब पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस सदस्य शांति धारीवाल के प्रदेश में पन्नाधाय जीवन अमृत योजना के बारे में किए सवाल एवं पूरक प्रश्न का सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने जवाब दिया लेकिन धारीवाल उत्तर से संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने कहा कि मंत्री यह बताये कि योजना में गत वर्ष कितनी राशि खर्च हुई हैं, जिसका जवाब नहीं मिला हैं। इस पर विपक्ष के अन्य सदस्य भी खड़े हो गए और जवाब दो, जवाब दो नारेबाजी शुरु कर दी। जिससे सदन में हंगामा हुआ। दो मिनट बाद प्रश्नकाल समाप्त होने पर हंगामा शांत हो गया।

इसके बाद शून्यकाल में स्थगन प्रस्ताव के तहत बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बजट की योजनाओं का मुद्दा उठाया और प्रदेश की भजनलाल सरकार पर कांग्रेस के विधायकों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बाकायदा एक पत्र जारी कर जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव मांगे गए, जनता ने जिन्हें नकार दिया और जो चुनाव हार गए उनके प्रस्ताव शामिल कर नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियम के अनुसार सड़क कार्यों का बजट बनाने से पहले राज्य सरकार हर क्षेत्र के स्थानीय प्रतिनिधि से सुझाव मांगती है और फिर जरूरत के अनुसार उन्हें बजट में शामिल करती है लेकिन भजनलाल सरकार ने कांग्रेस विधायकों से कोई सुझाव नहीं मांगे। उनकी बजाय उसी क्षेत्र के हारे हुए भाजपा प्रत्याशियों से सुझाव लेकर बजट की योजनाएं बनाई गईं। ऐसी पहली बार हुआ है और यह नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि बजट भी 10 करोड रुपए से घटाकर पांच करोड रुपए कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जो चुनाव हार गए हैं उनसे विकास कार्यों की राय ली जा रही है ऐसे में चुने हुए जनप्रतिनिधि कहां जाएंगे।

जूली बोले विधानसभा का सबसे बड़ा सदस्य विधायक होता है जिसे स्थानीय जनता चुनती है। लेकिन पहली बार विधायक की सलाह न लेकर एक हारे हुए प्रत्याशी की सलाह से सड़क निर्माण की बजट योजनाएं बनाई गई हैं। यह सरकार क्या एक हारे हुए नेता को जनप्रतिनिधि मानती है। उन्होंने कहा कि इस सरकार को पाबंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा वह इस मामले में अध्यक्ष का संरक्षण चाहते हैं कि वे इस पर जवाब मांगे और इन योजनाओं को पास करने से पहले मतदान कराएं। इस दौरान जूली ने सरकार से पूछा कि सरकार बजट योजनाओं पर मतदान कराने से क्यों डर रही है। अध्यक्षजी आप मतदान क्यों नहीं करवा रहे हैं।

सोमवार को भी भादरा चुनाव और शिक्षा मंत्री दिलावर के डीएनए के बयान की गूंज सदन में गूंजती रही। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और विपक्ष ने भादरा चुनाव को लेकर दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी सरकार के अस्पष्ट रुख के प्रति जमकर नारेबाजी की। विपक्ष ने इस पूरे मामले में संलिप्त अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की।उन्होंने कहा कि यह संविधान खत्म करने की साजिश है, इस दौरान सदन में न्याय दो-न्याय दो के नारे गूंजते रहे, इधर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आदिवासियों के खिलाफ दिए गए बयान के बाद अभी तक माफी नहीं मांगे जाने से भी बिफरा विपक्ष सदन में हंगामा करता दिखाई दिया।

## 'प्रस्ताव पर बस्सी में नई ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गठन होंगे'

**जयपुर**, (वि.सं.)। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार ने सोमवार को विधानसभा में आश्वस्त किया कि बस्सी विधानसभा क्षेत्र में जिला स्तरीय कमेटी की अनुशंसा सहित प्रस्ताव प्राप्त होने पर नियमानुसार नई ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गठन की कार्यवाही की जाएगी।

कुमार प्रश्नकाल में विधायक लक्ष्मण के प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बस्सी में गोदाम निर्माण से शेष रही 22 ग्राम सेवा सहकारी समितियों में भी प्रस्ताव मंगवाकर गोदाम निर्माण करवाने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र बस्सी में ग्राम सेवा सहकारी समिति से वंचित सात ग्राम पंचायत मुख्यालयों में नई ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गठन के लिए जिला कलक्टर से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

# विधायकों को वीडियो अंश अब अगले दिन मिल सकेंगे

- विधानसभा अध्यक्ष वसुदेव देवनानी की पहल पर यह व्यवस्था पहली बार लागू हुई है
- वीडियो अंश ऑनलाइन भी उपलब्ध होंगे

**जयपुर**। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सत्र के दौरान सदन में विधायकों के उद्बोधनों के वीडियो अंश अब अगले दिन ऑनलाइन उपलब्ध कराये जायेंगे। राजस्थान विधानसभा के इतिहास में वीडियो अंश पहली बार ऑनलाइन उपलब्ध कराये जायेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर यह व्यवस्था राजस्थान विधानसभा में पहली बार लागू हुई है। अध्यक्ष देवनानी ने सोलहवीं विधानसभा के दूसरे सत्र में इस नवाचार की जानकारी देते हुए सदन को अवगत कराया कि इस पहल से विधायकों के साथ ही उनके क्षेत्र के लोग व प्रदेशवासी क्षेत्रीय विधायक की सदन में सक्रियता से परिचित हो सकेंगे।

देवनानी ने बताया कि विधानसभा सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही की ऑनलाइन व्यवस्था है। सदन में विधायकों के उदबोधन के दौरान वीडियो अंश दिये जाने की व्यवस्था भी है। अभी तक विधायकों को उनके उदबोधनों के वीडियो अंश सत्र समाप्ति के पश्चात उपलब्ध कराये जाते थे। अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि वर्तमान में बदलते परिवेश में डिजिटल मीडिया के महत्व को देखते हुए सदन में संबंधित विधायकों के उदबोधन के अंश अब एक दिन पश्चात उपलब्ध करवाये जायेंगे ताकि जन-जन को विधायकों की सदन में सक्रियता की जानकारी मिल सकें। देवनानी ने यह निर्णय वर्तमान की आवश्यकता को देखते हुए लिया है। विधानसभा में अध्यक्ष देवनानी की सोच और उनकी पहल से यह सम्भव हुआ है। देवनानी ने बताया कि विधायकों को उनके द्वारा सदन में दिये जाने वाले उदबोधनों के वीडियों अंश जो वर्तमान में सत्र की समाप्ति पर पैन ड्राइव के माध्यम से उपलब्ध कराये जाते थे, अब उन्हें राजस्थान विधानसभा की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवश्यक नियमानुकुल एडिटिंग करके एक दिवस पश्चात उपलब्ध करवाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि वीडियो अंश उपलब्ध कराये जाने वाली यह नवीन व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

## 'फर्जी पदाधिकारी बन गैरकानूनी काम करने वालों पर कार्रवाही होगी'

**जयपुर**, (वि.सं.)। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि कूटरचित दस्तावेजों से संस्थाओं के फर्जी पदाधिकारी बनकर बंद पड़ी संस्थाओं की भूमि पर कब्जा करने जैसे गैरकानूनी कार्य करने वाले दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

कुमार शून्यकाल में विधायक जेठानंद व्यास द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से इस सम्बन्ध में उठाये गए मामले पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरण संज्ञान में लाये जाने पर कमेटी बनाकर अथवा जांच एजेंसी के माध्यम से जांच करवाकर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य में 2 लाख 70 हजार 257 संस्थाएं पंजीकृत हैं। राजस्थान सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1958 के तहत संस्थाओं का पंजीकरण किया जाता है। अधिनियम की धारा-4 के अंतर्गत पंजीकृत संस्थाओं को प्रतिवर्ष रजिस्ट्रार, संस्थाएं कार्यालय में वार्षिक सूची दाखिल करनी होती है। संस्था द्वारा उपलब्ध कराई गई पदाधिकारियों की सूची में से ही किसी के आवेदन करने पर मूल दस्तावेजों की प्रति उपलब्ध कराई जाती है।

## बजट में शिव विधानसभा का नाम तक नहीं : भाटी

**जयपुर**, (वि.सं.)। शिव विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय विधायक रविन्द सिंह भाटी ने कहा कि पूरे बजट में शिव विधानसभा क्षेत्र को कुछ नहीं मिला है। बजट में एक जगह भी शिव क्षेत्र का नाम तक नहीं है। क्षेत्र की जनता ने मुझसे पूछा कि बजट में कुछ नहीं दिया गया। मैंने कहा कि शायद मैंने लोकसभा चुनाव लड़ा, इसलिए कुछ नहीं मिला। सरकार ने शिव क्षेत्र के लोगों के अधिकार और मूलभूत सुविधाओं पर यह कुठाराघात है।

## 'ई-मित्र के कारण वृद्धजन की पेंशन रुकने पर कार्रवाई होगी'

**जयपुर**, (वि.सं.)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने सोमवार को विधानसभा में ई-मित्र संचालकों द्वारा गलत सत्यापन होने के कारण वृद्धजन पेंशनरों का पेंशन से वंचित रह जाना गंभीर मामला बताते हुए आश्वस्त किया कि ऐसे ई-मित्र संचालकों के विरुद्ध जांच कर समुचित कार्रवाई की जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर उनका लाइसेंस भी निरस्त किया जाएगा।

गहलोत ने प्रश्नकाल में विधायक जसवंत सिंह यादव के प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वृद्धजन पेंशनर्स को सही समय पर पेंशन का लाभ देने के लिए विभाग द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। मोबाइल पर बायोमैट्रिक सत्यापन नहीं हो पाने की स्थिति में संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी के मोबाइल पर ओटीपी उपलब्ध करवाकर पेंशनर का वार्षिक भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र के लिए उपखण्ड अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए खण्ड विकास अधिकारी स्वीकृतिकर्ता अधिकारी है।

उन्होंने कहा कि पेंशन से वंचित बुजुर्गों के पेंशन संबंधी आक्षेपों की पूर्ति के लिए ग्रामसेवक को प्रत्येक वृद्धजन तक पहुंचने के लिए बीडीओ के माध्यम से निर्देशित किया जाएगा ताकि कोई भी वृद्धजन पेंशन से वंचित नहीं रहे। इसके अतिरिक्त शारीरिक रूप से अक्षम वृद्धजनों के निवास पर ई-मित्र संचालक को भेजकर भी पेंशन का सत्यापन कराया जा सकता है।

## 'वर्तमान में होमगार्डों को दिया जा रहा है विराम भत्ता'

**जयपुर**, (वि.सं.)। गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में होमगार्ड स्वयं सेवकों को विराम भत्ता दिया जा रहा है।

खराड़ी प्रश्नकाल में पूरक विधायक अमृतलाल मीणा के प्रश्न पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि गत सरकार द्वारा छह मई 2022 को विराम भत्ता दिया जाना स्थगित कर दिया गया था लेकिन अब गत 27 फरवरी से यह भत्ता नियमानुसार फिर देना शुरु कर दिया गया है।

# अपशिष्ट का उचित निस्तारण नहीं करने पर औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी : संजय शर्मा

**जयपुर**, (वि.सं.)। पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने सोमवार को राज्य विधानसभा में कहा कि किसी भी औद्योगिक इकाई द्वारा अपशिष्ट निस्तारण के संबंध में नियमों के विरुद्ध कार्य करने पर उसके खिलाफ कठोर कार्वाई की जाएगी।

शर्मा प्रश्नकाल में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी के प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने राजसमन्द में मार्बल स्लरी की अवैध डंपिंग का सर्वे कराकर दोषी के विरुद्ध कार्वाई करने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि राजसमंद जिले में संचालित औद्योगिक इकाइयों द्वारा अपशिष्ट का उचित निस्तारण न किया जाना बेहद चिंता का विषय है।

उन्होंने सदन में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी उद्योग को यह छूट नहीं है कि वे औद्योगिक अपशिष्ट के माध्यम से उस क्षेत्र विशेष के जल संसाधन और पर्यावरण को दूषित करें और वहां के निवासियों तथा किसानों को तकलीफ पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि राजसमन्द में मार्बल स्लरी का निस्तारण कहीं अन्यत्र न करके निर्धारित डंपिंग यार्ड में ही किया जाना सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा।

उन्होंने हिंदुस्तान जिंक औद्योगिक इकाई द्वारा औद्योगिक अपशिष्ट का उचित निस्तारण नहीं किये जाने के सन्दर्भ में सचेत करते हुए कहा कि जिले में संचालित किसी भी औद्योगिक इकाई द्वारा विभाग के नियमों की पलना नहीं किये जाने जाने पर राज्य सरकार इनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने में पीछे नहीं हटेगी।



# अजमेर साइबर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## शेयर मार्केटिंग में निवेश का मोटा मुनाफ देकर करोड़ों की ठगी करने के 2 आरोपी गिरफ्तार

**अजमेर, (कासं)।** शहर में बढ़ते साइबर अपराधों पर रोक लगाने को लेकर एसपी देवेंद्र विश्नोई के दिशा निर्देशों पर अजमेर साइबर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए शेयर मार्केटिंग में बड़ा मुनाफे का झांसा देकर 1 करोड़ 24 लाख की ठगी के मामले में गिरोह के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों से 19 लाख 46 हजार 800 रुपए नगदी, 14 मोबाइल, 8 सिम, 4 एटीएम डेबिट कार्ड, ठगों से जुड़े 28 अन्य आरोपियों को नामजद करते हुए चिह्नित किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए मीडिया को बताया कि पुलिस थाना साइबर अपराध के प्रकरण संख्या 11/2024 धारा 316(2), 318(4), 112 व 61 भारतीय न्याय सहिता (बी.एन.एस.) 2023 पुलिस थाना साईबर अपराध जिला अजमेर में परिवादी के साथ शेयर मार्केटिग में बड़ा मुनाफे का झांसा देकर 1 करोड़ 24 लाख की ठगी करने वाले गिरोह के 2 आरोपी गिरफ्तार किया है।



जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने एक करोड़ रुपये की ठगी के मामले का खुलासा किया।

**सोशल मीडिया के माध्यम से लिया झांसे में :-** एसपी विश्नोई ने बताया कि 6 जुलाई को परिवाद के साथ अज्ञात आरोपी द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से सम्पर्क कर शेयर मार्केट में बडा मुनाफा देने का झांसा देकर मोतिलाल ओसवाल पीएमएस का फर्जी एप्प डाउनलोड करवाकर उक्त एप्प के माध्यम से टुकड़ो में करीबन 1 करोड 24 लाख रुपए ठगी की वारदात अंजाम दी। एसपी ने बताया कि आरोपी फर्जी तरीके से प्राप्त बैंक खातों में रकम डलावकर क्रिप्टोकेरेंसी/ यूएसडीटी में बदल कर उक्त क्रिप्टोकेरेंसी/ यूएसडीटी को भारतीय मुद्रा में बदलकर फर्जी तरीके प्राप्त अन्य बैंक खातो में डलवाकर नकद निकाल लेते हैं।

**यूं चढ़े हत्थे :-** एसपी विश्नोई ने बताया कि प्रकरण में अनुसंधान के लिए उ.नि. मनीष चारण के नेतृत्व में टीम का गठन किया। जांच टीम ने संबंधित बैकों के नोडल अधिकारी एवं बैंक प्रबंधकों से सहयोग प्राप्त कर आरोपियों को चिह्नित कर दो आरोपी हरिश शर्मा पुत्र सजंय शर्मा निवासी वार्ड नम्बर 20 मारूका बास कुचेरा पुलिस थाना कुचेरा जिला नागौर व रघुनाथ पुत्र रामदेव चौधरी निवासी ठााम मांझी तहसील डेगाना पुलिस थाना डेगाना जिला नागौर को गिरफ्तार कर लिया।

**नकदी सहित मोबाइल व डेबिट कार्ड, सिम जब्त :-** एसपी विश्नोई ने बताया कि आरोपी हरिश शर्मा के कब्जे से 16 लाख 56 हजार 800 रुपए तथा दो मोबाइल फोन तथा आरोपी रघुनाथ के कब्जे से 11 स्मार्ट फोन व 1 कीपेड फोन, 4 बैक पीएनबी बैंक की अन्य व्यक्तियों की पासबुक, अन्य व्यक्तियो के 4 एटीएम डेबिट कार्ड, 8 मोबाइल सीम कार्ड व 2 लाख 90 हजार की नकद जप्त की है। प्रकरण में अब तक 28 अन्य आरोपीयों को नामजद किया है, जिनकी तलाश जारी हैं। प्रकरण में दोनों आरोपियों से 19 लाख 46 हजार 800 रुपए तथा 8 लाख 75 हजार 500 रुपए बैक खातों में फ्रीज करवाए हैं। गिरोह शामिल अन्य शेष नामजद आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी।

- आरोपियों के कब्जे से 19 लाख की नकदी, 14 मोबाइल सहित अन्य सामान जब्त
- 28 अन्य आरोपियों को किया नामजद

# ज्ञापन देने गये लोगों को अधिकारी नहीं मिलने पर प्रदर्शन किया

## सभापति पर नियमों के विपरित परिषद चलाने का आरोप



भीलवाड़ा नगर परिषद के सभापति राकेश पाठक के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्री पर उग्र प्रदर्शन किया।

**भीलवाड़ा।** नगर परिषद के सभापति राकेश पाठक के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्री पर उग्र प्रदर्शन किया।

नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक के नेतृत्व में नगर परिषद से कांग्रेसी पार्षद और कार्यकर्ता जिला कलेक्टर को विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपने के लिए कलेक्ट्री पहुंचे, जहां अधिकारी नही मिलने पर कांग्रेसियों ने हंगामा खड़ा कर दिया और कलेक्ट्री के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गए। अधिकारियों की अनुपस्थिति में ज्ञापन एसडीएम सिटी ऑफिस के बाहर चस्पा कर दिया गया। ज्ञापन में कांठोसियों का कहना था की परिषद के बोर्ड गठन के बाद अब तक मात्र चार बार बोर्ड बैठकों का आयोजन किया गया, क्योंकि सभापति और अधिकारियों द्वारा नियमों के विपरित परिषद को चलाया जा रहा है और जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। ज्ञापन में सभी पार्षदों के अधिकारों का उलाघन्न करने का आरोप लगाया गया है। कांठोस नेताओं ने परिषद सभापति राकेश पाठक को राजस्थान सरकार नगर पालिका कार्य संचालन अधिनियम 2009 के नियमों का दुरुपयोग करने के कारण बर्खास्त करने की मांग की है।

# रेलवे ने पटरियों पर रील नहीं बनाने के प्रति किया आगाह

## रेलवे प्लेटफॉर्म के किनारों पर सेल्फी लेना हो सकता है जानलेवा

**जोधपुर, (निसं.)।** रेलवे ने रेल लाइनों और प्लेटफॉर्म किनारों पर सेल्फी लेने और सोशियल मीडिया के लिए रील बनाने वाले यात्रियों और आम लोगों को ऐसा नही करने के प्रति आगाह किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि मोबाइल फोन के प्रचलन के साथ ही लोगों में रेलवे क्षेत्र में सेल्फी लेने और स्टंट करने का क्रेज निरंतर बढ़ता जा रहा है जो जोखिम भरा और जानलेवा हो सकता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में मारवाड़ जंक्शन के पास गोरम घाट पर घटित घटना से सबक लेने की आवश्यकता है जिसमें एक दंपत्ति पुल से गिरने से बुरी तरह से जख्मी हो गए थे।

उन्होंने बताया कि रेल प्रशासन द्वारा इस संबंध में सदैव एडवायजरी जारी की जाती है कि सार्वजनिक स्थल होने के कारण रेलवे प्लेटफॉर्म पर स्टंट और पटरियों के आसपास पतंगबाजी प्रतिबंधित है और अब जब सभी जगह इलेक्ट्रिफिकेशन का काम हो चुका है ऐसे में बरसात और त्योंहार के मौके पर पतंबाजी में प्रयुक्त मांझा इलेक्ट्रिक तारों से करंट प्रवाह कर जानलेवा हो सकता है। इसके साथ ही रेलवे पटरियों व प्लेटफॉर्म के किनारों पर मोबाइल इयरफोन का इस्तेमाल करना भी घातक है।

- पटरियों व इलेक्ट्रीफाइड ट्रैक के आसपास पतंगबाजी से बचने की भी सलाह

डीआरएम ने कहा कि इसके अतिरिक्त यात्रियों द्वारा चलती ट्रेन में गेट के पायदान पर सेल्फी लेना अथवा रील बनाने की प्रवर्ति भी जानलेवा है। उन्होंने यात्रियों व आमजन को आगाह करते हुए यात्रा के दौरान प्लेटफॉर्म के किनारों,रेल पटरियों और पुलों पर चढ़कर मोबाइल फोन के इस तरह से इस्तेमाल से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जोधपुर मंडल के सभी रेल खंडों पर इलेक्ट्रिफिकेशन का कार्य होने से लोगों को लेवल क्रॉसिंग से गुजरते समय इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि करंट युक्त तारों के नीचे से वह ज्यादा ऊंचाई वाले वाहनों का उपयोग नहीं करें अन्यथा करंट की चपेट में आने से दुर्घटना घटित हो सकती है।

**रेलवे अधिनियम में है जुर्माने का प्रावधान :-** रेलवे अधिनियम की 189 की धारा 153 के तहत रेल यात्रियों और खुद की सुरक्षा को खतरे में डालने के कृत्य पर 1 से 5 हजार रुपए के जुर्माने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त यह अधिनियम यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों की सुरक्षा और संरक्षा के लिए भी प्रावधान करता है।

**मालगाड़ी से रेस के स्टंट पर आरपीएफ ने की थी कार्यवाही :-** उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष अप्रेल में जोधपुर कैंट रेलवे स्टेशन पर मालगाडी से रेस करने का तीन युवकों का प्लेटफॉर्म पर स्टंट करने का वीडियो वायरल होते ही आरपीएफ ने इनके विरुद्ध कार्यवाही की थी। यात्रियों ने इसका वीडियो बनाकर आरपीएफ को सूचित किया था।

# पति-पत्नी ने ज्वैलर्स से की लाखों की धोखाधड़ी

**अजमेर, (कासं)।** कोतवाली थाने क्षेत्र के एक ज्वैलर्स के साथ पति-पत्नी द्वारा लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने का मामले सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि दंपत्ति ने मिलकर 30 लाख 90 हजार रुपए का 421.940 ग्राम सोना खरीदकर धोखाधड़ी की है। पीड़ित ने सोना खरीदने के बाद जो रकम का चेक दिया गया वह बाउंस हो गया, रकम का तकाजा करने पर धमकियां दी जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वैशालीनगर निवासी सुनार अभिनय गोलेच्छ ने कोतवाली थाने में एक दंपत्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित ने बताया कि नया बाजार में उसकी ज्वैलर्स की दुकान है, मार्च माह में निशाद खान और उनकी पत्नी नजमा खान सोना खरीदने आए थे। उन्होंने 421.940 ठााम सोना खरीदा, जिसकी कीमत 30 लाख 90 हजार रुपये थी। सोना खरीदने के बाद दोनों ने एक चेक भी दिया था और कहा कि चेक को दी गई तारीख के बाद बैंक में जमा करा देना। पीडित् गोलेच्छ ने बताया कि दंपत्ति की बातों पर विश्वास करते हुए कुछ दिनों बाद बैंक में चेक लगाया, तो चेक बाउंस हो गया। इसके बाद उन्होंने निशाद और नजमा से संपर्क किया तो दोनों ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए रकम लौटोन से मना कर दिया।

# 13 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

## सरसों तेल खरीद के रुपये मांगने पर बहाना बनाते रहे

**भरतपुर (निस)।** थाना उद्योगनगर पुलिस ने 13 लाख 53 हजार 970 रूपये की धोखाधडी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

2 अप्रैल को संजय पुत्र गोपालचन्द सिंघल जित वैश्य निवासी बीनारायण गेट भरतपुर हाल मालिक फर्म गोवर्धन आयल मिल पुराना औद्योगिक क्षेत्र उद्योगनगर ने विमलशाह पुत्र वीरेन्द्रशाह, संजय शाह, विमल शाह व आलोकशाह प्रोपराइटर मां संतोषी भण्डार बक्सर (बिहार) वैगराह के विरुद्ध उसके द्वारा व्यापारिक सम्बन्ध होने के नाते 2 जून 2016 को प्रोपराइटर मॉ संतोषी भण्डार बक्सर ने 13 लाख 53 हजार 970 रूपये का तेल खरीदा। जिसे ट्रॉसपोर्ट कम्पनी भरतपुर द्वारा भिजवाया गया। सरसों का तेल प्राप्त होने पर भी उनके द्वारा वीरेन्द्रशाह, संजय शाह, विमल शाह व आलोकशाह से तेल खरीद के रूपये मांगने पर मोबाईल फोन पर सम्पर्क करने पर दिलासा देते रहे।

- बिहार में बोगस फर्म निकली

काफी समय व्यतीत होने पर उनके द्वारा बक्सर (बिहार) जाकर लोगों से प्रोपराइटर मॉ संतोषी भण्डार बक्सर (बिहार) की जानकारी की तो इस नाम की कोई फर्म नही होना बताया और लोगों से पूछताछ में बताया कि वीरेन्द्रशाह, संजय शाह, विमल शाह व आलोकशाह यहां से पता नही कहा चले गये है। हमारी जानकारी में नही है। इस सम्बन्ध में थाना उद्योगनगर पर मामला दर्ज कराया गया था। एएसआई रामगापोल मय जाप्ता द्वारा दौराने अनुसंधान उक्त मामले के नामजद आरोपी विमलशाह पुत्र वीरेन्द्रशाह उम्र 28 साल जाति वैश्य निवासी खरहाटार बक्सर थाना सिमरी जिला बक्सर हाल आशीर्वाद कुंज शरारी गुप्ती आरा रोड दानापुर थाना शाहपुर जिला पटना बिहार को गिरफ्तार किया गया है।

# विवाहिता के फोटो, वीडियो किए वायरल

**भीलवाड़ा।** रायपुर थाना क्षेत्र के कोशीथल गांव में एक विवाहिता द्वारा मोबाइल रिपेयर करवाने के बाद में मोबाइल शॉप मालिक व मिस्त्री के द्वारा उसके निजी फोटो और वीडियो मोबाइल से लेकर वायरल कर लज्जा भंग और ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है।

पीड़िता की रिपोर्ट के बाद में रायपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। रायपुर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता के पति ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसकी पत्नी का पांच माह पूर्व आईफोन कंपनी का मोबाइल खराब हो गया था। जिसको उसकी पत्नी ने कोशीथल में हेमेंद्र सिंह सोलंकी की पवनपुत्र मोबाइल शॉप के नाम से दुकान है जिस पर रिपेयरिंग के लिए रखवाया। वहां पर मोबाइल रिपेयर करने वाले मिस्त्री हसन पिता जाकिर छिपा निवासी कोशीथल ने उसके फोन के पासवर्ड लिए और निजी फोटो और वीडियो अपने कंप्यूटर में लेकर गांव के अन्य लोगों को दिखाएं और उसकी पत्नी को बार-बार मैसेज कर पांच लाख रुपए की मांग की, नहीं देने पर आरोपियों ने उसकी पत्नी के निजी फोटो और वीडियो वायरल कर दिए।

इसके बाद में पीड़िता के पति ने रायपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा दी है। पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया।

# न्यायालय में अपने साथी का होठ काटने वाला अधिवक्ता निलंबित

## सात दिवस की निलंबित अवधि में पक्ष प्रस्तुत करने के लिए एक अवसर दिया

**चूरू, (कासं)।** न्यायालय में अपने साथी का होठ काटने वाले अधिवक्ता को निलंबित किया गया है। जिला न्यायालय परिसर में दो अधिवक्ताओं के मध्य हुए विवाद में एक अधिवक्ता के होठ काटने की घटना पर संज्ञान लेते हुए जिला अभिभाषक संघ ने सोमवार को एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में जिला अभिभाषक संघ चूरू के अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, बीरबल सिंह लाम्बा, आनन्द बालान, बजरंगलाल शर्मा, गफ्फार अहमद खान, हकीम अहमद खान, सुरेंद्र सिंह शेखावत, विजेंद्र सिंह रामपुरा, गोपाल शर्मा, नरेंद्र सिहाग, ललित गोतम, रामेश्वर प्रजापति, गजेन्द्र खत्री, सलीम खान, प्रताप सिंह बिदावत, सांवरमल स्वामी, राकेश बहादुर खान, उम्मेद सिंह, धन्ने सिंह, अभिषेक पूनिया आदि ने अपने विचार व्यक्त कर अपने सुझाव दिये।

बैठक में इस सम्पूर्ण घटनाक्रम को दुर्भाग्यपूर्ण माना। जिला अभिभाषक संघ चूरू की ओर से दोनों पक्षों को यहां उपस्थित होने के लिए तथा अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस दिया। नोटिस के बाद एक पक्ष के सुशील शर्मा उपस्थित हुए तथा दूसरे पक्ष महिमन जोशी अनुपस्थित रहे। सुशील शर्मा ने पूरा घटनाक्रम बताया जिसकी पुष्टि मौके पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने की। घटना के लिए महिमन जोशी को प्रथम दृष्टि दोषी माना गया।

इस दौरान महिमन जोशी द्वारा लिखा एक प्रार्थना पत्र राकेश बहादुर एडवोकेट के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसमें घटना के संबंध में उचित निर्णय का अनुरोध किया गया, किंतु महिमन जोशी के अनुपस्थित रहने की स्थिति में उस पर विचार किया जाना संभव नहीं हुआ व घटना की भर्त्सना करते हुए घटना के लिए जिम्मेदार अधिवक्ता महिमन जोशी की कड़ी निंदा की गई। साथ ही बार द्वारा सर्व सम्मति से महिमन जोशी को जिला अभिभाषक संघ चूरू की प्राथमिक सदस्यता से 7 दिवस के लिए निलंबित किया गया। उक्त सात दिवस की अवधि में महिमन जोशी को अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए एक अवसर दिया गया। सात दिवस में अपना पक्ष नहीं रखने की स्थिति में महिमन जोशी के सम्बन्ध में बार काउंसिल ऑफ राजस्थान को उनकी सदस्यता रद्द करने के लिए पत्र लिखा जाएगा तथा जिला अभिभाषक संघ चूरू के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर उक्त प्रकरण पर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की जायेगी। इस घटना के संबंध में जिले की सभी तहसील बार संघो ने भी महिमन जोशी के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया है। इस अवसर पर सुमेर सिंह, संजीव वर्मा, हनुमान प्रसाद स्वामी, रमेश राहड, महेंद्र न्यौल, नरेंद्र सिंह राठौड़, अभिषेक टावरी, जगदीश कस्वां, सिकन्दर खान, एडवोकेट सद्दाम हुसैन, योगेश शर्मा, पवन शेखावत, वैदही शर्मा, शिवसिंह, नरेंद्र पूनियां, ओमप्रकाश वर्मा, विकास तंवर, विकास सैनी, बाबूलाल सैनी, आमीर खान, सुरेंद्र बागडी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित थे।

# सी.आई.एस.एफ. जवान ने की आत्महत्या

## छुट्टी पर आया था घर, तीन महीने पहले हुई थी शादी

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** सी.आई.एस.एफ. जवान ने घर में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। तीन दिन पहले ही वह छुट्टियां लेकर घर आया था। तीन महीने पहले जवान की शादी हुई थी। पत्नी 5 दिन ही ससुराल में रही थी। उसके बाद से जवान के ससुराल वाले पत्नी को नहीं भेज रहे थे। मामला टोंक के सोप में गांव कल्याणपुरा का रविवार रात 2 बजे का है।

जवान की वर्तमान में छत्तीसगढ के बिलाई में पोस्टिंग थी। थाना प्रभारी राजेश तिवाडी ने बताया कि सुसाइड करने वाला सीआईएसएफ जवान सुरेश मीणा (32) पुत्र रामप्रसाद मीणा है। रविवार रात 11 बजे उसने बड़े भाई राकेश कुमार को कॉल किया था। राकेश खाटूश्यामजी गया था। सुरेश ने पूछा था कि भैया घर कितने बजे लौटोगे। राकेश ने कहा था, आ रहा हू एक दो बजे आ जाऊंगा। राकेश रात करीब दो बजे घर आया और सुरेश कमरे में गया तो वह पंखे से रस्सी के सहारे लटका मिला।



मृतक सी.आई.एस.एफ. जवान।

सोप थाना प्रभारी तिवाडी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जवान को नीचे उतारकर अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बड़े भाई राकेश कुमार ने बताया कि सुरेश की शादी अप्रैल में हुई थी। तब उसकी पत्नी चार-पांच दिन रही थी। उसके बाद वह पीहर गई तो नहीं लौटी। सुरेश के ससुराल वाले पता नहीं किस बात से नाराज थे कि उन्होंने फिर पत्नी को ससुराल नहीं भेजा। शादी में लडकी पक्ष की ओर से दहेज में दी गई स्विफ्ट डिजाइर कार को भी करीब 15 दिन पहले ले गए थे। इसकी जानकारी हमने सुरेश को भी दे दी थी। सुरेश ने कहा था कि कोई बात नहीं है। मैं कुछ दिन बाद घर आऊंगा। वहीं बैठकर इस पूरे मामले पर बात करेंगे। उन्होंने बताया कि सुरेश तीन भाइयों में सबसे छोटा था। तीन माह पहले ही शादी हुई थी। परिजनों के अनुसार वह आया जब किसी तरह के तनाव में नहीं था। अचानक उसने खुदकुशी करली। किस वजह से की, समझ नहीं आ रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# अवैध हथियार सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**करौली (नि.स.)।** करौली सदर थाना पुलिस ने दुकान पर बैठे युवक पर फायरिंग करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से एक देशी कट्टा, एक खाली कारतूस और एक मोटरसाईकिल जब्त कि हैं।

करौली सदर थाना अधिकारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि राजपाल 23 पुत्र हरीओम नाई निवासी चूरिया की थाना मामचारी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वो दुकान के सामने पट्टी पर बैठकर मोबाइल चला रहा था। इसी दौरान फौजी गुर्जर पुत्र हंसराज निवासी रामपुर और शीशराम गुर्जर पुत्र मोहन गुर्जर निवासी चूरिया ने उस पर देसी कट्टे से फायरिंग कर दी। फायरिंग के बाद आरोपी मोटरसाईकिल पर बैठकर भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों व घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार की तलाश में जुट गई। इस दौरान आसूचना अधिकारी कॉन्स्टेबल धवन ने आरोपियों की पहचान की। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर शीशराम गुर्जर उर्फ शिकारी गुर्जर पुत्र मोहन गुर्जर 24 निवासी चूरिया थाना मामचारी और फौजी गुर्जर पुत्र हंसराम गुर्जर 21 निवासी रामपुर धाबाई, थाना सदर करौली को पकड़ा है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी गंगापुर जाने वाले रोड पर रामपुर धाबाई गांव की तरफ जाने वाले रास्ते में कहीं बाहर जाने की फिराक में खड़े है। फौजी गुर्जर के बांए पैर में सफेद पट्टी बंधी है। इनके पास अवैध हथियार हो सकते है। सूचना पर थानाधिकारी पुलिस जाब्ता के साथ मौके पर पहुंचे। जहां मुखबिर द्वारा दी सूचना के अनुसार हुलिया के दो युवक खड़े मिले। जिन्हें पुलिस ने बडी सूझबूझ एवं सर्तकता से पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों से एक देशी कट्टा, एक खाली कारतूस व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल को बरामद किया है।

# देवस्थान विभाग का अतिरिक्त कमिश्नर रिश्वत मामले में गिरफ्तार

**जयपुर, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की अलवर टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त कमिश्नर (आरएएस) देवस्थान विभाग आकाश रंजन को रिश्वत मांगने के एक मामले में गिरफ्तार किया हैं। एसीबी की टीम ने कोर्ट से जारी गिरफ्तारी वारंट की पालना करते हुए आकाश रंजन को पीपली सीकर रोड जयपुर से गिरफ्तार किया हैं।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि वर्ष 2017 में हुए रिश्वत प्रकरण का आरोप प्रमाणित होने पर यह कार्रवाई की गई हैं। उस दौरान आकाश रंजन तहसीलदार के पद पर तैनात थे। परिवादी चन्दर सिंह निवासी ठााम महेशर तहसील तिजारा ने एसीबी चौकी अलवर में 19 जुलाई 2017 को एक रिपोर्ट दी थी कि उसके पिता द्वारा खरीदी गई जमीन के वसीयतनामा के आधार पर उसके पुत्र एवं भाईयों के पुत्र के नाम इंतकाल का तहसीलदार तिजारा से निर्णय कराने की एवज में तहसीलदार व उसके कार्यालय के सहायक कार्यालय अधीक्षक रिश्वत राशि की मांग कर रहे है।



आकाश रंजन

जिस पर एसीबी अलवर की टीम ने 19 जुलाई 2017 को रिश्वत मांग की शिकायत का सत्यापन कराया। सत्यापन के दौरान आरोपी और तहसीलदार आकाश रंजन के नाम से 8 हजार रुपए रिश्वत की मांग करना पाया गया था। जिस पर 20 तारीख को एसीबी ने ट्रेप की कार्रवाई को अंजाम दिया। ट्रेप के दौरान एसीबी ने दलाल मानसिंह की शर्ट की जेब से 8 हजार रुपए रिश्वत के बरामद किये। जिस पर एसीबी ने दलाल मानसिंह और सहायक कार्यालय अधीक्षक राधेश्याम मौर्य तहसील तिजारा को गिरफ्तार किया था।

आरोपी आकाश रंजन से रिश्वत राशि के संबंध में आरोपी राधेश्याम मौर्य की मोबाईल फोन पर बात करवाई गई, बात करने के दौरान आरोपी आकाश रंजन तत्कालीन तहसीलदार का रिश्वत मांगने एवं प्राप्त करने में सम्मिलित होना पाया गया था। आकाश रंजन को ट्रेप की कार्रवाई की भनक लगने पर मौके से फरार हो गया था। आकाश रंजन तत्कालीन तहसीलदार तिजारा जो अभी सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग जयपुर में तैनात हैं। उनके खिलाफ अपराध प्रमाणित पाये जाने पर एसीबी कोर्ट अलवर में 16 फरवरी 2022 को चार्जशीट पेश की गई थी। आरोपी आकाश रंजन नोटिस तामील के पश्चात भी कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। जिस पर कोर्ट ने आरोपी आकाश रंजन का गिरफ्तारी वारंट जारी किया जिस पर गिरफ्तारी की गई।

**RAJASTHAN HOUSING BOARD**
No. :- RE/RHB/BKN/2024-25/131 Dated :- 12/07/2024
**Notice Inviting Bid 01/2024-25**
Bid for the work of Arboriculture & Plantation work at Shiv Bari, RHB Scheme, Bikaner, Rs. 19.40 Lacs, of subject matter (s) of (Procurement) are invited from interested bidders from 16.07.2024 to 23.07.2024 upto 6.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the state and RHB websites: **https://www.urban.rajasthan.gov.in/rhb, https://eproc.rajasthan.gov.in** & **sppp.rajasthan.gov.in.**
UBN No. : RHB2425WSOB00095
Raj.Samwad/C/24/2323 Resident Engineer, Division-Bikaner

**Office of Chief Medical & Health Officer, Pali (Raj.)**
E-Mail ID-emho-pal-rj@nic.in, E-Mail ID- nuhmpali@gmail.com
Sr. No./ NHM/E-Tender/2024 Dated-
**Notice Inviting E-Bid**
E-Bid for Food & Accommodation Arrangement and Printing Work/supply through rate contract are invited from interested bidders upto 22.07.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in) of the State. The aproximate value of the Food Tender is Rs. 96 Lakh only and Printing Tender is Rs. 60 Lakh only.
1. UBN NO. MHS2425WSRC01369, 2. UBN NO. MHS2425SLRC01370
Chief Medical & Health Officer
Pali
DIPR/C/5922/2024

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-पाली (राज.)**
क्रमांक-1114 से 1140 दिनांक-10.07.2024
**निविदा सूचना संख्या - 04 वर्ष 2024-25**
राजस्थान के राज्यपाल की ओर से विभिन्न कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए, श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदायें प्राप्त करने हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित वेबसाइट www.dipr.rajasthan.gov.in व https://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा के NIB Code है- PWD2425A0659
निविदा के UBN No. है- PWD2425WSOB02454, PWD2425WSOB02455, PWD2425WSOB02456, PWD2425WSOB02457, PWD2425WSOB02458, PWD2425WSOB02459
अधिशाषी अभियंता
सा.नि.वि. खण्ड-पाली
DIPR/C/5916/2024

# हिंगौनिया गौशाला के बाड़ों में कीचड़ 6 इंच की मोटाई में जमा हुआ मिला

## ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने सोमवार सुबह चेयरमैन व पशु प्रबंधन शाखा के अधिकारियों के साथ किया था गौशाला का औचक निरीक्षण

**जयपुर** (कासं)। हिंगौनिया गौशाला के बाड़ों में 6 इंच से ज्यादा कीचड़ फैला हुआ है। गायों के लिए चारा भी पर्याप्त नहीं है। गंदगी के कारण गौवंश की दुर्दशा होती देखकर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने सोमवार सुबह हिंगौनिया गौ-पुनर्वास केन्द्र के प्रभारी डॉ. अशोक मीणा और अक्षयपात्र ट्रस्ट के लोगों को फटकार लगाई।

दरअसल महापौर सोमवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे अचानक हिंगौनियाा गौशाला पहुंच गई। उनके साथ चेयरमैन अरूण वर्मा, शंकरलाल शर्मा, नरेन्द्र सिंह और उपायुक्त पशु प्रबंधन, प्रभारी चिकित्सक और श्रीकृष्ण-बलराम ट्रस्ट के पदाधिकारी मौजूद थे।

- **मेयर ने इस लापरवाही पर जवाब मांगा तो गौ-पुनर्वास केन्द्र के प्रभारी डॉ. अशोक मीणा और गौशाला प्रबंधन बगलें झांकता नजर आया**
- **महापौर एम.ओ.यू. की शर्तों की पालना नहीं करने पर श्रीकृष्ण-बलराम ट्रस्ट और निगम के डॉ. अशोक मीणा के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए**



महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने हिंगौनिया गौ-पुनर्वास केन्द्र का औचक निरीक्षण किया।

महापौर ने गौशाला में गायों के चारे की व्यवस्था, गौवंश के स्वास्थ्य और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान गायों के पास ना तो चारा मिला और ना ही बाड़ों साफ-सफाई। मेयर जब गायों के बाड़ों में पहुंची तो वहां पर करीब 6 इंच तक मोटाई कीचड़ और गंदगी जमी मिली। गौवंश को कष्ट में देखकर महापौर का पारा हाई हो गया। उन्होंने इस बारे में हिंगौनिया गौ-पुनर्वास केन्द्र के प्रभारी डॉ. अशोक कुमार मीणा से इस बारे में जवाब मांगा तो वे बगले झांकते नजर आए। यही हाल गौशाला की देखरेख कर रहे बलराम ट्रस्ट के पदाधिकारियों का रहा। मेयर ने गौवंश की दुर्दशा देखते हुए आयुक्त रूकमणि रियाड़ को नोटशीट लिखकर हिंगौनिया गौ-पुनर्वास केन्द्र के प्रभारी चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार मीणा के खिलाफ कार्रवाई करने और एम.ओ.यू. की शर्तों की पालना नहीं करने पर बलराम ट्रस्ट के खिलाफ भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। महापौर ने कहा कि हिंगौनियां गौशाला में गौवंश की अच्छी सेवा के नाम पर जिस अक्षयपात्र ट्रस्ट ने इसकी सार संभाल का जिम्मा लिया था, अब वह एम.ओ.यू. की शर्तों की पालना नहीं कर रहा है।

## चोरी और लूटपाट करने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । मानसरोवर पुलिस ने चोरी और लूट करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बारह से ज्यादा वारदात करना कबूला है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपी के साथ एक नाबालिग को भी पकड़ा है। प्रारम्भिक पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को बाल सुधार गृह में भेज दिया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मानसरोवर थाने में 8 जुलाई को मानसरोवर के अग्रवाल फार्म में रहने वाले रोहित मुटरेजा ने मामला दर्ज करवाया था कि वह गुड़गांव गया हुआ था। इस दौरान रात को उससे घर में चोरी हो गई। सारी वारदात सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गए। सीसीटीवी में 2 लड़के घर का सामान चोरी करते दिखाई दे रहे हैं। बदमाशों ने घर में रखे 30 से 40 हजार कैश, सोने के 2 झुमके, चांदी के कड़े, कपड़े और घर का अन्य सामान ले गए।

पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज चैक किए। इस पर पुलिस के हाथ आरोपी का फोटो लग गया। इस पर टीम ने मुखबिर की मदद से गंगापुर सिटी के बालाघाट में रहने वाले आरोपी अतुल गुर्जर को गिरफ्तार किया है। जो जयपुर में मुहाना में हनुमान विहार इस्कॉन रोड़ पर रह रहा था। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। इसके अलावा एक बाल अपचारी को भी निरुद्ध किया गया।

# राजस्थान में जल जीवन मिशन के कार्यों की गति बढ़ाएं : केंद्रीय जल शक्ति मंत्री

## मंत्री सी.आर.पाटिल ने आश्वस्त किया कि, ''जल जीवन मिशन'' में केन्द्र सरकार की तरफ से हर संभव सहयोग किया जाएगा

**जयपुर** (कासं)। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल की अध्यक्षता में दिल्ली में सोमवार को हुई जल जीवन मिशन की बैठक में राजस्थान के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल व वरिष्ठ अफसर भी शामिल हुए।



केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल की अध्यक्षता में दिल्ली में सोमवार को हुई जल जीवन मिशन की बैठक में राजस्थान के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल व वरिष्ठ अफसर भी शामिल हुए।

बैठक में जल शक्ति मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार जल जीवन मिशन के तहत ''हर घर जल'' संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा हैं, ताकि राजस्थान के हर गाँव में शुद्ध पानी पहुँच सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को जल जीवन मिशन कार्यक्रम में हर संभव सहयोग किया जाएगा। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश में जो कार्य किए जा रहे हैं, उनकी गति बढ़ाये जाने की जरूरत है। राजस्थान के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल ने प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत जो कार्य चल रहे हैं उनके बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया। साथ ही प्रदेश में कार्यक्रम के तहत जो समस्या आ रही है उसके बारे में भी अवगत करते हुए बताया कि प्रदेश में जल जीवन मिशन की अवधि जो मार्च 2024 को समाप्त हो गयी है, उसकी समयावधि बढ़ाए जाने की मांग की गई। केंद्रीय जल सचिव विनी महाजन ने कहा कि राजस्थान में जल जीवन मिशन के तहत जो कार्य किया जा रहे हैं उनकी गति बढ़ाई जाए। साथ ही जिन गांवों में शत-प्रतिशत कार्य कर दिया गया, उन गांवों का सर्टिफिकेशन ग्राम सभा के माध्यम से शीघ्र कराया जाना सुनिश्चित करावे। नल-जल मित्र का सलेक्शन एवं प्रशिक्षण के संबंध में शीघ्र पूर्ण कार्रवाई की जाए। जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की जांच समय-समय पर की जाए। उन्होंने कहा कि घरेलू क्रियाशील कनेक्शन चालू रहे इसका समय-समय पर फील्ड के माध्यम से सूचना लेते रहें। इस योजना के तहत जहां भी शिकायते प्राप्त होती हैं, उनका तुरंत समाधान किया जाए। हर जल स्त्रोत पर वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाना सुनिश्चित करें, जिससे कि भूजल रिचार्ज होता रहे। जलदाय सचिव डॉ. समित शर्मा ने बैठक में कहा कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत जो कार्य आदेश दिए गए हैं उनकी समय अवधि एवं कई कार्य ऐसे हैं, जो अभी तक कंप्लीट नहीं हो पाए, उनकी भी समय अवधि बढ़ाए जाने और जल जीवन मिशन कार्यक्रम की वार्षिक कार्य योजना 2024-25 के अनुमोदन किए जाने का अनुरोध किया। बैठक में केंद्रीय जल शक्ति (राज्य मंत्री) राज भूषण चौधरी, केंद्रीय अतिरिक्त जल सचिव चंद्र भूषण कुमार, प्रदेश के जल जीवन मिशन के एम.डी. बचनेश अग्रवाल समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

# गोपालपुरा मोड से त्रिवेणी पुलिया तक करीब 3 किलोमीटर क्षेत्र में हटाए 150 अतिक्रमण

**जयपुर** । जयपुर विकास प्राधिकरण ने सामूहिक अभियान चलाकर सोमवार को गोपालपुरा मोड से त्रिवेणी पुलिया तक सड़क के दोनो तरफ करीब 3 कि.मी. के दायरे में 150 अतिक्रमणों को जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त किया।



जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने गत 9 जुलाई को जयपुर शहर में मुख्य सड़कों और सेक्टर रोड पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। ताकि शहर में यातायात आवागमन में लोगों को बेवजह कोई परेशानी नहीं उठानी पड़े। यूडीएच मंत्री के निर्देशानुसार प्रवर्तन विंग के मुखिया महेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम ने गोपालपुरा मोड से त्रिवेणी पुलिया तक करीब 3 किलोमीटर दूरी में 150 कच्चे-पक्के अतिक्रमण हटाए है। महेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्रवाई के दौरान मकान-दुकानों के बाहर अत्यधिक लम्बाई में बने चबूतरे, सीढ़ियां, रैम्प और बाउण्ड्रीवाल को ध्वस्त किया। इसके साथ ही सड़क पर यातायात जाम करने वाले अवैध थड़ी-ठेले, होर्डिंग-साइन बोर्ड को भी हटाया गया।

# 'भ्रष्टाचारी पकड़ने के लिए व्यूह रचना की जरूरत'

**जयपुर** । राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को कोई ऐसी व्यूह रचना बनाने की आवश्यकता है कि एक बार कोई पकड़ा जाए तो फिर कानूनन वह किसी स्तर पर छूटे नहीं।




राज्यपाल कलराज मिश्र ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के स्थापना दिवस पर सोमवार को जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया।

राज्यपाल ने यह बात सोमवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के स्थापना दिवस पर संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कहीं किसी स्तर पर भ्रष्टाचार होना पाया जाता है तो त्वरित उसकी शिकायत की जाए। ए.सी.बी. भी पुख्ता सबूत इस तरह से जुटाएं जाएं कि अपराधी को साक्ष्य के अभाव का लाभ नहीं मिले।

उन्होंने भ्रष्टाचार से जुड़े विभिन्न प्रकरणों की चर्चा करते हुए कहा कि सार्वजनिक सेवा में अपने पद का, रूतबे का और अधिकारी के रूप में प्राप्त जानकारी का दुरुपयोग किया जाता है तो वह भी भ्रष्ट आचरण में ही आएगा।

इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधाश पंत ने कहा कि अधिकारियों को निर्णय तुरंत लेना चाहिए और तत्काल उसके क्रियान्वयन को भी सुनिश्चित किया जाए। इससे भ्रष्टाचार को काफी हद तक होने से रोका जा सकता है। उन्होंने केंद्र सरकार की लाभान्वित को सीधे राशि ट्रांसफर योजना की चर्चा करते हुए कहा कि इससे 22 हजार करोड़ की केंद्र को और 5 हजार करोड़ की बचत राज्य सरकार को हुई है। उन्होंने फाइल निपटाने के स्तर को कम किए जाने पर भी जोर दिया। पंत ने कहा है कि फाइल को रोककर रखना भ्रष्टाचार का एक मुख्य कारण हो सकता है। मैं एक फाइल का डिस्पोजल 24 मिनट में कर देता हूं। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री के स्तर पर यह निर्णय लिया गया की राज्य में सरकारी कार्य में देरी नहीं हो। इसके लिए फाइल निपटान के समय को सभी स्तरों पर कम किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी अपने कार्य को प्रभावी ढंग से अंजाम दे। स्वयं ईमानदार रहे और ईमानदारी को नीचे के स्तर पर सुनिश्चित भी करे। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने कहा कि लगभग सभी जिला मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निरोधक कार्यालय प्रभावी कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में कार्यरत अधिकारी और विजिलेंस शाखाएं भ्रष्टाचार मुक्त राज्य में अपनी सहभागिता निभाएं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने कहा कि भ्रष्टाचार राष्ट्र और राज्य की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के बाद राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधी सर्वाधिक कार्यवाही की जाती है। राज्यपाल ने इस अवसर पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा प्रकाशित स्थापना दिवस पोस्टर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते ''भ्रष्टाचार मुक्त समाज निर्माण'' का लोकार्पण किया। उन्होंने संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया।

## हीरापुरा बस टर्मिनल विकसित करने में जुटा जे.डी.ए. प्रशासन

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देश और नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण, इन दिनों अजमेर रोड पर वेस्ट-वे जेडीए स्कीम में हीरापुरा बस टर्मिनल को विकसित करने में जुटा है।

जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि 6 जुलाई को मुख्यमंत्री ने बस टर्मिनल का दौरा किया था। तब उन्होंने 15 अगस्त तक अतिरिक्त सेवाएं-पेयजल की व्यवस्था, दुपहिया व चौपहिया वाहनों व बसों के पार्किंग स्थलों को पक्का करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि बस टर्मिनल के चालू होने से अजमेर रोड 200 फीट चौराहे पर आमजन को यातायात जाम से निजात मिलेगी। इस बस टर्मिनल पर सरकारी और निजी बसों का संचालन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जयपुर शहर में यातायात की बढती समस्या के समाधान के लिये शहर के बाहरी क्षेत्रों में ही सैटेलाईट बस टर्मिनल स्थापित करने का निर्णय लिया गया था। मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के अनुसार यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केन्द्रीय बस स्टेण्ड सिंधी कैम्प को मल्टीमॉडल इंटीग्रेटेड आई.एस.बी.टी. हब के रूप में विकसित किया जाना था। सीकर रोड, अजमेर रोड, आगरा रोड, टोंक रोड और दिल्ली रोड पर सेटेलाइट बस टर्मिनल बनाये जाने थे। जे.डी.ए. प्रशासन द्वारा राजस्थान स्टेट बस टर्मिनल डवलपमेन्ट अथॉरिटी को अजमेर रोड हीरापुरा स्थित वेस्ट-वे हाईटस योजना में निर्धारित शर्तो पर बस टर्मिनल के लिए 54270 वर्गमीटर भूमि आंवटित की थी। बस डिपो के संचालन के लिये सभी आधारभूत सुविधाएँ विकसित की जा रही है। वर्तमान में यात्रियों के लिये 6 करोड रु. की लागत से शेड का निर्माण, शौचालय की सुविधा, कार्यालय का निर्माण, चारदीवारी का निर्माण आदि कार्य पूर्व में पूर्ण करवाये जा चुके है। जेडीए द्वारा अतिरिक्त कार्य प्रारम्भ कर तीव्रगति से पूर्ण करवाये जा रहे है, जिससे बस टर्मिनल से परिवहन विभाग द्वारा बसों का संचालन जल्द शुरू करवा सकें।

# 'एक्सेलेरेटिंग एंटरप्रेन्योरियल जर्नी' विषय पर चर्चा

## सेंट जेवियर्स स्कूल के एलुमनाई की प्लेटिनम जुबली समारोह की शुरुआत पर वार्ता

**जयपुर** । सेंट जेवियर्स स्कूल जयपुर में सोमवार को ''एक्सेलेरेटिंग एंटरप्रेन्योरियल जर्नी'' विषय पर एक इंटरैक्टिव सैशन आयोजित हुआ। जयपुर के जेवियर्स एलुमनाई द्वारा स्कूल के पूर्व छात्रों के प्लेटिनम जुबली समारोह के शुभारंभ कार देखो ग्रुप के सीईओ एंड को फाउंडर अमित जैन ने अपनी कामयाबी के सफर को साझा किया। अमित जैन ने कहा कि, मैं स्कूल में एवरेज स्टूडेंट थे और कक्षा 12 की परीक्षा के बाद, आईआईटी दिल्ली में प्रवेश पाने के लिए एक वर्ष ज्यादा लगा। आईआईटी में भी एवरेज स्टूडेंट ही था, लेकिन वहां मेरे आसपास बड़े सपने देखने वाले लोग हुआ करते थे। यह माहौल इसलिए महत्वपूर्ण था क्योंकि एक व्यक्ति उन पांच लोगों का औसत होता है, जिनके साथ वह सबसे अधिक समय बिताता है। एक मजबूत नेटवर्क और पीयर ग्रुप बनाने के लिए एक अच्छे कॉलेज में जाना आवश्यक है, जो आपको बड़े सपने हासिल करने के लिए




प्रेरित कर सकता है। मैंने जो भी कार्य किया, उस पर अत्यन्त कड़ी मेहनत की और इसी डेडिकेशन के कारण मुझे वर्तमान सफलता प्राप्त हुई है। कड़ी मेहनत मेरी सुपर पॉवर है। दूसरे लोग जिस किसी कार्य पर 8 घंटे डेडिकेट करते हैं, मैं उस कार्य 18 घंटे समर्पित करता हूं। लगातार कड़ी मेहनत ही सफलता का एकमात्र रास्ता है।

अपनी एंटरप्रेन्योरियल जर्नी के बारे में बात करते हुए जैन ने कहा कि एंटरप्रेन्योरशिप के लिए कोई उम्र नहीं होती। अगर आप 10 के स्केल पर किसी अनुभव को 4 अंक बेहतर बनाने में सक्षम हैं, तो आप एक सफल स्टार्टअप बनाने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि अब स्टार्टअप इकोसिस्टम ऐसा है कि फंडिंग आसानी से मिल जाती है और स्टार्टअप शुरू करने के लिए बस एक लैपटॉप और एक आइडिया की जरूरत होती है। जैन ने कहा कि स्क्रीन टाइम और सोशल मीडिया पर बिताया जाने वाला समय कम किया जाना चाहिए। इसके बजाय, अपना खाली समय पढ़ने, खेलकूद आदि में बिताना चाहिए। हर दिन खुद को कल से 1 प्रतिशत बेहतर बनाने का प्रयास करें। बाद में स्टूडेंट्स के साथ क्यू एंड ए राउंड भी हुआ।

इससे पहले, जेवियर्स प्लैटिनम जुबली कमेटी के इवेंट कोऑर्डिनेटर, महावीर शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम के साथ प्लैटिनम जुबली सेलिब्रेशन की शुरुआत हो जाएगी। यह सेलिब्रेशन अगले वर्ष 26 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इसके अंतर्गत, जेवियर्स एलुमनाई द्वारा प्रत्येक माह एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नॉलेज सेशंस, मेन्टरिंग सेशंस, पीयर टू पीयर मीटिंग, फंड रेजिंग गतिविधियां, कीनोट एड्रेसेज जैसे विभिन्न आयोजन शामिल होंगे। इस अवसर पर जेवियर्स प्लैटिनम जुबली कमेटी चेयरमैन, अनूप साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सार-समाचार

### मुनि समत्व सागर से आशीर्वाद लिया



**जयपुर** । मुनिद्वय समत्व सागर एवं शील सागर के जनकपुरी में जारी पांच दिवसीय प्रवास के दौरान जैन बैंकर्स जयपुर आशीर्वाद प्राप्त करने की भावना से एवं समाज को जैन बैंकर्स से वांछित अपेक्षाएं जानने के उद्देश्य से मुनिश्री के सम्मुख प्रातः कालीन प्रवचन के समय उपस्थित हुए। जैन बैंकर्स के सदस्यों ने मुनि द्वय को श्रीफल भेंट किया। जनकपुरी समाज द्वारा फोरम के सदस्यों से एवं मुनिसेवा संघ से संयुक्तरूप से तीर्थंकर नेमीनाथ के चित्र का अनावरण किया एवं दीप प्रज्जवलित करने का सौभाग्य प्राप्त किया। इस मौके पर अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर के अध्यक्ष भागचंद जैन मित्रपुरा, कैलाश चंद जैन छाबड़ा, विमल जैन टोंक, सुरेश चंद जैन, जितेंद्र जैन, मुकेश पांड्या, राजीव पांड्या, सुकेश काला, कमलेश जैन पांड्या, राजेंद्र पापड़ीवाल, राजेंद्र ठोलिया, देवेन्द्र जैन उमप्र, प्रकाश गंगवाल, सुरेंद्र जैन, सचिन काला, पुनीत जैन, संचिता जैन, कार्याध्यक्ष पदम चंद बिलाला, सचिव सुनील काला मौजूद थे।

### पी.आर.एस.आई. की कार्यकारिणी गठित



**जयपुर** । पब्लिक रेलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया जयपुर चैप्टर की नव-निर्वाचित कार्यकारिणी का रविवार को मानसरोवर मीडिया क्लब में गठन किया गया। सर्वसम्मति से वीरेंद्र पारीक को अध्यक्ष, कविता जोशी को उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार व मनीष हूजा को सचिव चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों के लिए विगत 7 जुलाई को चुनाव प्रक्रिया हुई थी जिसमे सात सदस्य निर्वाचित हुए थे। अध्यक्ष वीरेन्द्र पारीक ने बताया कि अधिकाधिक कार्यक्रम आयोजित कर सामाजिक मुद्दों के प्रति जन जागरूकता के अहम प्रयास किए जाएंगे।

### युवती पर तेजाब फेंकने की धमकी

**जयपुर** । मानसरोवर इलाके में युवती से दोस्ती कर उसे विश्वास में लिया और मिलने के बहाने बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने तेजाब फेंकर कर चेहरा जलाने की धमकी दी। आरोपी के चुगंल से मुक्त होने के बाद पीड़िता ने थाने पहुंच दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि 28 वर्षीय युवती का आरोप है कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात इमरान खान से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी से उसकी दोस्ती हो गई । आरोपी ने युवती को मिलने के बहाने से बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने युवती पर तेजाब फेंकने की धमकी दी।

# 'द जयगढ़ हैरिटेज फेस्टिवल' 27 दिसंबर से

**जयपुर** । हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ऑफ जयपुर और टीमवर्क आर्ट्स जो प्रतिष्ठित जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के प्रोड्यूसर के रूप में विश्वभर में प्रसिद्ध हैं, ने 'द जयगढ़ हैरिटेज फेस्टिवल' के प्रथम संस्करण की घोषणा की। यह फेस्टिवल 27-29 दिसंबर 2024 तक भव्य जयगढ़ फोर्ट में आयोजित किया जाएगा। इसकी घोषणा आज सिटी पैलेस, जयपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की गई।

टीमवर्क आर्ट्स के प्रबंध निदेशक, संजॉय के. रॉय ने कहा, ''विश्व के सबसे बड़े साहित्यिक समागम; वार्षिक जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के प्रोड्यूसर्स टीमवर्क आर्ट्स, एच.एच. महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह के सहयोग से जयगढ़ हेरिटेज फेस्टिवस प्रस्तुत करने पर उत्साहित हैं। भारतीय कला, संस्कृति, साहित्य और बिल्ट हेरिटेज को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता निरंतर है, जिस प्रकार से हम भव्य मंचों पर



परफॉर्मिंग और विजुअल आर्ट्स का जश्न मनाते और उनका प्रदर्शन करते आ रहे हैं। जयपुर के सांस्कृतिक परिदृश्य और विरासत को और आगे बढ़ाने के इस नए प्रयास में हमारे साथ जुड़ें।''

सवाई पद्मनाभ सिंह ने कहा कि, जयगढ़ हैरिटेज फेस्टिवल के लॉन्च पर, हम राजस्थान के सबसे पुराने और सबसे प्रमुख मध्यकालीन किलों में से एक जयगढ़ के महत्व के साथ-साथ जयपुर और पूरे ढूंढाड़ क्षेत्र की कला, संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देने के लिए मेरे परिवार की अटूट प्रतिबद्धता का जश्न मनाते हैं। यह फेस्टिवल न केवल इस क्षेत्र के समृद्ध इतिहास और परंपराओं पर प्रकाश डालेगा, बल्कि जयपुर को भारत के सबसे प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में और भी आगे बढ़ाने में मदद करेगा। राजसी वैभव और जीवंत विरासत के हमारे उत्सव में शामिल हों, जो जयपुर को विश्व के अग्रणी सांस्कृतिक केंद्रों में से एक बनाते हैं।''

आमेर फोर्ट परिसर की प्राचीर के ऊपर स्थित भव्य जयगढ़ फोर्ट 18वीं शताब्दी का है और जयपुर के तत्कालीन राजपरिवार की विरासत के हिस्से के रूप में ऐतिहासिक महत्व रखता है। यह भव्य फोर्ट फेस्टिवल के लिए बैकड्रॉप और वेन्यू के रूप में काम करेगा, जहां लोक, शास्त्रीय और समकालीन संगीत में विशेषज्ञता रखने वाले विविध कलाकारों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। इस फेस्टिवल में कन्वर्सेशन, हेरिटेज वॉक, वर्कशॉप्स, क्रॉफ्ट बाजार, साउंड एंड लाईट शो तथा एग्जॉटिक स्थानीय व्यंजनों के प्रदर्शन के माध्यम से राजस्थान की समृद्ध विरासत, इतिहास और संस्कृति पर भी प्रकाश डाला जाएगा। उपस्थित लोगों को एक प्राचीन किले के भीतर अनूठी म्यूजिकल जर्नी के अनुभव का अवसर मिलेगा।

# भवन निर्माण समिति के समक्ष 40 शिकायतें लेकर पहुंचे लोग

**जयपुर**। ग्रेटर निगम मुख्यालय में भवन निर्माण समिति के चेयरमैन जितेन्द्र श्रीमाली ने जनसुनवाई शुरू की है। वे प्रत्येक सप्ताह में 3 दिन सोमवार से बुधवार तक दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक आयोजना शाखा से जुड़ी आमजन की शिकायतें सुनेंगे और उन्हें निस्तारित करवाने का काम करेंगे।

सोमवार दोपहर जैसे ही जनसुनवाई शुरू हुई तो करीब 40 से ज्यादा शिकायतें लेकर लोग पहुंचे। इन लोगों ने नगर निगम की आयोजना शाखा और जोन कार्यालय के अधिकारियों पर भूखंड़ों के नाम हस्तांतरण, पुनर्गठन व उपविभाजन तथा पट्टे देने की फाइलें अटकाने का आरोप लगाया। चेयरमैन जितेन्द्र श्रीमाली ने बताया कि समिति के समक्ष 15 प्रकरण पट्टों से संबंधित, 5 प्रकरण निगम कर्मचारियों और अधिकारियों की कार्यशैली के कारण कार्य में विलम्ब होने, 3 प्रकरण बिल्डिंग निर्माण की स्वीकृति नहीं देने तथा 10 प्रकरण अवैध निर्माण को लेकर मिले। इसके अलावा भी करीब 5-7 लोगों ने अन्य शिकायतें दी है। चेयरमैन श्रीमाली ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को मौके पर ही उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही जोन स्तर पर लंबित चल रहे प्रकरणों को लेकर रिपोर्ट भी मांगी। श्रीमाली ने बताया कि निगम मुख्यालय और जोन कार्यालय के जिन अधिकारी-कर्मचारियों का रवैया आमजन के कार्य अटकाने वाला रहेगा, उनके खिलाफ आवश्यक दस्तावेज और शिकायतें नगर निगम आयुक्त व राजस्थान सरकार को भेजी जायेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भवन निर्माण समिति भी जीरो टोलरेंस और पूर्ण पारदर्शिता के साथ काम करेगी।



## Fresh Spinach Day

Spinach is not just food, it's a bundle of energy, vitamins, and minerals. Think of it as nature's way of giving us a health boost. This day encourages us to add more green to our plates and discover tasty ways to enjoy it. Spinach fans, circle July 16 on your calendars because it's *Fresh Spinach Day*! This day isn't just another date, it's a green signal to dive into the world of this leafy powerhouse. It's like a party where spinach is the star, and everyone's invited to join in for the fun.

#FOOD-TALK

# Why Tomato Is A Must-add To Your Daily Diet

Tomatoes are a brilliantly versatile vegetable that is almost unmissable in Indian cooking. From salads, chutneys to curries, tomatoes are omnipresent in our home kitchens.





Tomato not only imparts taste to food, but it can be great for health, too. Yes, *tomatoes* have some magical nutrients, which can beat the woes of cholesterol. Its benefits will surprise you. As soon as the rainy season arrives, tomato prices are inflated. Its prices rapidly increase and at the moment, it has reached a whopping Rs. 50/kg. In the days ahead, tomatoes are likely to become more expensive than this. Tomatoes are a brilliantly versatile vegetable that is almost unmissable in Indian cooking. From salads, *chutneys* to curries, tomatoes are omnipresent in our home kitchens.



**Do you know the medicinal properties of tomatoes?**

Many health problems can be curbed or contained by eating tomatoes. Cleveland Clinic, which is a hub for modern medicine, has published a report that states that tomatoes contain nutrients of the likes of protein, carbohydrates, fibre, Vitamin C, Vitamin K, potassium, and folate. Tomatoes are also full of 94.8g/100g water. They have negligible fat in them. They also are a great source of antioxidants. Consuming them raw can lead to tremendous health benefits. It is believed that drinking tomato juice on a regular basis can help reduce cholesterol. Consumption of tomatoes in the rainy season can help boost immunity. Tomatoes are also considered beneficial for heart health. According to researchers, tomatoes are rich in a nutrient called *lycopene*. Lycopene is a substance that can be very effective in reducing the risk of diseases of the heart. Tomato helps in reducing inflammation in the body. Constituents like phenolic compounds, beta-carotene and vitamin c make tomatoes anti-inflammatory. These reduce the risk of chronic diseases. They can prove to be a remedy for high cholesterol patients. A study revealed that bad cholesterol can be contained to a great extent by drinking tomato juice regularly.

In many researches, tomatoes have been proved to be an excellent immunity booster. It is rich in Vitamin C, which is beneficial for our immune system. Consuming them during the rainy season can reduce the risk of infection. The nutrients present in them also reduce the risk of cancer. According to experts, tomatoes can also be effective in preventing infertility. People, who have kidney or gallbladder stones, should avoid tomatoes. This is because the presence of oxalates in them are known to aggravate the problems of kidney stones patients.



# Russian Nuclear Threat: Why Is It Back In The Equation?

Russia's security doctrine and laws give Putin the license to use nukes, a stand that's backed by Putin's longtime ally and former Russian President and Deputy Chairman of their Security Council, Dmitry Medvedev. He said that Russian laws grant Moscow complete leeway to protect what it would consider by law as Russian territory. "Encroachment onto Russian territory is a crime which allows you to use all the forces of self-defence," Medvedev stated in a Telegram post, adding that "this is why these referendums are so feared in Kyiv and the West."







Maroof Raza

In March this year, President Putin announced a major escalation of the war in Ukraine, with the threat to use Russia's nuclear arsenal, the largest in the world, that could destroy the world many times over, if his actions were challenged in Ukraine. The US, NATO and European nations were initially shocked. Even though, they do know that nuclear weapons are most unlikely to be used in a hurry. These are weapons of last resort.

Although, Mr. Putin carries a briefcase, a communication tool that can connect Putin to all his top military Commanders, he knows that once a nuclear attack is launched, then, there'll be no looking back. Nukes could be used only if Russia's existence is under threat by a US led NATO military invasion. And since the West has watched Russia's botched up invasion, they'll continue with the strategy of giving support to Ukraine by proxy supplies and soldiers exhaust Russian troops and their resources, but not escalate things further, unless Kyiv is to fall.

### Is it Nuclear Blackmail?

Putin's threat came, only days before he was to secure another six-year term. Putin had warned Ukraine and the West that Russia would not hesitate to utilize its nuclear arsenal, if necessary, to defend the territorial integrity of Russia (including its-annexed Ukrainian regions) from renewed NATO-backed Ukrainian counteroffensives. Furthermore, he has cited Russia's security doctrine and laws that give him the license to use nukes, a stand that's backed by Putin's longtime ally and former Russian President and Deputy Chairman of their Security Council, Dmitry Medvedev. He said that Russian laws grant Moscow complete leeway to protect what it would consider by law as Russian territory. "Encroachment onto Russian territory is a crime which allows you to use all the forces of self-defence," Medvedev stated in a Telegram post, adding that "this is why these referendums are so feared in Kyiv and the West."

He further stated that no future Russian leader would be able to constitutionally reverse their outcome. Then, Russian Foreign Minister Sergey Lavrov said, during a news conference, that Russia has "a doctrine for nuclear security which is an open document."

In an interview, Ukrainian President Volodymyr Zelenskyy said that he believes that Putin isn't bluffing. "He wants to scare the whole world," Zelenskyy said. "These are the first steps of his nuclear blackmail." When asked whether he thought stability in Europe was possible with Putin in power, Zelenskyy replied, "No. I don't have anything to add. My opinion is no. We have observed this over the years. We don't see stability." According to SIPRI (the Stockholm International Peace Research Institute), a think tank that tracks global nuclear stockpiles, Russia boasts the largest nuclear arsenal in the world, with nearly 6,000 nuclear warheads. About 1,500 of them are currently deployed.



#WARGAMES



> Why is Putin taking the risk? Because he, himself, had encouraged the lack of public attention to the war for several months, initially, hoping for swift military gains. But his invasion has been stalled, leading to discontent in Russia and hence, his threat to now use nukes, to give his countrymen a shot to their sagging morale. In 2022, when Russian soldiers were making few gains, he ordered a mobilization.

### Diverse Opinions about the Nuclear Threat

Why is Putin taking the risk? Because he, himself, had encouraged the lack of public attention to the war for several months, initially, hoping for swift military gains. But his invasion has been stalled, leading to discontent in Russia and hence, his threat to now use nukes, to give his countrymen a shot to their sagging morale. When, two years ago in 2022, Russian soldiers were making few gains, he ordered a mobilization, but he knew it could be fraught with serious discontent in society. So, he decided to order a partial mobilization rather than a full one.

### In The Long Run

Commentator, Anne Applebaum wrote in the Atlantic, "There's a 'crisis inside the military.' And so, the Russian Army faces not just a logistical emergency or some tactical problems, but also a collapse in morale. That's why Putin needs more soldiers, and that's why, as in Stalin's time, the Russian state has now defined 'voluntary surrender' as a crime, as Russian soldiers (largely, the conscripts), abandoned the front lines."

Under a law approved by the Russian Parliament, you can be sent to prison for up to 10 years, if you desert your guard post in Donetsk or Kherson (or change into civilian clothes and run away, as some Russian soldiers have done in the past few weeks). "Support for Putin is eroding, abroad, at home, and in the Army. Everything else he said, was nothing more than an attempt to halt that decline," observed Applebaum.

### 'It's Not a Bluff'

Analysts say that the Kremlin's nuclear threat is a move to force Ukraine's surrender. "It's an absolutely unequivocal ultimatum from Russia to Ukraine and the West, either Ukraine retreats or its nuclear war," political analyst, Tatiana Stanovaya, opined in 2022.

It's unclear how or whether the mobilisation would impact facts on the ground. The challenge of training, arming and sending 300,000 men to the front was enormous, especially since Russia has already deployed its most experienced soldiers. Even then, Russia made a few rare admissions of military losses in Ukraine. "Since the start of the military operation, almost nothing has gone according to plan," Stanovaya said.

According to experts, it might be more beneficial to respond to a Russian nuclear assault in a more traditional military or diplomatic manner, and to provide Ukraine with more potent weapons so that it can attack Russia.

The US may also provide Ukraine with NATO aircraft, Patriot and THAAD Anti-Missile Batteries, and ATACMS long-range Missiles, that Ukraine forces might employ, to launch attacks inside Russia. This Russian mobilization is sparking protests in Russian cities, with fresh demonstrations. It is also opening splits in Europe about whether fighting-age Russian men, fleeing in droves, should be welcomed or turned away. For Ukrainian and Russian military planners, the clock is ticking, to make fighting more complicated.

Though it is a tricky question, NATO and the United States do not want to come across as being unprepared for an implicit nuclear threat. The options are difficult, and the West hasn't made it clear how it would react to a tactical nuclear strike.

(*This essay was first published in THE TRIBUNE on 16th March '04*)

*rajeshsharma1049@gmail.com*



#ART

# "Moh Moh ke Dhagey"

Meena's 'Mother and Child' series depict the innocence of childhood, mother-daughter relationship. Replete with motives and designs of textile traditions from Northeast, it is a very conscious effort to identify with her roots.





Sadhana Garg
*Journalist & Social Entrepreneur*





"In Manipur, there are 30 tribes, each one armed and distinct with their own dialect, and different patterns worn on clothes," says Laishram Meena Devi, an artist.

Hailing from Northeast and influenced by the textile patterns of her Mother State in many ways, it also reflects the child in all of us, adults, always eager to emotionally draw from lived experiences through recall. Meena's 'Mother and Child' series depict the innocence of childhood, mother-daughter relationship. Replete with motives and designs of textile traditions from Northeast, it is a very conscious effort to identify with her roots. "The broad stripes shown in the skirts are worn by the *Kuki* tribe and thin ones by the *Meitei*, just as the red triangle border is woven into the latter and not by the Kuki."

Her 'Lullaby Series,' that depict children in sound sleep, is a comment on the sleep-deprived society, that we have metamorphosed into, due to the relentless onslaught of electronic and social media. Currently, in Jaipur, for a 6-day residency, sponsored by Darshanam Art Gallery, she showcased innocent young children, enjoying sound sleep in an idyllic environment, depicted by a pet dog, that we all grew up in, but have miserably failed to provide the same for our children.

"The next big tsunami, that will hit us, will be mental health issues," warns the Delhi College of Art Alumni.

So, the isolation of the virtual world is countered by Meena by painting young children in groups. The 'togetherness' that she feels is a happy place and in it lies solace.

Anjum Khan, now, 37 years old, has been painting since 14 years. After doing her M.A in Fine Arts from Aligarh Muslim University, she moved to Delhi. The composite culture, that she was exposed to, while studying and also Lucknow's *Ganga-Jamuni tehzeeb* is very apparent in her work. Her portraits are of empowered women, of *Durga*, of women symbolising *Shakti*. Blessed with a supportive father, her women are depicted with wings, taking flight or as central figures, heroines of their stories, not in any way victims of their situations.


Frequent use of Lotus, *Krishna*, *Gopis* and *Rasleela* are both decorative and engaging. The soulful connotation of *Krishna's Rasleela* is a frequent subject in Anjum's work.

Anjum says, "My mentor, Gogi Saroj Pal, too, deeply impacted me and the end result was my women-centric paintings."

A serving Vice Principal in Bhopal, Dr. Kusumlata Sharma began painting after her PhD. Water Hyacinth is central to her work. Replete with minutest detail, she likes to get into the depth of everything. Finest of etchings are a hallmark of this artists' work. Mostly, a rottering pen is all she needs to create a fusion of symbolic and abstract art. For her, the water hyacinth is symbolic of gross urbanization that, too, saps all living creatures of the water. Her work, '*Threads of Life*' in 2021 was awarded by Bombay Art Society at Jehangir Art Gallery. Layers of acrylic are etched upon with a rottering pen to depict interconnectivity of the human society and the cosmic world as was done in her work named '*Moh Moh ke Dhagey.*'



THE WALL




BABY BLUES
By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS
By Jerry Scott & Jim Borgman



# टीबी अस्पताल की पार्किंग में मरीज ने तोड़ा दम

## परिजन ने चिकित्सकों पर लगाया लापरवाही का आरोप

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर संभाग के सबसे बडे जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के टीबी वार्ड की पार्किंग में एक मरीज की इलाज के अभाव में मौत होने का मामला सामने आया है। परिजन ने अस्पताल के चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही मौके पर कोतवाली थाना पुलिस पहुंची। पुलिस ने परिजन से समझाइश कर पूछताछ की।

टीवी अस्पताल में इलाज के लिए आए बांदनवाड़ा निवासी मृतक के परिजन व रिश्तेदार रामानंद ने बताया कि रामलाल भील की तबीयत अचानक खराब हो गई थी और रामलाल को उल्टियां होने लगी थीं। परिजन तुरंत जेएलएन अस्पताल के आपातकालीन विभाग में ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें टीबी से पीडित् बताया, बाद में रामलाल को टीबी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने बिना इलाज के ही उन्हें वापस भेज दिया गया। परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर समय पर उचित इलाज मिलता, तो रामलाल की जान बच सकती थी। इस घटना ने स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



मृतक के साथ अस्पताल परिसर में बैठे परिजन, पुलिस ने जानकारी जुटाई।

परिजन ने बताया कि मरीज रामलाल को लेकर टीबी अस्पताल पहुंचे थे, यहां रात होने की वजह से चिकित्सक नहीं मिले। परिजन ने वहां मौजूद नर्सिंग स्टाफ से चिकित्सकों से उपचार के लिए गुहार लगाई, बड़ी मिन्नत के बाद चिकित्सक आए, लेकिन दो शीशी दवा की देकर कहा कि सोमवार सुबह 9 बजे आना। उन्होंने आरोप लगाया कि मृतक की जान बच जाती, लेकिन चिकित्सकों ने न तो उपचार किया और न ही अस्पताल में भर्ती किया। वहीं मामले को लेकर अस्पताल अधीक्षक अरविंद खरे ने कहा कि मामले में जांच करवाई जा रही है।

**पुलिस की समझाइश पर माने परिजन :-** सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस सोमवार सुबह टीबी अस्पताल पहुंची और जानकारी लेते हुए परिजनों से समझाइश की। परिजन व रिश्तेदारों ने चिकित्सक और स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते उचित कार्रवाई की मांग की। कुछ देर बाद पुलिस की समझाइश के बाद परिवार बिना पोस्टमार्टम शव लेकर रवाना हो गया। हालांकि परिजनों ने मामले में प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है जिससे कि इस तरह की पुनरावृत्ति न हो।

# उपराष्ट्रपति की पत्नी अपने गांव किठाना आईं

## विश्राम हॉल के भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लिया



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ ने किठाना में पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

**झुंझुनूं, (निसं)।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ सोमवार को अपने गांव किठाना आईं। यहां पर निजी कार्यक्रमों के अलावा आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन व उप राष्ट्रपति के छोटे भाई एडवोकेट रणदीप धनखड़ व उनकी पत्नी सरोज धनखड़ की ओर से जोड़िया बालाजी मंदिर में बनवाए जा रहे एक विश्राम हॉल के भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लिया।

जोड़िया गांव में स्थित प्रसिद्ध बालाजी मंदिर परिसर में विश्राम हॉल का डॉ. सुदेश धनखड़ ने भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लिया। इस इस दौरान महंत सज्जन कुमार के सानिध्य में भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया। इस हॉल के निर्माण से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को विश्राम करने की सुविधा मिलेगी। साथ ही मंदिर में होने वाले सवामणी जैसे प्रसाद कार्यक्रमों में भी इसका उपयोग लिया जा सकेगा। इस मौके पर किठाना सरपंच सुभिता धनखड़, हीरेंद्र धनखड़, वीरेंद्र धनखड़, नरेश स्वामी, सुरेश , यशपाल, चंद्रभान, विजयसिंह, प्यारेलाल, शीशराम सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## क्रेन की चेन टूटी, श्रमिक की मौत

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के निकटवर्ती मथानिया स्थित मालूंगा गांव में एक निर्माणाधीन भवन पर पत्थर की पट्टियां चढ़ाते वक्त हाइड्रो क्रेन की चेन टूट गई। जिससे पट्टियां भरभरा कर अचानक नीचे आई और श्रमिक पर आ गिरी। जिससे एक श्रमिक की मौत हो गई। उसके भाई ने हाइड्रोक्रेन के चालक के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाया और केस दर्ज करवाया है। मथानिया पुलिस ने अठिाम जांच आरंभ की है।

मथानिया पुलिस ने बताया कि मालूंगा गांव निवासी टेलाराम पुत्र हिन्दुराम मेघवाल ने मामला दर्ज करवाया। इसमें बताया कि उसका छोटा भाई 37 वर्षीय प्रकाश राम गांव में ही एक भवन पर निर्माण कार्य में लगा हुआ था। वहां पर हाइड्रो क्रेन से पत्थर की पट्टियां चढ़ ाई जा रही थी। क्रेन का नकताराम ऑपरेट कर रहा था। तब क्रेन की चेन टूट गई और पट्टियां भरभरा कर नीचे आई और उसके भाई प्रकाशराम पर गिर गई। जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। उसे तत्काल एमडीएम अस्पताल ले जाया गया। मगर यहां डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया।

# निजी लैब में लगे कार्मिक का आधी रात को अपहरण

## कमरें में बंधक बनाकर पीटा, 18 हजार रूपए लूटे

**जोधपुर, (कासं) ।** शहर के पुराना हाईकोर्ट परिसर के सामने रोड पर 13-14 जुलाई की रात में एक निजी लैब के कार्मिक की कार को टक्कर मार कर बदमाशों ने रूकवाया और फिर गाड़ी से उतारकर अपहरण किया। उसे पावटा में एक कमरें पर लेकर गए जहां मारपीट किए जाने के साथ उससे 18 हजार 340 रूपए लूट लिए गए। निजी लैब के कार्मिक ने अब उदयमंदिर थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दी है। आरोपियों की पहचान के साथ तलाश की जा रही है।

सोवनिया पीपाड़ शहर के सीताराम बारूपाल पुत्र तेजाराम की तरफ से यह रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह जालोरी गेट स्थित एक निजी लैब में कार्य करता है। वह 13-14 जुलाई की रात में अपनी लैब से ड्यूटी खत्म कर घर की तरफ अपनी कार से लौट रहा था। तब पुलिस नियंत्रण कक्ष - पुराना हाईकोर्ट परिसर रोड पर पीछे से एक अज्ञात शिफ्ट कार आई और उसकी कार को टक्कर मारने के साथ उसे रूकवाया।

फिर उसमें कार चालक सहित तीन चार अन्य लोग उतरे और उसे गाड़ी सीट से उतार कर मारपीट की। फिर गाड़ी में डालकर पावटा की तरफ लेकर गए। जहां एक कमरें में बंधक बनाकर पीटा गया। उसके जेब से 18 हजार 340 रूपए निकाल लिए। रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित आरोपियों को नहीं जानता है। उदयमंदिर पुलिस अब अज्ञात शख्स की तलाश में लगी है। कार नंबर से बदमाशों की पहचान के साथ तलाश की जा रही है।

## कंटेनर लूट का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** प्रतापनगर थाना क्षेत्र हाइवे पावर हाउस के पास दो माह पूर्व कंटेनर लूट की वारदात करने वाले को पुलिस ने बापर्दा गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार उदयसिंह पुत्र मदनसिंह राजपूत निवासी झीणी कुच्छावा संजयनगर खेतडी झुन्झनू ने 18 मई 2024 को प्रतापनगर पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि मैं 15 मई 2024 सवेरे मुम्बई से मेरी गाडी में एक करोड़ रूपये मूल्य के गोदरेज कंपनी के कम्प्रेशर व मशीनरी पार्ट भर कर मोहाली पंजाब लेकर जा रहा था। 17 मई को उदयपुर से आगे देबारी पावर हाउस के वहां पर रोड का काम चलने से गाडी धीरे धीरे चला रहा था। इसी दौरान आवाज लगाने पर फाटक से बाहर देखा तो एक लडके ने सरिये से हमला कर दिया। सिर में चोट लगने खुन बहना शुरू हो गया। इसको देख गाडी रोकते ही चार लडके गाडी में चढ़ गए तथा गर्दन पर हथियार लगा कर मुझे केबिन में पटक कर उपर कंबल डाल कर मारपीट की तथा मेरे दो मोबाई, पर्स छिन कर कंटेनर लूट ले गए।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जोशी ने नागौर में ली जिले की संगठनात्मक बैठक

## भाजपा पदाधिकारियों से संवाद किया और कार्यकर्ताओं में जोश भरा

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-विकसित राजस्थान का संकल्प पूरा होगा : जोशी**
- **'मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने छह महिनों में उठाए अनेक कल्याणकारी कदम, जनता कर रही है सराहना'**

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी आज नागौर जिले के दौरे पर रहे जहां उन्होंने जिला कार्यालय में विभिन्न संगठनात्मक बैठकें कर कार्यकर्ताओं में जोश का संचार किया और पदाधिकारियों के साथ खींवसर विधानसभा उप चुनाव सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। जयपुर से नागौर जाते समय रास्ते में विभिन्न स्थानों पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका साफा-माला और पार्टी का दुपट्टा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति के बाद प्रत्येक जिले में मंडलों और शक्ति केन्द्र सहित विभिन्न संगठनात्क बैठकें होनी है। जिनमें पुराने कार्यक्रमों की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों की योजना सहित अनेक विषयों पर चर्चा होगी। आने वाले समय में विधानसभा उप चुनाव है, इसी महीने गुरू पूर्णिमा, कारगिल विजय दिवस और मन की बात जैसे कार्यक्रम है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए सभी विपक्षी पार्टियों द्वारा एक होकर कई प्रकार के भ्रम फैलाए गए और देश दुनिया के कई लोगों द्वारा वित्त पोषण किया गया, लेकिन देश की जनता ने तीसरी बार लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व को चुना। देश में 62 साल पहले पं. नेहरू लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने थे लेकिन उस समय विपक्ष नहीं के बराबर था।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत और विकसित राजस्थान का संकल्प पूरा होगा। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान भी तमाम दावों और अटकलों के बाद भी प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनी। इससे स्पष्ट है कि प्रदेश की जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ है। उप चुनाव में भी अच्छे परिणाम आऐंगे।

जिला बैठक मे प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, पूर्व सांसद प्रभारी नारायण पंचारिया, किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी, नागौर सम्भाग प्रभारी पुखराज पहाड़िया, जिलाध्यक्ष रामनिवास सांखला, खीवसर प्रभारी अशोक सैनी, खीवसर पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक मोहन राम चौधरी, मेड़ता पूर्व चेयरमैन अनिल थानवी, जिला प्रमुख नागौर चैयरमेन नीतू बोथरा सहित अन्य जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मंत्री व विभिन्न मोर्चा के जिलाध्यक्ष मौजूद रहे।

# अवैध मादक पदार्थ जब्त, एक गिरफ्तार

**सायला, (निसं)।** जालोर जिले के सायला पुलिस ने सोमवार को अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए मौली सहित आरोपी के कब्जे से 347 पव्वे 13 बोतल अवैध शराब व 49 बोतल बीयर भी जब्त की है। आरोपी द्वारा आसपास के क्षेत्र में मादक पदार्थ सप्लाई करना स्वीकार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थ की बरामदगी व रोकथाम एवं बडे तस्करों की गिरफ्तारी के लिए चलाये गये विशेष अभियान के तहत सायला थानाधिकारी रामेश्वर भाटी मय पुलिस टीम व एएसआई बलदेवराम प्रभारी डीएसटी जालोर मय जाब्ता ने मुखबिर की ईतलानुसार पाथेडी गाँव में नर्सरी मार्ग पर नई कोलोनी में इन्द्रसिंह पुत्र जयसिंह जाति भोमिया राजपुत निवासी पांथेडी के प्लॉट में बनी दूकान में से अवैध मादक पदार्थ 68.17 ग्राम एमडीएमए (मौली) जब्त की गई तथा इसी प्लॉट में बिना लाईसेंस एवं परमिट के रखी हुई अवैध 347 देशी व अग्रेजी शराब के पव्वे 13 बोतल अग्रेजी शराब, 49 बोतल बीयर जब्त कर आरोपी इन्द्रसिंह को गिरफ्तार किया।



पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ सहित आरोपी को गिरफ्तार किया।

आरोपी के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है। थानाधिकारी भाटी ने बताया कि गत ०7 जुलाई 2024 को पुलिस थाना बिशनगढ द्वारा पांच हजार रूपये के गिरफ्तार ईनामी आरोपी नरेन्द्रसिंह उर्फ दशरथसिंह पुत्र अर्जुनसिंह जाति राजपुरोहित उम्र 32 साल निवासी मोदरान पुलिस थाना रामसीन जिला जालोर जो दिल्ली की एक व्यापारी से ०1 करोड रूपये की ठगी कर फरार हो गया था, जिससे 40.36 ग्राम स्मैक जब्त की गई थी। जिसने पूछताछ के दौरान आरोपी इन्द्रसिंह से मादक पदार्थ खरीदना एवं बाद में रूपयों के लेन-देन को लेकर फायरिंग के सम्बंध में प्रकरण दर्ज करवाना भी पूछताछ में बताया था। जिस पर भी आरोपी इन्द्रसिंह पर निगरानी रखी जा रही थी।

## ट्रक से अवैध शराब बरामद

**जोधपुर, (कासं)।** शहर की कुड़ी भगतासनी पुलिस ने आज सुबह शताब्दी सर्किल से आगे एक लावारिश ट्रक से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। ट्रक में मिट्टी के कट्टों के नीचे शराब लाद रखी थी। ट्रक में सात सौ से ज्यादा अंगे्रजी शराब की पेटियां बरामद हुई है। जिसकी अनुमानित कीमत 35 लाख रूपए है। कुड़ी पुलिस ने शराब को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई आरंभ की है।

पुलिस ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि शताब्दी सर्किल से आगे सांगरिया पुल के निकट एक स्थान पर लावारिश ट्रक खड़ा है। इस पर पुलिस वहां पहुंची तो ट्रक तिरपाल से ढ का मिला। तिरपाल को हटाकर उसे चेक किया गया तो मालूम हुआ कि उसमें मिट्टी के कट्टे भरे थे। जिसके नीचे अवैध शराब के कार्टन मिले। आरंभिक गिनती में यह शराब सात सौ पेटी होना बताया गया है। जिसकी अनुमानित कीमत 35 लाख रूपए है।

# राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के हाल बेहाल

- **ओपीडी में मरीजों की भीड़, चिकित्सक नदारद**

**कोटपूतली, (निसं)।** तमाम प्रयासों के बावजूद भी कस्बा स्थित राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल की व्यवस्थायें सुधरने का नाम नहीं ले रही है। उल्लेखनीय है कि जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर देश की राजधानी नई दिल्ली से लेकर प्रदेश की राजधानी जयपुर तक 300 बैडों की क्षमता वाला यह एकमात्र राजकीय जिला चिकित्सालय है। जहाँ ट्रोमा व ईमरजेंसी वार्ड भी संचालित है।

अस्पताल में प्रतिदिन बडी संख्या में एक्सीडेंट केसेज के साथ-साथ इन्डोर यूनिट में मरीज उपचार एवं महिलायें डिलेवरी के लिये आती है तो वहीं दूसरी ओर आउटडोर यूनिट में हजारों की संख्या में मरीज ईलाज के लिये आते है। अस्पताल परिसर में व्याप्त अव्यवस्थाओं व गंदगी का मुद्दा निरन्तर छाया रहता है। वहीं चिकित्सकों के भी अपनी सीट से बिना किसी सूचना के नदारद रहने की सूचनायें आती रहती है। भीषण गर्मी व उमस के इस मौसम में आउटडोर में दिखाने आये मरीजों को उपचार के लिये घण्टों का इंतजार करना पड़ता है। जिसका मुख्य कारण चिकित्सकों का बिना किसी पूर्व सूचना के अपनी सीट से नदारद रहना है। ऐसा ही नजारा सोमवार को अस्पताल में देखने को मिला।

प्रागपुरा से किसी मरीज को लेकर दिखाने आये राजेश हाडिया ने बताया कि अस्पताल के आउटडोर में ईएनटी चिकित्सक डॉ. एस.के.मीणा व डॉ. सुरेश यादव अपनी सीट से नदारद मिले। सोमवार प्रात: 10.30 से 11.30 करीब एक घण्टे तक दोनों चिकित्सक आउटडोर वार्ड में उपस्थित नहीं रहे। जिनके दरवाजे बंद थे एवं अनुपस्थित रहने की सूचना भी उपलब्ध नहीं करवाई गई थी। दोनों ही चिकित्सकों को दिखाने के लिये बड़ी संख्या में मरीजों की भीड़ वहां जमा हो गई। चिकित्सकों के नदारद होने के चलते कई मरीज बिना दिखाये ही वहां से चले गये। राजकीय अस्पतालों में चिकित्सकों के नहीं मिलने पर मरीजों को मजबुरन निजी क्लिनिक व घरों पर जाकर चिकित्सकों को मोटी फीस देकर उपचार के लिये विवश होना पड़ता है। बहरहाल देखना यह है कि सुशासन का सपना दिखाने वाली भाजपा सरकार व्यवस्थाओं में कुछ सुधार कर पाती है या नहीं।

# हत्या के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**खेतड़ी, (निसं)।** तीन साल पहले महिला की गाड़ी से कुचलकर हत्या कर फरार चल रहे आरोपी को खेतड़ी पुलिस ने देर शाम को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को जिले के टाप टेन बदमाशों में शामिल कर तीन हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा था।

सीआई भंवरलाल कुमावत ने बताया कि फिरासावाली ढाणी तन कांकरिया निवासी सुरेश सैनी ने 11 जून 2021 को रिपोर्ट दी कि सुबह करीब पांच बजे उनके घर पर एक कैम्पर व थार गाड़ी में करीब दस लोग सवार होकर आए। इस दौरान बलराम ने पिस्टल से दो राउंड फायर कर दहशत फैलाई तथा उसके परिवार के लोगों को गाड़ी में डालकर ले गए। इस दौरान आरोपियों ने उसकी माता सोनी देवी को गाड़ी से पटक कर बेरहमी से मारपीट की तथा गाड़ी से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद आरोपियों ने उसके पिता, भाई के साथ भी सरियों से बेरहमी से मारपीट की। जब गांव के अन्य लोग आए तो आरोपी उन्हें घायलावस्था में छोड़कर फरार हो गए।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी प्रवीण कुमार ने विशेष टीम का गठन कर मामले में फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए, जिस पर पुलिस की टीमें लगातार आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि महिला की हत्या के मामले में फरार आरोपी खेतड़ी कस्बे में आया हुआ है। जिस पर पुलिस की टीम ने दबिश देकर ढाणी भोपाला तन कांकरिया निवासी हरिराम गुर्जर पुत्र गणपत राम को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी भंवरलाल कुमावत, एएसआई देवेंद्र सिंह, कांस्टेबल राकेश कुमार, महेश कुमार आदि शामिल थे।

# राजस्थान में कार डीलर्स ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला

- **टैक्स बढोतरी के खिलाफ बनाई आंदोलन की रणनीति**
- **प्रतिनिधिमंडल ने जयपुर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा**

**जयपुर।** राजस्थान बजट में अन्य राज्यों की पुरानी कारों के ट्रांसफर एवं पुनः रजिस्ट्रेशन शुल्क में की गई अप्रत्याशित टैक्स बढोतरी में संशोधन की मांग को लेकर प्रदेशभर के कार डीलर्स आंदोलन की राह पर उतर आए हैं। इस संबंध में ऑल राजस्थान वाहन व्यापार संगठन (पुरानी कारें) ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम का ज्ञापन देकर टैक्स में राहत की मांग की है।

संगठन की ओर से जयपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में जुटे सैकड़ों डीलर्स ने एक स्वर में कहा कि पुराने टैक्स को ही यथावत रखा जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि आगामी 15 दिन में राज्य सरकार ने सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।

संगठन के संयोजक रजत छाबड़ा ने बताया कि अन्य राज्यों से खरीदी गई गाड़ियों का राजस्थान में रजिस्ट्रेशन करवाने पर वन टाइम टैक्स, ग्रीन टैक्स के रूप में देश के अन्य राज्यों की तुलना में सर्वाधिक पहले ही था, मगर अब इस बजट में यह टैक्स तीन गुना कर दिया गया है। ऐसा होने से औसतन एक पुरानी गाडी के रजिस्ट्रेशन शुल्क में बेहताशा बढोतरी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जब तक राज्य सरकार टैक्स बढोतरी के निर्णय को वापस नहीं लेगी तब तक प्रदेश के किसी भी जिला व क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में पुरानी कार का रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया जाएगा। इस आंदोलन की शुरूआत 17 जुलाई को सीकर में आरटीओ का घेराव के साथ की जाएगी। प्रेस वार्ता के बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने जयपुर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रदेश प्रवक्ता महेश पारीक ने बताया कि प्रदेश में अन्य राज्यों से खरीदी गई लगभग 300 कारों का प्रतिदिन रजिस्ट्रेशन होता है, जिससे करीब अढाई करोड़ राज्य सरकार को टैक्स के रूप में राजस्व की प्राप्ति होती है, यानी महीने में करीब 50 करोड़ रुपए टैक्स प्राप्त होता है। अब नए बजट में टैक्स में बढोतरी करने के निर्णय से प्रदेश के 30 हजार कार डीलर्स प्रभावित होंगे।




पुरानी कारों के ट्रांसफर शुल्क में की गई टैक्स बढोतरी में संशोधन की मांग को कार डीलर्स ने बैठक की।

श्रीगंगानगर कार एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन कुटवाणी ने बताया कि इस टैक्स बढोतरी से अन्य राज्यों के वाहनों का रजिस्ट्रेशन बंद होने से राज्य सरकार को सालाना 600 करोड़ रुपए का नुकसान होगा। उन्होंने बताया कि पुरानी छूट को यथावत रखने की मांग को लेकर प्रदेशभर के डीलर्स आंदोलित हैं। श्रीगंगानगर, जोधपुर, कोटा, चितौड़गढ, अजमेर, भीलवाड़ा में डीलर्स एसोसिएशन ने प्रदर्शन कर प्रभारी मंत्रियों व जिला कलेक्टर्स को ज्ञापन दिए हैं। इस संबंध में प्रदेशभर के डीलर्स ने बैठक कर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, विधायक रविंद्र सिंह भाटी सहित करीब 15 विधायकों को ज्ञापन देकर टैक्स बढोतरी पर रोक लगाने की मांग की है। बैठक के बाद सर्वसम्मति से रजत छाबड़ा को कार्यवाहक अध्यक्ष घोषित किया गया।

इससे पहले प्रतिनिधिमंडल ने परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा को ज्ञापन सौंपा। बैठक में आगामी आंदोलन की रणनीति के लिए 21 सदस्यीय प्रदेश स्तरीय संघर्ष समिति का गठन किया गया। इस मौके पर श्रीगंगानगर कार बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष नवनीत भठेजा, रिंकू, दारा सिंह,चंद्रसिंह, सन्नी वधवा, कोटा कार बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष सोहेल भाई उर्फ कुकु, जोधपुर कार एसोसिएशन के अध्यक्ष आशिफ भाई, नारायण सिंह, राहुल, विकास आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### महिला की गुमशुदगी का मामला दर्ज

**निवाई, (निसं)।** सदर पुलिस थाने में एक महिला की गुमशुदगी का मामला दर्ज हुआ है। थानाधिकारी जयमलसिंह ने बताया कि राहोली निवासी जुगलकिशोर जोशी ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी पत्नि सीमा उम्र 36 वर्ष 9 जुलाई को सुबह करीब 9 बजे बिना बताए घर से चली गई जिसकी तलाश करने व रिस्तेदारों से जानकारी लेने पर कोई पता नहीं चला है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



गुमशुदा सीमा

### 19 अतिक्रमियों को नोटिस जारी

**टोंक, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा के निर्देश पर नगर परिषद आयुक्त ममता नागर ने टोंक शहर में नाले पर हो रहे अतिक्रमण, अवैध निर्माण, मुख्य एवं आम रास्तों के अतिक्रमण पर सोमवार को कार्यवाही की। नगर परिषद की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 19 अतिक्रमियों को मौके पर नोटिस जारी किए गए। साथ ही, आमजन को अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण नहीं करने की समझाइश भी की गई। इस दौरान राजस्व अधिकारी राजपाल बुनकर समेत नगर परिषद के अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

### विजयमति माताजी का ससंघ प्रवेश

**मालपुरा (निसं)।** पचेवर कस्बे में चातुर्मास के लिये सोमवार को गणीनी आर्यिका 105 विशुद्धमति माताजी की परम शिष्या विजयमति माताजी ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। माताजी के पचेवर मे हुये मंगल प्रवेश पर जैन समाज के महिला-पुरूषो ने 51 स्वागत द्वार बना माताजी का पाद प्रक्षालन करते हुये भव्य अभिनन्दन किया। बडी संख्या में मौजूद जैन समाज के लोगों ने जीओं और जीने दो व जय जिनेन्द्र के जयघोष लगाते हुये स्वागत किया।

### मांस विक्रेताओं ने सौंपा ज्ञापन

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय मांस विक्रेताओं ने सोमवार को नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी मनोहरलाल जाट को ज्ञापन देकर एनओसी जारी करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि लगातार मांस व्यापार और मांसाहार की दुकानों को बिना किसी उचित अवसर दिए सीज करना और बेवजह निशाना बनाए जाने से एक वर्ग विशेष को टारगेट करना प्रतीत हो रहा हैं। मांसाहार से जुडे लोगों ने नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी को कच्चा मांस बेचने के लिए एनओसी जारी करने की मांग की है। मांस विक्रेता ने उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया और पुलिस उपाधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा को भी ज्ञापन दिया हैं। इस दौरान अल्लाह रख्खा, तब्बसुम बानो, मो.साजिद, आरिफ मोहम्मद, अकरम, वसीम व इमरान सहित कई मांस विक्रेता मौजूद थे।

### स्नात्तक सेमेस्टर-2 की परीक्षायें आज

**कोटपूतली, (निसं)।** राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा आयोजित सेमेस्टर परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र 0371 राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में मंगलवार को बीए, बीएससी व बीकॉम सेमेस्टर-2 परीक्षा 2024 बेसिक ऑफ टयुरिजम कन्सेप्टस प्रातः 11 से 12 बजे तक आयोजित करवाने हेतु हंस कॉलेज कोटपूतली में परीक्षार्थियों की व्यवस्था की गई है। जिसमें बीए में कुल 485, बीएससी (बायो) में कुल 77, बीएससी (गणित) में कुल 55 व बीकॉम में कुल 08 परीक्षार्थी शामिल होगें। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने बताया कि उक्त परीक्षार्थी निर्धारित समय पर हंस महाविद्यालय में परीक्षा देने हेतु प्रातः 10 बजे उपस्थित होवें।

### बाइक चोरी का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय थाना पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरी की एक वारदात का 48 घण्टे से भी कम समय में पर्दाफाश किये जाने में सफलता हांसिल की है। पुलिस के अनुसार कस्बे के वार्ड नं. 33 छोटा बाजार निवासी दिनेश श्रीवास्तव ने दर्ज करवाया कि 10 जुलाई को उसके ससुर जगदीश प्रसाद माथुर उदयपुरवाटी से मोटरसाईकिल स्पलेंडर प्लस से शाम 5 बजे उनके घर पर मिलने के लिये आये थे।

# युवक पर जासूसी करने के शक को लेकर कुछ लोगों ने की मारपीट

**मनोहरपुर, (निसं)।** थाना इलाके के खोरा रोड पर अपने चाचा के लड़के को घर छोडकर वापस आ रहे युवक पर जासूसी करने के शक के चलते कुछ लोगों ने रविवार रात्रि को मारपीट की। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पुलिस ने सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया। उक्त मामले में पीड़ित ने पर्चा बयान देते हुए मामला दर्ज़ करवाया है। वही पुलिस ने कार्यवाही कर मारपीट के आरोपी सात लोगों को गिरफ्तार करने की सफलता हासिल की।

जानकारी अनुसार थाना प्रभारी राजेन्द्र यादव ने बताया की कस्बे के अंबेडकर नगर में रहने वाला शशिकांत बेनीवाल अपने चाचा के लडके सुरेश बेनीवाल को खोरा रोड पर घर छोडकर आ रहा था। इसी दौरान खोरा रोड पर जमीन पर निर्माण कर रहे कुछ लोगों ने उस पर जासूसी का शक जाहिर करते हुए थाप मुक्कों से मारपीट की और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस पर घायल को बाद में थाना पुलिस ने मनोहरपुर के राजकीय चिकित्सालय में बेहोशी की हालत में भर्ती करवाया। जिसको करीब 1 घंटे बाद होश आने के बाद मौके पर ही उससे डॉक्टर की मौजूदगी व एएसआई जयराम यादव के समक्ष पर्चा बयान देते हुए बताया की वह चाचा के लडके को घर छोडकर आरहा था। इसी दौरान खोरा रोड पर जमीन पर निर्माण कर रहे काना राम गुर्जर, हेमराज गुर्जर, सुनील सहित अन्य 30 से 40 लोगों ने उसके साथ मारपीट की और जातिसूचक शब्दो से गाली गलोच की।



मनोहरपुर पुलिस ने सात आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की।

मामले की गंभीर स्थिति को देखते हुए मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली हरिप्रसाद शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक शाहपुरा उमेश निठारवाल, चंदवाजी थाना प्रभारी सुगम सिंह राठौड, रायसर थाना पुलिस मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे और मारपीट के आरोपी सात लोग रेवडमल पुत्र मानाराम 57 साल निवासी आमालियो का बास, जयराम पुत्र भगवान सहाय गुर्जर 21 साल निवासी टोडी, अशोक पुत्र कैलाश चंद गुर्जर उम्र 24 साल निवासी टोडी, बनवारी लाल पुत्र सुरेश कुमार गुर्जर उम्र 19 साल निवासी देव कॉलोनी मनोहरपुरा, सुरेश पुत्र नानगराम गुर्जर उम्र 52 वर्ष देव कॉलोनी मनोहरपुर, मामराज पुत्र नानग राम गुर्जर उम्र 47 साल निवासी देव कॉलोनी, सुल्तान पुत्र बंशीधर गुर्जर उम्र 40 साल निवासी धोलियो की ढाणी भानीपुरा शाहपुरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा अन्य की तलाश जारी है। वही पुलिस ने एससीएसटी में मामला दर्ज कर शांति भंग के मामले में 7 जनों को गिरफ्तार किया है। वही एससीएसटी एक्ट के मामले की जांच पुलिस उपाधीक्षक शाहपुरा कर रहे हैं।

■ मामले की गंभीरता देखते हुए पुलिस के कई अधिकारी मौजूद रहे

## छात्रसंघ चुनाव बहाल करवाने की मांग, एनएसयूआई छात्रों का प्रदर्शन

**कोटपूतली, (निसं)।** राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष छात्रसंघ चुनाव ना करवाये जाने की घोषणा के बाद एनएसयुआई कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश भर में लगातार विरोध एवं धरना प्रदर्शन किये जाकर छात्रसंघ चुनाव बहाल किये जाने की मांग की जा रही है। इसी क्रम में एनएसयुआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने छात्र नेता राकेश मुक्कड के नेतृत्व में कस्बा स्थित राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय के मुख्य द्वार को बंद कर पोस्टर व बैनर लहराते हुये छात्रसंघ चुनाव बहाल करवाये जाने की मांग कर नारेबाजी करते हुये जोरदार धरना प्रदर्शन किया। वहीं इस सम्बंध में प्राचार्य प्रो. आर. के. सिंह को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम ज्ञापन भी सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि प्रदेश में पिछले वर्ष भी छात्रसंघ चुनाव विधानसभा चुनाव के चलते नहीं करवाये गये। छात्रसंघ चुनाव राजनीति की पहली सीढ़ी होती है। इससे प्रदेश भर के छात्र नेताओं में हताशा है। ज्ञापन में छात्रसंघ चुनाव को करवाये जाने की मांग की गई है। ताकि छात्र राजनीति में आगे बढकर विश्वविधालयों व महाविधालयों में विधार्थियों की परेशानी का हल कर सकें। मुक्कड़ ने कहा कि छात्रों के भविष्य एवं उनके हक व अधिकारों को सुरक्षित करने के लिये छात्रसंघ चुनाव बेहद आवश्यक है।

इस दौरान एनएसयुआई कार्यकर्ताओं ने नीट पेपर को रद्द किया जाकर 24 लाख विधार्थियों के भविष्य को भी सुरक्षित किये जाने की मांग की। इस मौके पर एनएसयुआई कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक छात्रसंघ चुनाव बहाल नहीं होगें, तब तक आन्दोलन जारी रहेगा। इस दौरान छात्र नेता मालीराम सैनी, आशीष यादव, अभिषेक शर्मा, राहुल जाखड़, टिंकु मीणा, सुनील मुक्कड़, मोहित सराधना, सच्ची सुद, योगेश, सुभाष गुर्जर, टिंकु, राज शर्मा, देशराज, विक्रम, विकास, विमलेश, मुकेश, पतराम, विजय समेत अन्य छात्र मौजूद रहे।

■ मुख्यमंत्री के नाम प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

## 57 दिव्यांग जनों के बने नवीन चिकित्सकीय प्रमाण पत्र

**खैरथल, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की और से शुरू किए गए जिले में नवाचार सशक्त खैरथल-तिजारा अभियान के तहत सोमवार को सेटेलाइट हॉस्पिटल खैरथल पर प्रथम चरण के सर्वे में चिन्हित किए गए 57 दिव्यांगों जनों को द्वितीय चरण में शिविर के माध्यम से नवीन चिकित्सकीय प्रमाण पत्र जारी किए गए तथा 27 दिव्यांग जनों को रेफर किया गया। मंगलवार को किशनगढबास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शिविर आयोजित कर प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

नोडल अधिकारी जिला परिवीक्ष एवं समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि 6 सदस्य टीम ने सैटेलाइट अस्पताल में दिव्यांग जनों का परीक्षण कर प्रमाण पत्र जारी किए। शिविर में खैरथल में चिन्हित कुल 249 दिव्यांग जनों में से 40 से अधिक विकलांग कुल 57 दिव्यांग जनों का प्रमाण पत्र बनाया गया तथा शेष प्रशिक्षण में अपात्र रहे। शिविर प्रभारी ने बताया कि जिला कलेक्टर की ओर से शुरू किए गए जिले में नवाचार सशक्त जिला खैरथल तिजारा अभियान के तहत लगाए गए शिविर में ऐसे लोगों के प्रमाण पत्र बनाए गए जिन्होंने आज तक पात्रता रखते हुए भी आवेदन नहीं किया।

■ जानकारी के अभाव में 13 वर्षीय मयंक रहा योजनाओं से वंचित



प्रमाण पत्र मिलने पर अभिभावकों ने कलेक्टर का आभार जताया

चिकित्सा बोर्ड के सदस्य डॉ राहुल सेन ने बताया कि शिविर में जारी प्रमाण पत्र को ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन कराया जाना अनिवार्य है ताकि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिव्यांगजन को मिल सके। 13 वर्षीय मयंक जो की जन्म से मस्तिष्क पक्षाघात विकलांगता से ग्रसित था परंतु जानकारी के अभाव में आज तक आवेदन नहीं करने के कारण विकलांगता प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पाया। अभियान के प्रथम चरण में 13 वर्षीय मयंक को चिन्हित कर शिविर में 100 का मस्तिष्क पक्षाघात ग्रसित विकलांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया तो अभिभावकों ने प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस अभियान के तहत जिले के लगभग सभी दिव्यांगों को चिन्हित कर शिविरों के माध्यम से पात्रता अनुरूप विकलांगता प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे है। जिला कलेक्टर शुक्ला ने बताया कि मंगलवार को सामुदायिक चिकित्सा केंद्र किशनगढबास में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें चिन्हित दिव्यांग जनों का पात्रता अनुरूप प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। शिविर के प्रभारी उपखंड अधिकारी किशनगढबास रहेगें तथा शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा।

## भगवान जगन्नाथ चले जानकी मैया ब्याहने

**अलवर, (निसं)।** अलवर जिले की शान भगवान श्री जगन्नाथ महाराज की रथ यात्रा सोमवार को पुराना कटला स्थित जगन्नाथ मंदिर से साय रवाना हुई। भगवान श्री जगन्नाथ जानकी माता को ब्याहने आज देर रात इन्द्र विमान में बैठकर अपने ससुराल रूपबास के लिए रवाना हुए।

मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रषासन पूरी तरह से चाक चौबंद रहा। रथयात्रा देर रात रूपबास पहुंची जहां पांच दिवसीय विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। जगन्नाथ मेले के अवसर पर एकादषी पर 17 जुलाई को जिला कलेक्टर की तरफ से मेला अवकाष घाषित किया गया है। यहां पर उल्लेखनीय है कि जगन्नाथ भगवान की इस यात्रा के साथ ही शहर में चहल पहल चौबीसों घंटे रहती है। अनेकों बैण्ड बाजों के साथ एवं कई झाकियों के साथ यह रथ यात्रा चलती है जिसे देखने पूरा जिला उमडता है। भगवान के सेवक चौबीसों घंटे मीठे जल की प्याउ लगाकर पुण्य कमाते है तो कही भण्डारों का आयोजन होता है।



भगवान श्री जगन्नाथ जानकी माता को ब्याहने इन्द्र विमान में बैठकर अपने ससुराल रूपबास के लिए रवाना हुए।

## अवैध संचालित कोचिंगों पर कार्यवाही की मांग

**टोंक, (निसं)।** स्कूल शिक्षा परिवार की जिला ईकाई के अधिकारियों ने जिला कलेक्टर को इस संबंध में एक पत्र प्रेषित कर बताया कि गाईडलाईन फोर रजिस्ट्रेशन कोचिंग सेन्टर 2024 की पालना सुनिश्चित कराने के लिए शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाये। जिससे छात्रों के भविष्य के संग किसी किस्म का खिलवाड ना हो सके।

निजी विद्यालयों के संगठन स्कूल शिक्षा परिवार द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर केंद्र सरकार की इस गाइडलाइन की अनुपालना के लिए जिला स्तरीय समिति गठित करवाने के लिए जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने की बात कही। संघ के जिलाध्यक्ष शब्बीर नागौरी ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि कोचिंगों के बढते मकडजाल ने बच्चों के भविष्य को जकड रखा है। ये कतिपय संस्थान 16 साल से कम के उम्र के बच्चों को स्कूलों से दूरकर उनके बचपन को छीन रहे है। संघ के महामंत्री एडवोकेट विशाल श्रीवास्तव ने प्रेस को बताया कि नई गाइडलाइन के अनुसार कोचिंग ओर ट्यूशन सेंटर का रजिस्ट्रेशन जरूरी है साथ ही उन्हें भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र के अलावा फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट तथा साथ ही अपने संस्थान की वेबसाइट पर सभी सूचनाएं डालने की जानकारी दी।

उच्चतर शिक्षा विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार में स्पष्ट सुझाव दिये गये है जिसमें राजकीय पाठ्यचर्चा की रूपरेखा में कोचिंग संस्कृति को समाप्त करने की रणनीति से सम्बन्धित मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई है।

# दलित समाज के युवक से हुई मारपीट के विरोध में निकाला पैदल मार्च

**मालपुरा, (निसं)।** सिंधोलिया गांव में दलित समाज के युवक के साथ हुई मारपीट के विरोध में लाम्बद्ध हुये दलित समाज के लोगों ने सोमवार को शहर में पैदल मार्च निकाल प्रदर्शन करते हुये राष्ट्रपति के नाम एसडीएम अमित चौधरी को सौंपा ज्ञापन।

अम्बेडकर विचार मंच के अध्यक्ष गजेन्द्र बोहरा की अगुवाही में बैरवा धर्मशाला अम्बेडकर सर्किल से दलित समाज के महिला-पुरूषों ने दलित समाज पर हो रहै हत्याचार को रोकने व आरोपियो की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुये शहर के मुख्य मार्गो से पैदल मार्च निकाल कोर्ट परिसर पहुंचे। परिसर में पुलिस प्रशासन होश में आओं, दलितो पर हत्याचार नहीं सहेगा समाज जैसी नारेबाजी करते हुये जमकर प्रदर्शन किया। सौंपे गये ज्ञापन मे अवगत करवाया कि बीते दिनो सिंधोलिया गांव मे हंसराज बैरवा पर गांव के ही लोगों ने हमला कर जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुये मारपीट कर गंभीर घायल कर दिया। मालपुरा अस्पताल मे प्राथमिक उपचार के बाद हंसराज को जयपुर रैफर किया गया। नामजद पुलिस प्राथमिकी दर्ज करवाने के बावजूद लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी करने मे शिथिलता बरत रही है। ऐसे मे पिडित परिवार के अन्य लोगों की सुरक्षा को लेकर भी परिवार भयभीत है। पिडित परिवार को पुलिस संरक्षण दिलाने के साथ-साथ जल्द आरोपियो की गिरफ्तारी की मांग की साथ ही सौंपे गये दूसरे ज्ञापन में अवगत करवाया कि बीते दिनो रेगर समाज के अध्यापिका ललिता रेगर जो कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुढ़ा अखेराजपुरा देसुरी नाडोल जिला पाली मे कार्यरत है जिसके साथ दुर्भावनाओं से हो रहे हत्याचार व शोषण की दलित समाज व अम्बेडकर विचार मंच कडे शब्दों मे निन्दा करते हुये कार्यवाही की मांग की।

ज्ञापन के दौरान भीम आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष शोहब खान, जिलाध्यक्ष नरेश बैरवा, प्रदेश संयोजक राजकुमार ध्वन, बैरवा समाज अध्यक्ष रामस्वरूप, बनवारी लाल मैहरू, रामलाल फौजी, नरेन्द्र वर्मा, विनोद वर्मा सहित बडी संख्या में मौजूद भीम सैनिक मौजूद रहे। ज्ञापन के दौरान अवगत करवाया कि आरोपियों पर पांच दिवस में कार्यवाही नहीं होने पर समाज उग्र आंदोलन करेगा।




दलित समाज के लोगों ने पैदल मार्च निकाल राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

■ आरोपियों पर पांच दिवस में कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी

## सार-समाचार

### कलेक्ट्रेट परिसर में किया पौधारोपण



**टोंक, (निसं)।** मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान 2024 के तहत सोमवार को मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया गया। उपखंड अधिकारी राहुल सैनी, नगर परिषद आयुक्त ममता नागर, सूचना एवं विज्ञान अधिकारी रमेश चंद जैन, एडीईओ सुशील कुमार अग्रवाल समेत कलेक्ट्रेट स्टॉफ के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने पौधारोपण किया। पौधारोपण कार्यक्रम में नगर परिषद की कनिष्ठ तकनीकी सहायक श्रीयंका के सहयोग से सभी कर्मचारियों ने इनकी सुरक्षा एवं देखभाल की शपथ ली।

### सरस्वती माता की प्राण प्रतिष्ठा

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे की सब्जी मंडी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 1 चाकसू में सोमवार को सरस्वती माता की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। भूतपूर्व प्रधानाचार्य जगदीश नारायण गुप्ता ने विधि विधान से मूर्ती की स्थापना कराई। इस अवसर पर कैलाश शर्मा पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी हनुमान सहाय मीना सी.बी.ओ प्रकाश चंद मीना एडी.सी.बी.ओ रामलाल मीना (पी.ई.ओ) हनुमान सहाय शर्मा (राष्ट्रपति पुरस्कार शिक्षक) गंगाधर मीना प्रधानाध्यापक महावीर प्रसाद गुप्ता (अध्यक्ष पेंशनर समाज) रामप्रसाद जाट (अध्यक्ष राष्ट्रीय शिक्षक संघ) रामवतार शर्मा (संगठन मंत्री) राजेंद्र प्रसाद शर्मा (जिला कोषाध्यक्ष) रामजीलाल गुप्ता रमेश चंद्र शर्मा हनीफ मोहम्मद रामकेश मीना (शा. शि) आदि मौजूद रहे। इस मौके पर बालकों सहित सभी की पंगत प्रसादी कराई गई।

### पानी की समस्या से करवाया अवगत

**पीपलू, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के रानोली उप तहसील मुख्यालय पर जल जीवन मिशन योजना द्वारा संचालित घर घर में नल कनेक्शन दिए गए थे पर पेयजल सप्लाई सुचारू रूप से नहीं हो रही है जिसके चलते ग्रामीणों को दूर दराज से पीने के लिए पानी लेकर आना पडता है। कस्बे में पिछले तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति बंद हो रही है जिसके चलते ग्रामीणों ने पंचायत पहुंच सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर सेनी को अवगत कराया गया। उन्होंने ने बताया कि पिछले डेढ माह में टयुबवेल खराब हो रही है। वही एक टयुबवेल तालाब परिसर में लगी हुई है जो पानी में डुब गई। जिसके चलते पानी सप्लाई बंद हो गई है वहीं झिराना पम्प हाउस में लगी टयुबवेल खराब हो जाने के कारण समस्या हो रही है। वही ग्रामीणों ने अवैध रूप से नल कनेक्शन हो रहें हैं जिनको बंद करवाने के लिए अवगत करवाया। सरपंच प्रतिनिधि ने जल्दी ही सुचारू रूप से पेयजल सप्लाई चालू करने केलिए कहा इस दौरान छोटु लाल मीणा, पवन कुमार स्वामी, शंकर लाल तंवर, बन्ना लाल माली, गोपाल लाल सैनी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### अंडर-19 की ट्रायल में 24 खिलाड़ी शामिल

**दौसा, (निसं)।** ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में अंडर 19 चैंपियनशिप के लिए टीम का चयन निष्पक्ष और पारदर्शिता हेतु ज़िले से बाहर के सेलेक्टर्स पूर्व रणजी खिलाडी अनिल सिन्हा एवं क्रिकेटर मेघराज यादव को आमंत्रित किया गया। उन्होंने पूरी पारदर्शिता के तहत टीम का चयन किया। अंडर-19 की ट्रायल में जिले से लगभग 83 खिलाडी शामिल हुए जिनमें से 24 खिलाडियों को दो राऊंड की ट्रायल के बाद शॉर्टलिस्ट किया गया। इन 24 खिलाडियों में टीम बनाकर मैच कर एक संतुलित टीम का गठन कर लिया जाएगा। टीम में त्रिवेंद्र मीणा, स्वरित शर्मा, राम शर्मा, लीलाधर मीणा, नवरत्न सैनी, विजय मीणा, देवकृत शर्मा, भावेश शर्मा, आर्यन गुर्जर, ध्रुव सेठी, सचिन मीणा, अजीत गुर्जर, शान अवस्थी, नवीन गुर्जर, विकास राजावत, पृथ्वी नगरवाल, सार्थक नागर, योगेश मरोडा, जतिन शर्मा, आदित्य भट्ट, पीयूष सैनी, वैभव शर्मा, सचिन शर्मा, कैशव जोशी है।

### मेडिकल समस्याओं को लेकर चर्चा

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के गणगौरी बाजार स्थित श्री रामद्वारा भवन परिसर में राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा फुलेरा की मासिक बैठक शिक्षाविद् शक्ति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान आर जी एच एस के नियमो में हुए बदलावों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मेडिकल समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गई। इसके उपरान्त नये पेंशनर्स का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। साथ ही दिवंगत पेंशनरों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद बैठक में योग प्राणायाम का भी अभ्यास करवाकर उनके बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और इनका महत्व बताया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद् भंवर लाल कुमावत, ओम प्रकाश शर्मा, इकरामुद्दीन कुरैशी, विमल शर्मा, गंगा काशी जाट, जगदीश प्रसाद, रामपाल कुमावत, रमेश चन्द शर्मा, शीला वॉयलाट, प्रताप सिंह, हनुमान चुंडावत, कन्हैया लाल, बोदूराम, गोपाल लाल, हनुमान सिंह, भंवर लाल, गलोरिया डेविड, एस्टर जोन सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर परिषद, चौमूं-जयपुर (राज.)**
दूरभाष - 01423.220036 ई-मेल - chomu.jaipur@yahoo.com
क्रमांक 985 दिनांक 11.07.2024
**आपत्ति सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका अनुसार मृतक सफाई कार्मिक / जमादार की मृत्यु उपरान्त तालिका में अंकित इनके आश्रितों द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति चाही हैं। अतः इस संदर्भ में किसी को आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस में अपनी आपत्ति नगर परिषद चौमूं में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजरने मियाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नही किया जावेंगा।

| क. स. | मृतक कार्मिक का नाम | मृत्यु दिनांक | अनुकम्पा नियुक्ति चाहने वाले आश्रित का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री बिहारी लाल हरिजन पुत्र पूरणमल हरिजन | 26.03.2024 | हेमराज टोपिया पुत्र बिहारी लाल हरिजन |
| 2 | श्री प्यारेलाल हरिजन पुत्र गुरुबक्श हरिजन | 18.04.2024 | राहुल बिंवाल पुत्र प्यारेलाल |

राज.संवाद/सी/24/2316 आयुक्त

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता (सिविल लाईन जोन)**
**नगर निगम जयपुर हैरिटेज**
(साईन्स पार्क के पास, शास्त्री नगर, जयपुर)
क्रमांक :- एफ-29( ) अ.अ.सि.ला.जोन/24-25/188 दिनांक :- 11/07/2024
**ई- निविदा सूचना संख्या 17 से 19/2024-25**
केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभागों में पंजीकृत "एए", "ए" व अन्य उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न विकास कार्यों की निविदां आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण राज्य सरकार के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in तथा नगर निगम जयपुर हैरिटेज की Web Site www.jaipurmcheritage.org पर देखी व Download की जा सकती है तथा निर्धारित अवधि तक ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकेगीं। SPPP portal UBN No. JMC2425WSOB00300 & JMC2425WSOB00302
राज.संवाद/सी/24/2263 अधिशाषी अभियन्ता, सिविल लाईन जोन नगर निगम जयपुर हैरिटेज

**कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर)
क्रमांक :- ज.स.अ./2024/56 दिनांक :- 12/07/2024
**ई-बोली सूचना सं. राजस्व अधिकारी (मुख्यालय) 10/2024-2025**
केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कार्य करने का अनुभव रखने वाले एवं नगर निगम, ग्रेटर जयपुर के पंजीकृत इच्छुक बोलीताओं से नगर निगम, ग्रेटर जयपुर द्वारा आयोजित किये जाने वाले विभिन्न प्रचार-प्रसार, समारोह, उत्सव, सेमीनार, अभियान, शिविर व अन्य कार्यक्रमों में ध्वनि प्रसारण हेतु साउण्ड सिस्टम एवं स्टेज लाईट किराये पर लेने के कार्य हेतु ई-बोली दिनांक 22.07.2024 सायं 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, बिड के नियम, शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम, ग्रेटर जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.raj.nic.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।
UBN No. :- JMC2425AO292
राज.संवाद/सी/24/2289 अतिरिक्त आयुक्त (मु0) नगर निगम ग्रेटर जयपुर




कार्ल आसानी के साथ सबसे बेहतरीन प्लेयर्स में से एक थे। मैं कहूंगा कि सचिन तेंदुलकर और मैं भी उस टैलेंट के आसपास नहीं थे
-ब्रायन लारा

वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ने अपनी किताब में विंडीज के ही पूर्व बल्लेबाज कार्ल हूपर को जमकर सराहा।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** शुभमन गिल



जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत के बाद शुभमन गिल ने कहा कि मुझे लगता है कि पहला मैच हारने के बाद हमने जो जीतने की भूख दिखाई। वह शानदार थी। जब हम यहां आए थे तो सभी नेट पर ज्यादा अभ्यास नहीं कर पाए थे। हम परिस्थितियों से सांमजस्य नहीं बना पाए थे। जिस तरह से हमने खुद को ढाला, वह शानदार था। मैं एशिया कप के लिए एक बार वहां (श्रीलंका) गया हूं। वहां जाकर प्रदर्शन करने के लिए इंतजार कर रहा हूं। भारत 27 जुलाई से श्रीलंका के खिलाफ छह मैचों की सीरीज खेलेगा जिसमें तीन टी20 और इतने ही वनडे मैच शामिल हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल में पहली हैट्रिक करने का श्रेय फीफा अमेरिका के बेट्रेम को जाता है, वहीं कुछ लोग अर्जेंटीना के गुलिरेमा स्टे विल को यह सम्मान देते हैं।

## स्पेन ने जीता यूरो कप-2024, फाइनल में इंग्लैंड को दी 2-1 से मात

### स्पेन यूरो कप को 4 बार अपने नाम करने वाला पहला देश भी बन गया



नयी दिल्ली, 15 जुलाई। यूरो कप 2024 का फाइनल मुकाबला अब तक इस टूर्नामेंट में जबरदस्त प्रदर्शन करने वाली 2 बेहतरीन टीमें स्पेन और इंग्लैंड के बीच जर्मनी की राजधानी बर्लिन में खेला गया। दोनों ही टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली जिसमें अंत में स्पेन की टीम ने इस फाइनल मैच को 2-1 से अपने नाम करने के साथ खिताब को भी जीतने में सफलता हासिल की। इसी के साथ स्पेन यूरो कप को 4 बार अपने नाम करने वाला पहला देश भी बन गया है। हालांकि उन्हें चौथी ट्रॉफी जीतने के लिए 12 साल का लंबा इंतजार भी करना पड़ा।

स्पेन और इंग्लैंड के बीच यूरो कप 2024 के फाइनल मुकाबले को लेकर बात की जाए तो उसमें मैच के पहले गोल के लिए 47वें मिनट तक का इंतजार करना पड़ा जिसमें स्पेन टीम नीको ने पहला गोल किया जो 47वें मिनट में आया। यहां से स्पेन ने मैच में 1-0 की बढ़ त जरूर बना ली थी, लेकिन इसके बाद इंग्लैंड ने जल्द वापसी की और उनकी तरफ से मैच के 73वें मिनट में पाल्मर ने गोलकीपर को छकाते हुए जबरदस्त गोल किया, जिससे मैच 1-1 की बराबरी पर आ गया।

इंग्लैंड ने इस मुकाबले को 1-1 से बराबर करने के साथ काफी आक्रामक तरीके से खेलना शुरू किया जिसके जवाब में स्पेन की टीम भी कुछ ऐसा ही करते हुए दिखाई दी और उनके अनुभवी खिलाड़ी ओयारजबाल ने खेल के 86वें मिनट में गोल करते हुए स्पेन को इस मैच में 2-1 की बढ़ त दिला दी।

90 मिनट का खेल खत्म होने के बाद एक्सट्रा टाइम के लिए मिले 4 मिनट में भी इंग्लैंड की टीम गोल करने में कामयाब नहीं हो सकी और स्पेन ने 12 सालों के बाद यूरो कप को अपने नाम किया जिसमें उन्होंने ये खिताबी मुकाबला 2-1 से जीता। वहीं इंग्लैंड पहली बार यूरो कप को ना जीत पाने के बाद उनके खिलाड़ी और फैंस के चेहरों पर साफतौर पर निराशा देखने मिली।

## अर्जेंटीना ने जीता कोपा अमेरिका-2024 का खिताब

### लियोनल मेसी के नाम दर्ज हुआ ऐतिहासिक कीर्तिमान



नयी दिल्ली, 15 जुलाई। कोपा अमेरिका 2024 के फाइनल मुकाबले में अर्जेंटीना और कोलंबिया की टीम के बीच में भिड़ंत देखने को मिला। इस मैच में अर्जेंटीना टीम की एक और शानदार जीत देखने को मिली जिसके साथ ही महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनल मेसी के नाम भी एक ऐसा कीर्तिमान दर्ज हो गया जिसे तोड़ पाना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान काम नहीं होने वाला है। अर्जेंटीना की टीम ने फाइनल मुकाबले में कोलंबिया की टीम को 1-0 के अंतर से मात दी।

अर्जेंटीना की टीम ने कोपा अमेरिका के खिताब को रिकॉर्ड 16वीं बार अपने नाम किया है। वहीं उन्होंने साल 2021 में भी इस ट्रॉफी को जीता था जब फाइनल मुकाबले में उन्होंने ब्राजील की टीम को मात दी थी। अर्जेंटीना और कोलंबिया के बीच फाइनल मुकाबले को लेकर बात की जाए तो इस खेल में 90 मिनट का समय पूरा होने तक दोनों ही टीम एक भी गोल करने में कामयाब नहीं हो सकी थी, ऐसे में परिणाम हासिल करने के लिए एक्सट्रा टाइम में खेल को लेकर जाया गया जहां अर्जेंटीना टीम के खिलाड़ी मार्टिनेस ने खेल के 112वें मिनट में गोल करने के साथ अपनी टीम एक रोमांचक जीत दिलाने का काम किया। मार्टिनेज ने इस पूरे टूर्नामेंट के दौरान कुल 5 गोल किए जिसमें उन्हें गोल्डन बूट का अवॉर्ड भी मिला।

महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनल मेसी अपनी टीम अर्जेंटीना की इस जीत के साथ खुद के नाम एक बड़ा कीर्तिमान दर्ज करने में भी कामयाब हो गए, जिसमें मेसी फुटबॉल जगत में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिसमें एक खिलाड़ी के रूप में उन्होंने अपनी 45वीं ट्रॉफी जीती। मेसी कोपा अमेरिका 2024 के फाइनल मैच में चोट के चलते पूरा मुकाबला नहीं खेल सके थे और 66वें मिनट में फील्ड से बाहर चले गए।

## अभिषेक का ओलंपिक का सपना होगा साकार

नई दिल्ली, 15 जुलाई। भारतीय पुरुष हॉकी टीम जल्द ही पेरिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने के लिए मौजूदा ओलंपिक कांस्य पदक विजेता के रूप में फ्रांस में उतरेगी। ओलंपिक में पदार्पण करने वाले कई खिलाड़ियों में फॉरवर्ड अभिषेक भी शामिल हैं, जिनका सपना मैदान पर उतरने के साथ साकार होगा।अभिषेक के लिए ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करना एक सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने साझा किया, जब मैं 14 साल का था, तब से ओलंपिक में भारत के लिए खेलना मेरा सपना रहा है। यह एक विशेषाधिकार और जिम्मेदारी है जिसे मैं बहुत गंभीरता से लेता हूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं और पूरे देश को गौरवान्वित करना चाहता हूं। हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले अभिषेक का परिवार उनकी ओलंपिक उपस्थिति से खुश है। यह उनके लिए अवास्तविक है। उन्होंने कहा जब मैंने हॉकी में अच्छा प्रदर्शन करना शुरू किया, तो हमें सबसे ज्यादा उम्मीद सरकारी नौकरी की थी।

## अभी बहुत कुछ बाकी है : रोहित शर्मा

### रोहित शर्मा ने बताया टेस्ट और वनडे से अपने रिटायरमेंट का प्लान




नई दिल्ली, 15 जुलाई। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद टी20 इंटरनेशनल फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि रोहित शर्मा के 2027 वर्ल्ड कप तक टेस्ट और वनडे फॉर्मेट से भी संन्यास ले लेंगे। जब उनसे इस संबंध में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वह इतना दूर के बारे में नहीं सोचते हैं, लेकिन फैंस उन्हें कुछ समय तक खेलता जरूर देख सकेंगे। बता दें कि बीसीसीआई सचिव जय शाह पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि रोहित शर्मा ही आगामी चैंपियंस ट्रॉफी और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में अगर भारत पहुंचता है तो टीम इंडिया के कप्तान होंगे।

टी20 से संन्यास के बाद अब रोहित शर्मा के वनडे और टेस्ट फ्यूचर को लेकर हर जगह बात हो रही है।

रविवार को डलास में एक कार्यक्रम के दौरान रोहित शर्मा से एक बार फिर अन्य दोनों फॉर्मेट से संन्यास के बारे में पूछा गया। इस पर भारतीय कप्तान ने कहा कि वे बहुत आगे का नहीं सोचते हैं, लेकिन अभी उनमें बहुत कुछ बाकी है। रोहित शर्मा ने कहा कि मैंने अभी कहा कि मैं इतना दूर तक नहीं सोचता हूं। इसलिए स्पष्ट रूप से आप मुझे कुछ समय खेलते जरूर देखेंगे। रोहित शर्मा की इस प्रतिक्रिया से डलास में दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाकर उनके बयान का स्वागत किया।

## बॉक्सिंग इवेंट में भारत को मेडल जीतने की उम्मीद

### इस बार पदकों की संख्या दहाई के आंकड़े तक पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है

नयी दिल्ली, 15 जुलाई। भारत की तरफ से इस बार फ्रांस की राजधानी पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में भारतीय दल से सभी को काफी उम्मीदें हैं। टोक्यो ओलंपिक में भारत जहां 7 पदक जीतने में कामयाब हो सका था तो वहीं इस बार पदकों की संख्या दहाई के आंकड़े तक पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। इसमें बॉक्सिंग के होने वाले इवेंट्स पर भी सभी की नजरें रहेंगी जिसमें महिला और पुरुष खिलाड़ियों को मिलाकर कुल 6 प्लेयर्स हिस्सा ले रहे हैं। इसमें सबसे बड़े नाम के रूप में देखा जाए तो उसमें स्टार महिला बॉक्सिंग खिलाड़ी निकहत जरीन का नाम है जिनका पिछले एक साल में काफी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है।पेरिस ओलंपिक में भारत की तरफ से बॉक्सिंग के विभिन्न इवेंट्स के लिए 2 पुरुष और 4 महिला खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया है। इसमें पुरुष प्लेयर्स में अमित पंघाल का नाम है जिन्होंने 51 किलोग्राम कैटेगिरी इवेंट्स में अपनी जगह बनाई है तो वहीं निशांत देव ने 71 किलोग्राम कैटेगिरी में अपनी जगह को पक्का किया है। वहीं महिला प्लेयर्स को लेकर बात की जाए तो उसमें निखत जरीन ने जहां 50 किलोग्राम कैटेगिरी में क्वालीफाई किया है तो प्रीति पवार 54 किलोग्राम कैटेगिरी के इवेंट में शामिल हैं। जैस्मीन लेम्बोरिया 57 किलोग्राम की कैटेगिरी का हिस्सा हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 में बॉक्सिंग इवेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले भारतीय खिलाड़ी- अमित पंघाल - पुरुष 51 किलोग्राम कैटेगिरी, निशांत देव - पुरुष 71 किलोग्राम कैटेगिरी, प्रीति पवार - महिला 50 किलोग्राम कैटेगिरी, निकहत जरीन - महिला 50 किलोग्राम कैटेगिरी, जैस्मीन लेम्बोरिया - महिला 57 किलोग्राम कैटेगिरी, लवलीना बोरगोहेन - महिला 75 किलोग्राम कैटेगिरी।

## खेल राज्य मंत्री केके विश्नोई ने हैंडबॉल के स्वर्ण पदक विजेताओं का किया सम्मान

जयपुर, 15 जुलाई। खेल राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार केके विश्नोई ने सोमवार को आईएचफ़ ट्रॉफी हैंडबॉल 2024 में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय यूथ व जूनियर टीम में शामिल राजस्थान के खिलाड़ियों, कोच व मैनेजर को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

खेल मंत्री केके विश्नोई ने खिलाड़ियों की हौसला आफजाई करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की तथा आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाये दी।

उन्होंने कहा कि आप इसी तरह देश के साथ साथ प्रदेश का नाम भी रोशन करते रहे। ऐसी मेरी कामना है।

भारतीय यूथ टीम में राजस्थान के कृतवर्य प्रताप सिंह (जयपुर), महेंद्र पाल सिंह (बाड़मेर) व प्रवेश (झुनझुनु) से थे। जबकि जूनियर टीम प्रदेश के जसप्रीत सिंह, विशाल सुथार (श्रीगंगानगर) व नयन शेखावत (सीकर) से थे। इस टीम के कोच राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के हैंडबॉल प्रशिक्षक प्रियदीप सिंह खंगारोत थे। वही टीम मैनेजर राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव याद प्रताप सिंह थे।




इस अवसर पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डॉ. तेजराज सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने खेल राज्य मंत्री केके विश्नोई को प्रतियोगिता का स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया।

## वडोदरा में वर्ल्ड कप चैंपियन हार्दिक पंड्या का जोरदार स्वागत

नई दिल्ली, 15 जुलाई। आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का वडोदरा में दमदार स्वागत हुआ है। उनका फैंस ने शानदार ग्रैंड वेलकम किया। हार्दिक पंड्या बारबाडोस लौटने के बाद दिल्ली पहुंचे। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री पीएम मोदी से मुलाकात की। इसके बाद टीम इंडिया की मुंबई में एक भव्य विक्ट्री परेड निकली। इसमें हजारों की संख्या में लोग भारतीय टीम के चैंपियन की एक झलक पाने के लिए मरीन ड्राइव की सड़कों पर खड़े दिखे। विक्ट्री परेड को देखने के लिए इतने फैंस जमा हो गए कि टीम इंडिया की बस को वानखेड़े स्टेडियम तक पहुंचे में घंटों का समय लग गया। विक्ट्री परेड के बाद से हार्दिक पंड्या मुंबई में ही थी। इस दौरान वह अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में भी दिखे। शादी में हार्दिक पंड्या खूब मस्ती करते हुए नजर आए थे। वहीं अब अनंत अंबानी की शादी के बाद हार्दिक वडोदरा पहुंचे। सोशल मीडिया पर हार्दिक पंड्या की एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रही है। उस वीडियो में हार्दिक पंड्या वर्ल्ड कप जीतने के बाद पहली बार वडोदरा पहुंचे। वडोदरा की जनता ने अपने हीरो को ग्रैंड वेलकम किया।

## पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर चला पीसीबी का हंटर

कराची, 15 जुलाई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का समय तीन साल से घटाकर एक साल करने का फैसला किया, लेकिन खिलाड़ियों के वेतन में कोई कटौती नहीं की जाएगी। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी द्वारा लाहौर में बुलाई गई बैठक में यह फैसले किए गए। बैठक में पाकिस्तान के टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी, सीमित ओवरों के कोच गैरी कर्स्टन, चयनकर्ता मोहम्मद यूसुफ और असद शाफिक, सहायक कोच अजहर महमूद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बोर्ड ने कहा है कि टी-20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम के लचर प्रदर्शन के बाद वह अपनी नीतियों में आमूलचूल बदलाव करने का इरादा रखता है। भारत और अमेरिका के खिलाफ शिकस्त के साथ पाकिस्तान टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाने में नाकाम रहा था।बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, चयनकर्ताओं ने केंद्रीय अनुबंध के वित्तीय हिस्से में कोई बदलाव नहीं करने की सिफारिश की है लेकिन अब अनुबंध संशोधित होकर 12 महीने का होगा जिसमें प्रत्येक 12 महीने में खिलाड़ियों की फिटनेस, बर्ताव और फॉर्म का आकलन किया जाएगा। पिछले साल पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष जका अशरफ की खिलाड़ियों के साथ सहमति बनी थी जिसके तहत केंद्रीय अनुबंध के नियमों और वित्तीय पहलू में तीन साल तक कोई बदलाव नहीं करने की गारंटी दी गई थी।

## पेरिस ओलिंपिक की तैयारियों के लिए सरकार ने खोला खजाना

### एथलीटों को दिया करोड़ों का फंड

नई दिल्ली, 15 जुलाई। सिर्फ एक ओलिंपिक पदक किसी खेल को बढ़ ावा देने के लिए काफी है और अगर यह स्वर्ण पदक हो तो फिर सोने पर सुहागा है। तीन साल पहले टोक्यो खेलों में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के बाद भारत में इस ओलंपिक चक्र में ट्रैक एवं फील्ड के खिलाड़ियों को सरकारी कोष में सबसे बड़ा हिस्सा मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के मिशन ओलिंपिक सेल (एमओसी) के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सरकार ने एथलेटिक्स पर 96 करोड़ आठ लाख रुपये खर्च किए। इस बार 16 खेलों के लिए भारत की तैयारियों पर लगभग 470 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

पिछले ओलिंपिक चक्र में टारगेट ओलिंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत एथलेटिक्स पर पांच करोड़ 38 लाख रुपये खर्च किए गए थे। 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस खेलों में चोपड़ा की अगुआई में 28 सदस्यीय एथलेटिक्स दल भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। भारतीय दल में कुल 118 खिलाड़ी शामिल हैं। सूत्रों ने कहा है कि पिछली बार सात पदक को देखते हुए इस बार उम्मीदें अधिक है और इसलिए इस बाद खर्च अधिक किया गया है। देश के बैडमिंटन खिलाड़ियों सर्वाधिक अनुदान हासिल करने के मामले में दूसरे स्थान पर रहे। बैडमिंटन खिलाड़ियों को 72.02 करोड़ रुपये मिले जबकि इसके बाद मुक्केबाजी (60.93 करोड़) और निशानेबाजी (60.42 करोड़) का नंबर आता है। भारत ने पेरिस खेलों के लिए बैडमिंटन में पांच कोटा हासिल किए हैं। इसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु (महिला एकल), एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन (पुरुष एकल), सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी (पुरुष युगल) और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो (महिला युगल) शामिल हैं।

## इंटरनेशनल क्रिकेट में डेविड वॉर्नर का खेल अब खत्म

### ऑस्ट्रेलिया टीम के राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने साफ किया है कि चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए वॉर्नर के नाम पर विचार नहीं किया जाएगा

नई दिल्ली, 15 जुलाई। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी थी। हालांकि उन्होंने साल 2025 में होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए अपने दरवाजे खुले रखे थे, लेकिन अब ऑस्ट्रेलिया टीम के राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने साफ किया है कि चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए वॉर्नर के नाम पर विचार नहीं किया जाएगा। बाएं हाथ के शानदार ओपनर रहे वॉर्नर के करियर पर एक नजर डालते हैं।



डेविड वॉर्नर ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में 112 टेस्ट मैच, 161 वनडे और 110 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने टेस्ट मैचों में 26 शतक और 44.56 की औसत के साथ 8786 रन बनाए। वनडे में उन्होंने 22 शतक के साथ 6932 रन बनाए। इन दोनों फॉर्मेट में उनके रन बनाने की तेजी देखने लायक थी। टेस्ट क्रिकेट में उनका स्ट्राइक रेट 70.19 का रहा जो परंपरागत ओपनिंग बल्लेबाज की तुलना में बहुत ज्यादा है। वनडे क्रिकेट में उन्होंने 97.26 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की। वॉर्नर ने वनडे में एक कैलेंडर ईयर में 7 शतक लगाए हैं। इस मामले में उनसे ज्यादा शतक केवल सचिन तेंदुलकर (9) ने लगाए हैं।

वॉर्नर ने 2019 में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 335 रनों की पारी खेली थी। ये टेस्ट मैच में किसी भी ओपनर द्वारा खेली गई 5वीं सबसे बड़ी पारी है। उन्होंने इस फॉर्मेट में लगातार 6 बार अर्धशतक लगाए हैं। वे टेस्ट और वनडे मैचों में 5,000 पूरे करने के अलावा अपने फील्डिंग के जरिए 50 शिकार करने वाले खिलाड़ियों में भी शामिल हैं। टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भी उनके नाम 3277 रन हैं, जिसमें उन्होंने 33.43 की औसत से बल्लेबाजी करते हुए 142.47 का औसत निकाला।



*आज नई दिल्ली में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री अरुण चतुर्वेदी ने गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने की बधाई दी। इस दौरान गृह मंत्री से राजस्थान सहित अन्य संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई।*

# 'रामबाग गॉल्फ क्लब की गड़बड़ियों की जांच एस.ओ.जी. से कराएंगे'

## नगर विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने विधानसभा में कहा

जयपुर, 15 जुलाई (वि.सं.)। रामबाग गॉल्फ क्लब की अनियमितताओं की जांच का मुद्दा सोमवार को विधानसभा के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के दौरान उठा। यू.डी.एच. मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने विधायक कालीचरण सर्राफ के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के सवाल पर जवाब देते हुए घोषणा की कि सदन में उठे इन अनियमितताओं के मुद्दे की जांच भजनलाल सरकार स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप से कराएगी। इसके साथ ही खर्रा ने यह भी कहा कि गॉल्फ क्लब की जमीन जेडीए के स्वामित्व की है।

- **खर्रा ने विधायक कालीचरण सर्राफ द्वारा ध्यानाकर्षण के जरिए उठाए गए इस मसले पर दिए गए जवाब में यह घोषणा की।**
- **सर्राफ ने कहा कि यह क्लब जे.डी.ए. की जमीन पर बना है पर इसका एम.ओ.यू. नहीं हुआ क्लब की प्रबंध समिति में सरकार का कोई प्रतिनिधि भी नहीं है।**
- **सर्राफ ने आरोप लगाया कि क्लब में अवैध रुप से बार व रैस्रां चल रहा है और करोड़ों रुपया खर्च किया जा रहा है।**

विधानसभा में भाजपा विधायक कालीचरण सराफ ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए रामबाग गॉल्फ क्लब के संचालन में कथित रूप से व्याप्त भ्रष्टाचार से उत्पन्न स्थिति का मुद्दा उठाया तो यू.डी.एच. मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने जवाब देते हुए कहा कि 322 बीघा जमीन 1973 में आवंटित हुईं थी, जिसके अधिग्रहण को लेकर राजस्थान उच्च न्यायालय में याचिकाएं दायर हुईं और एक रिट याचिका सर्वोच्च न्यायालय में लगी हुई है। उन्होंने कहा, यह सही है कि गॉल्फ क्लब जेडीए की जमीन पर बना हुआ है, लेकिन अभी तक इसका एम.ओ.यू. नहीं हुआ है। इसके साथ ही क्लब की प्रबन्ध समिति में सरकार का कोई नुमाइंदा नहीं है, गॉल्फ क्लब की साधारण सभा को स्थगित कर दिया गया है और इसकी सदस्यता पर रोक लगी हुई है। हालांकि, अभी रामबाग गॉल्फ क्लब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके साथ 9 फरवरी को अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है।

इस पर विधायक कालीचरण सराफ ने कहा कि यह बात सही है कि गॉल्फ क्लब की साधारण सभा को ध्वस्त कर दिया गया, लेकिन न्यायालय की रोक के बाद भी सदस्य बनाये जा रहे हैं। साधारण शुल्क एक लाख से ढाई लाख रुपये तक है, लेकिन 29 लाख से 50 लाख रुपये तक शुल्क लिया जा रहा है। यू.डी.एच. के सचिवों को इन क्लबों में सदस्य बनाया गया। कई विधायकों के बेटों को सदस्य बना दिया। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की अनुमति के बिना सदस्य कैसे बनाये जा रहे हैं?

सर्राफ ने आगे कहा कि जब कोई एम.ओ.यू. ही नहीं है तो शराब और रेस्टोरेंट संचालन की अनुमति किसने दी है। करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, जो भी पार्टी सत्ता में रहती है, उनके परिवार के लोग इसके सदस्य बन जाते हैं, एस.ओ.जी. से इसकी जांच करवाई जाए। सराफ के ध्यानकर्षण पर जवाब पेश करते हुए मंत्री खर्रा ने कहा कि मैं गॉल्फ क्लब में अनियमितताओं की शिकायतों की एस.ओ.जी. जांच की घोषणा करता हूं।

झाबर सिंह खर्रा ने ज्योंही गॉल्फ क्लब में अनियमितताओं की जांच की घोषणा की तो विपक्षी सदस्यों ने इसका स्वागत किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में सदस्य गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि हम सरकार के फैसले का स्वागत करते हैं, लेकिन चिंता इस बात की है कि जो घोषणा यू.डी.एच. मंत्री ने की है, उसकी पालना कौन करेगा, क्योंकि सदन में कोई भी संबंधित अधिकारी मौजूद नहीं है। उन्होंने कहा, विधानसभा अध्यक्ष जी, आप बताइए कि सदन में इतना महत्वपूर्ण ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लगा हुआ है और उससे संबंधित अधिकारी यहां मौजूद नहीं है। इसके बाद सदन में कुछ हंगामा भी हुआ।

# उदयपुर के दो बच्चे "चांदीपुरा" संक्रामक रोग से पीड़ित

जयपुर, 15 जुलाई। उदयपुर जिले के खेरवाड़ा ब्लॉक के दो गांवों में संदिग्ध चांदीपुरा संक्रामक बीमारी के मामले सामने आए हैं। ये दोनों बच्चे गुजरात के हिम्मतनगर में इस बीमारी का इलाज करा रहे थे तथा इन बच्चों में से एक की मौत हो गई है। हालांकि दूसरे की हालत में सुधार बताया जा रहा है। चिकित्सकों को इस संदिग्ध बीमारी के बारे में गंभीरतापूर्वक सावधानी बरतने और विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये गये हैं।

- **बच्चों का ईलाज गुजरात के हिम्मत नगर में चल रहा था जहां एक की मौत हो गई है, पर दूसरे के स्वास्थ्य में सुधार देखा जा रहा है।**
- **जाँच के लिए नमूने पुणे के नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में भजे गए हैं, अभी रिपोर्ट नहीं आई है।**
- **चांदीपुरा संक्रमण मच्छर, घुन और रेतीली मक्खी से फैलता है। इसके लक्षणों में तेज बुखार, उल्टी के साथ दौरे पड़ना भी शामिल है। इसमें मरीज़ कोमा में भी जा सकता है और उसकी मौत हो सकती है।**

निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि गुजरात बॉर्डर पर स्थित खेरवाड़ा ब्लॉक के नलफला और अखीवाड़ा गांवों के दो बच्चों का गुजरात के हिम्मतनगर में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान जांच में इनको विशेष प्रकार के संक्रमण की रिपोर्ट आई है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक उपचार में विलंब के कारण एक बच्चे को बचाया नहीं जा सका, जबकि दूसरे बच्चे का चिकित्सालय में उपचार चल रहा है और उसके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार आ रहा है।

डॉ. माथुर ने बताया कि गुजरात चिकित्सा प्रशासन द्वारा संक्रामक रोग 'चांदीपुरा' की जांच के लिए नमूने पुणे की नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) को भिजवाये गये हैं।

उन्होंने बताया कि इस रोग के संक्रमण के मामले गुजरात में पाये गये थे। अब से पहले राजस्थान में इस रोग का कोई केस दर्ज नहीं किया गया था। उन्होंने बताया कि दर्ज किये गये दोनों मामलों में बच्चे खेरवाड़ा ब्लॉक के हैं। इस क्षेत्र के निवासी रोजगार के लिए गुजरात के सीमावर्ती क्षेत्रों में पलायन करते हैं। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई को बच्चों के संक्रमण की सूचना मिलते ही संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को सावधानी बरतने और निगरानी बढ़ाने के निर्देश जारी कर दिये गये। उन्होंने बताया कि गुजरात में उपचाराधीन बच्चों की वास्तविक रिपोर्ट आना शेष है।

**चांदीपुरा रोग एक वायरल संक्रमण**

निदेशक जनस्वास्थ्य ने बताया कि चांदीपुरा रोग एक वायरल संक्रमण है जो मच्छर, घुन, रेतीली मख्खी के माध्यम से फैलता है। इसके उपचार में विलंब होने पर गंभीर स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने बताया कि चांदीपुरा संक्रमण के मुख्य लक्षण में बुखार आना, उल्टी होने तीव्र इंसेफेलाइटिस और आकस्मिक दौरे पड़ना शामिल हैं। इससे बीमारी, कोमा और यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है।

डॉ. माथुर ने बताया कि उदयपुर जिले से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार चांदीपुरा संक्रमण के गंभीर लक्षणों वाला कोई अन्य मरीज उपचारधीन नहीं है और प्रभावित रहे क्षेत्रों में आवश्यक सर्वे-निगरानी बढ़ाने, सैम्पल अविलंब एसएमएस मेडिकल कॉलेज भिजवाने, कीट-मच्छररोधी गतिविधियां संचालित करने सहित आवश्यक जनजागरूकता विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं।

एसएमएस अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. त्रिलोकचंद श्रीवास्तव और जेके लोन अस्पताल चाइल्ड स्पेशलिस्ट्स डॉ. कपिल गर्ग का कहना है कि चांदीपुरा एक वायरल संक्रमण है। जो डेंगू, चिकनगुनिया जैसे मच्छर, माइट और सैंड फ्लाई द्वारा फैलता है। यह एक दुर्लभ बीमारी है जिसमें उच्च रोगजनकता और मृत्यु दर होती है।

## 'जो नेता ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जाते समय रास्ते में उप तहसील दतवास में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया और साफा पहनाया। पायलट ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने पर सभी कार्यकर्ताओं व जनता का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यकर्ता बृजमोहन अग्रवाल, सीताराम सोनी, हनुमान गुर्जर, राजेश खंडेलवाल, रामदयाल चौधरी, मीठालाल मीणा, देवराज गुर्जर, सीताराम मीणा, महेन्द्र शर्मा, हजारीलाल मीणा, रतनलाल मीणा, शकूर साइ व इशाक लोहार सहित कई कार्यकर्ताओं ने पायलट का स्वागत किया।

## रामगढ़ बांध ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उद्गम स्थल पर ही तालाब का निर्माण किया गया है। जिसके चलते नदी का पानी आगे नहीं जाता है। वहीं कई जगह पर नदी के बहाव क्षेत्र को समतल कर उस पर खेती की जा रही है। दूसरी ओर विराट नगर में नदी के बहाव क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी ने रोड का निर्माण कर दिया। मिलीभगत कर यहां एक रिसोर्ट का निर्माण कर विभागों ने एन.ओ.सी. भी जारी कर दी है। डांगी ने बताया कि रामगढ बांध तक पानी पहुंचाने वाली बाण गंगा, माधो बेणी और ताला नदी में दस फीट से अधिक मिट्टी भरी हुई है। गौरतलब है कि रामगड बांध में अतिक्रमण और पानी नहीं पहुंचने के मामले में हाईकोर्ट ने वर्ष 2011 में स्व प्रेरणा से प्रसंज्ञान लिया था।

# योगी आदित्यनाथ ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आर.एस.एस. सरसंघचालक मोहन भागवत ने भी राँची में कहा था कि "चुनावी जनादेश प्रत्येक व्यक्ति को स्वीकार करना चाहिए।"

भाजपा नेतृत्व जाहिर तौर पर, पार्टी को खासतौर पर यू.पी. में हुये नुकसान को स्वीकार नहीं कर पा रहा है। शुरूआत में, मुस्लिमों तथा अयोध्या के मतदाताओं पर अपनी भड़ास निकालने के बाद, भाजपा कैडर ने संविधान पर तथा आरक्षण के विरुद्ध विपक्ष के प्रचार, और "बुलडोज़र नीति" के प्रतिकूल प्रभाव तथा राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार की संस्कृति को जिम्मेदार ठहराया था। भाजपा नेताओं को एक आम तथा अविश्वसनीय शिकायत यह रही है कि "प्रशासन ने सहयोग नहीं किया।"

आदर्शवादी दृष्टिकोण के लिहाज से, भाजपा नेतृत्व योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री पद से हटाकर, उत्तर प्रदेश में पुनः शुरूआत करना चाहता है।

लेकिन पेरशानी यह है कि योगी कोई "हल्के नेता" नहीं हैं जिन्हें उस तरीके से हटाया जा सके, जिस तरह गुजरात या छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री हटा दिए गऐ थे। इसलिए, ऐसी सम्भावना प्रतीत हो रही है कि फिलहाल योगी और भाजपा नेतृत्व के बीच युद्ध विराम की स्थिति बनी रहेगी।

दिलचस्प बात यह है कि भाजपा नेतृत्व ने उत्तरप्रदेश की 10 सीटों पर उपचुनाव कराने के मामले में मुख्यमंत्री को खुली छूट दे रखी है। इन चुनाव क्षेत्रों में इंडिया गठबन्धन की अच्छी पकड़ के चलते, योगी आदित्यनाथ को इस परीक्षा में सफल होने में मुश्किल आ सकती है। इसलिए प्रश्न यह है कि क्या योगी को उन्हीं की पार्टी का नेतृत्व असफलता की स्थिति में लाकर, निपटाने जा रहा है ?

- **पर, योगी आदित्यनाथ ने मैसेज दिया है कि वे कहीं नहीं जा रहे हैं और छत्तीसगढ़ या गुजरात की भाँति, चुटकी बजाकर उन्हें नहीं बदला जा सकता, जैसे कि गुजरात व छत्तीसगढ़ में भाजपा ने कर लिया।**
- **दूसरी ओर यह भी सच है कि यू.पी. में कुछ ही दिनों में होने वाले उपचुनाव में भाजपा हाईकमान ने मु.मंत्री को खुली छूट दे रखी है।**
- **पर, भाजपा हाईकमान व मु.मंत्री योगी में इतनी ज्यादा दूरियाँ व अविश्वास है कि राजनीतिक हल्कों में चर्चा है कि 10 उपचुनाव में इण्डिया गठबंधन की स्थिति मजबूत है, योगी आदित्यनाथ को पूरी छूट देने का राजनीतिक मकसद है कि इन चुनावों में जब भाजपा हारे तो इस असफलता के बाद मु.मंत्री को आसानी से हटाया जा सकेगा।**

## शिंदे गुट के नेता छगन भुजबल की शरद पवार से मुलाकात

मुंबई, 15 जुलाई। महाराष्ट्र में राजनीतिक हलचल एक बार फिर से तेज होती नजर आ रही है। एकनाथ शिंदे सरकार के मंत्री छगन भुजबल ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) प्रमुख शरद पवार से सोमवार को मुलाकात की। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की अगुवाई वाली प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से ताल्लुक रखने वाले भुजबल शरद के मुंबई स्थित सिल्वर ओक आवास पर पहुंचे। इस मीटिंग के बाद उन्होंने कहा कि मराठा-ओबीसी आरक्षण पर बात करने को लेकर वह यहां आए थे। हालांकि, राजनीतिक गलियारों में तो ऐसी चर्चा है कि परदे के पीछे कोई नई सियासी पटकथा रची जा रही है।

- **इस मुलाकात को छगन भुजबल ने गैर राजनीतिक मुलाकात बताने का प्रयास किया लेकिन इस घटनाक्रम ने एक दम से महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ी हलचल पैदा कर दी है।**

छगन भुजबल ने कहा, शरद पवार राज्य के सीनियर नेता हैं जो अलग-अलग जाति के घटकों के जीवन को जानते हैं। वह जानते हैं कि गांवों में विभिन्न समुदायों के लोग कैसे रह रहे हैं। मैंने उन्हें बताया कि गांवों में झड़पें हो रही हैं। अगर मराठा आरक्षण को लेकर सभी दलों के नेता एक साथ आएं तो इसे रोका जा सकता है।

मैंने उनसे मराठा-ओ.बी.सी. के विवाद में मध्यस्थता करने की बात कही है। ऐसा नहीं हुआ तो आगे जाकर स्थिति बिगड़ जाएगी। उन्होंने (शरद पवार) कहा कि वे एकनाथ शिंदे के साथ बात करेंगे।

# भारत 2030 तक जापान...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हाउस बनने का आकांक्षी है। सिम्पसन ने कहा कि निरन्तर किए जाने वाले रणनीतिक प्रयासों और सरकार के समर्थन के कारण इस सैक्टर में आर्थिक वृद्धि करने, नौकरियों के सृजन और भारत की वैश्विक अपील को बढ़ाने की जबर्दस्त क्षमता है।

बुकिंग होल्डिंग्स के ग्लोबल सी.ई.ओ. ग्लैन फगेल भी इस दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं। उन्होंने भी ग्लोबल ट्रैवल इण्डस्ट्री पर भारत के परिवर्तनकारी विकास और संभावित प्रभाव को रेखांकित किया है।

फगेल ट्रैवल के मामले में भारत की आबादी की प्रभावशाली प्रोफाइल, आर्थिक वृद्धि और बढ़ते उत्साह का प्रमुखता से उल्लेख करते हैं। वे ध्यान दिलाते हैं कि सुख-साधन की सुविधाओं के अन्तर्राष्ट्रीय मानकों को कभी पूरा ना कर सकने वाले भारत को अब हाई क्वालिटी होटल्स के विस्तार और अपनी सांस्कृतिक समृद्धि एवं विविध भू-भागों की यात्रा के लिए अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों को लुभाने वाले देश के रूप में जाना जाता है।

अगोडा, प्राइसलाइन और कयाक जैसे प्लेटफॉर्म्स का पर्यवेक्षक करने वाले बुकिंग होल्डिंग्स ने पर्यटन को बढ़ावा देने वाले भारत सरकार के प्रयासों की सराहना की है। इन प्रयासों में इन्फ्रास्ट्रक्चर में ठोस निवेश, सम्पर्क वृद्धि, ई-वीसा जैसी वीसा सुविधाएं शामिल हैं जिनसे घरेलू और विदेशी, दोनों ही पर्यटनों में महत्वपूर्ण तेजी आई है।

वह भारत की आर्थिक दिशा और बढ़ते मध्यम वर्ग को लेकर आशावादी हैं, जिसने घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय ट्रैवल के विवेकपूर्ण व्यय में वृद्धि की है। वह, खर्च वहन करने योग्य पर्यटन की आर्थिक वृद्धि में तकनीकी विकास और मजबूत आर्थिक सिद्धांतों के प्रति भारत की सकारात्मक रूख जिक्र करते हैं।

फगेल भारत की क्षमता को लेकर बुकिंग होल्डिंग्स की भविष्य की योजनाओं के संबंध में भारत के रणनीतिक महत्व को रेखांकित करते हैं। बुकिंग होल्डिंग्स ने अपने तकनीकी नवाचार और अपने ब्रैण्ड्स के साझा व्यापार को लेकर बैंगलुरू में 250 मिलियन डॉलर के निवेश की घोषणा की है।

टिकाऊ निवेश, रणनीतिक प्रयास और एक लचीले घरेलू पर्यटन बाजार के कारण भारत पर्यटन एवं आर्थिक वृद्धि की महत्वपूर्ण उपलब्धि को प्राप्त करने के लिए अपनी सांस्कृतिक समृद्धि, प्राकृतिक सौन्दर्य और आर्थिक गतिशीलता का लाभ उठाने जा रहा है।

## 'राज्य सरकार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रखे गये हैं और हाई सिक्यूरिटी कैमरे लगाने के लिए पोल भी लगा दिए हैं। इस पर न्यायमित्र अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि जो सुरक्षाकर्मी लगाए जाएंगे, वे पुलिसकर्मी होंगे या होमगार्ड। न्यायमित्र ने कहा कि शहर के अलावा अन्य जगहों पर न्यायिक अफसर सरकारी क्वार्टर या निजी आवासों में रहते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा भी होनी चाहिए। इस पर खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि निजी आवास व क्वार्टर में रहने वाले न्यायिक अफसरों की सुरक्षा के लिए क्या करेंगे।

गौरतलब है कि न्याय शिखा अपार्टमेंट में एक महिला न्यायिक अधिकारी के घर पर चोरी की वारदात हुई थी। इसके बाद सामने आया कि न्यायिक अफसरों की सुरक्षा के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं, जबकि उस क्षेत्र में 150 से ज्यादा जज रहते हैं। इस बारे में राजस्थान न्यायिक सेवा अधिकारी संघ के अध्यक्ष ने भी मुख्य सचिव को पत्र लिखा था, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। न्यायिक अफसरों की सुरक्षा में लापरवाही को गंभीर मानते हुए हाईकोर्ट ने स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लिया था। पूर्व में अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह घर व कोर्ट कक्ष में उनकी सुरक्षा के लिए एक-एक सुरक्षाकर्मी लगाए। इसके साथ ही अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि जब न्यायिक अधिकारियों के घर ही सुरक्षित नहीं है तो आमजन में सुरक्षा का भरोसा कैसे पैदा होगा।

# ट्रम्प की हत्या के प्रयास से राष्ट्रपति....

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जॉन एफ. कैनेडी जब पदासीन राष्ट्रपति थे, तब उनकी हत्या कर दी गई थी, यह घटना सर्वाधिव उद्वेलित करने वाली थी।

उनके भाई रॉबर्ट कैनेटी ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए अपना प्रचार शुरू ही किया था कि एक मीटिंग से बाहर आते ही होटल की लॉबी में उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनकी हत्या भी कोई छोटी-मोटी बात नहीं थी।

अब्राहम लिंकन से लेकर कई राष्ट्रपतियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई और कई अन्य की हत्या कर दी गई और कई अन्य की हत्या के प्रयास किए गए। अमेरिकी राष्ट्रपति के पद के साथ व्यक्तिगत नुकसान और मौत का गंभीर खतरा जुड़ा रहा।

ट्रम्प जब पिछली बार राष्ट्रपति पद का चुनाव हार गए थे तब उनके समर्थकों ने वाइट हाउस में सुरक्षा कर्मियों पर और हर कहीं हमले बोले, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी। ट्रम्प के आरोप थे कि उन्हें अनुचित तरीकों से हराया गया है और चुनावों में धांधली हुई है, जिससे उनके समर्थक आग बबूला हो गए थे।

- **लोगों का मानना है, ट्रम्प द्वारा प्रतिपादित हिंसा लौटकर आयी है और अब स्वयं ट्रम्प पर गोली चली है।**
- **अतः राजनीति में हिंसा को रोकने के लिये, ट्रम्प को हराना जरूरी है और बाइडन की उम्मीदवारी को मजबूती देना अनिवार्य है।**

अत: कहा जा सकता है कि तब हुई हिंसा ने अब उन्हें ही अपनी लपेट में ले लिया है।

ट्रम्प की हत्या के प्रयास ने राष्ट्रपति जो बाइडन को लेकर चल रही राजनीति की दिशा मोड़ दी है। पहले उनकी पार्टी में इस बात को लेकर एक तरह की सर्वानुमति थी कि ट्रम्प के साथ हुई विध्वंसक बहस और फिर वॉशिंगटन में नाटो के एक प्रेस कांफ्रेंस की खबर सम्मेलन में उनके खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें राष्ट्रपति पद चुनावों में अपनी उम्मीदवारी त्याग देनी चाहिए।

डैमोक्रेट्स पहले जहां यह मांग कर रहे थे कि बाइडन को बुढ़ापे और सार्वजनिक मंचों पर भ्रमित हो जाने के कारण राष्ट्रपति की उम्मीदवारी वापस ले लेनी चाहिए, लेकिन अब वे ही लोग अचानक से कहने लगे हैं कि हमें एकजुट होकर चुनावी संघर्ष करना है।

ट्रम्प पर गोली चलाने के अन्तर्निहित उद्देश्यों को लेकर संकट उत्पन्न हो गया है। राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी पर जानलेवा हमले की खबर का चीन के आधिकारिक मीडिया ने व्यंग्यपूर्ण अंदाज में स्वागत किया है।

बीज़िंग के ग्लोबल टाइम्स ने इस पर विस्तार से बताया है कि उदार लोकतंत्र के अमेरिकी सिस्टम ने देश को किस तरीके से विफल किया और हताश जनता को अपनी निराशा व्यक्त करने का कोई मंच नज़र नहीं आ रहा। चीन के राजनीतिक आका काफी पहले से यह दावा करते आ रहे हैं कि लोकतंत्र के पश्चिमी मॉडल की गुणवत्ता चीन के मॉडल से कमतर है। चीन हमेशा इस बात पर जोर देता रहा है कि वैस्टर्न मॉडल कितना अस्थिर है और इसके बारे में कुछ भी स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता है। इसकी जगह चीन ने अपनी स्थिरता, स्थायित्व भरोसा बढ़ा लिया है। राजनैतिक आज़ादी और बोलने की स्वतंत्रता की एवज में चीन ने अपने लोगों की आर्थिक समृद्धि को स्थिरता दी है। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व अपने मित्र डॉनल्ड ट्रम्प पर्सनल मैसेज एवं हिंसा पर चिंता जताई। अगर ट्रम्प जीत गए तो इस मैसेज का सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# क्या भाजपा हाईकमान की राहुल व अखिलेश...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भेद से विरोधियों को मैनेज करने में लगे हैं, जबकि जनता ने महाराष्ट्र व हिमाचल में उनकी राजनीति ठुकरा दी है।

इसी बीच नड्डा आम चुनाव से लेकर हाल ही में हुए विधानसभा सीटों के उप चुनाव तक एक के बाद एक लगे झटके पर अपनी निराशा नहीं छिपा सके और उन्होंने कांग्रेस को परजीवी कह डाला।

नड्डा ने उत्तर प्रदेश में भाजपा कार्यसमिति की बैठक में कहा, भाजपा अन्य पार्टियों के समर्थन से जीती है। इसका अर्थ है यह परजीवी पार्टी है, जो दूसरो पर जिंदा रहती है और फिर उसी को समाप्त कर देती है जिसका सहारा लेकर जिंदा रहती है। यह वो बेल है, जो अन्य दलों का सहारा लेकर आगे बढ़ती है।

नड्डा ने राहुल और प्रियंका पर भी कटाक्ष किया और कहा कि जो लोग प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना कर रहे हैं, जिनमें भाई-बहन भी शामिल हैं, वे "पढ़े लिखे मूर्ख" हैं। एक भाजपा नेता ने कहा कि भाजपा आलाकमान लोकसभा में प्रियंका गांधी के आगमन से भयभीत है क्योंकि वे न केवल हाजिर जवाब है बल्कि भाषा पर उनकी अच्छी पकड़ है, वे हाजिर जवाबी और भावना पूर्ण में भाजपा को मात दे सकती हैं, आने वाले समय में भाजपा नेता उन पर अपनी बंदूके तानेंगे।

नड्डा ने कहा, "भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसका वर्तमान भी है और भविष्य भी। हम ऐसी इकलौती पार्टी हैं जो भारत के 143 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। हम सब राजनैतिक कार्यकर्ता हैं। भाजपा का हर सदस्य कार्यकर्ता भी है और नेता भी।"

उनकी ये टिप्पणियाँ इस आम धारणा के दौरान आई हैं कि उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन बहुत खराब रहा है। उत्तर प्रदेश से निर्वाचित सांसदों की संख्या 62 से गिरकर 33 पर आ गई है और इसका कारण केवल भाजपा सरकार की विफलता ही नहीं रही अपने कार्यकर्ताओं के प्रति उसकी उपेक्षा भी रही है।

- **चर्चाओं के अनुसार, भाजपा, प्रियंका गांधी के वायनाड से सांसद बनने की संभावना से काफी नाखुश है, क्योंकि वे हाजिर जवाबी व भाव पूर्ण भाषण देने में काफी माहिर हो गई हैं, अतः सांसद के रूप में भाजपा के लिये काफी परेशानी उत्पन्न करने की क्षमता रखती हैं संसद में। अतः हाईकमान की रणनीति के तहत भाजपा, राहुल से ज्यादा प्रियंका गांधी को टारगैट करेगी आने वाले समय में।**

राज्य भाजपा के अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा: "अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान (की भावना) हमारी प्राथमिकता है। हम पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मान के मामले में समझौता नहीं करेंगे।"

अपने आम तौर-तरीकों से अलग हटकर, इस अवसर पर सभी भाजपा नेताओं ने अखिलेश की आलोचना से दूरी बनाये रखी।

किन्तु सूत्रों ने कहा कि अखिलेश अब कोई नौसिखिया नहीं है तथा वे इस बात को अच्छी तरह समझते हैं कि भाजपा (सपा और कांग्रेस में) अलगाव पैदा करने पर आमादा है। इसलिये उन्होंने भाजपा की बातों में कोई रूचि नहीं दिखाई है।

चौधरी ने कांग्रेस की तुलना पौराणिक दैत्य भस्मासुर से की तथा चेताया: "अखिलेश को सतर्क रहना चाहिये। कांग्रेस भस्मासुर है और उन्हें शीघ्र ही निबटा देगी।"

चौधरी की यह टिप्पणी उनकी पार्टी के पूर्व रूख के सर्वथा विपरीत है। ज्ञातव्य है कि आम चुनावों में प्रचार के दौरान, भाजपा ने अखिलेश की कटु आलोचना करते हुये, उन्हें वंशवादी राजनेता, भ्रष्ट एवं गुंडों का सरदार बताया था।

जहाँ उत्तर प्रदेश में लोकसभा सांसदों की संख्या 2019 में विजयी रहे 62 सांसदों से गिरकर 33 सांसदों तक आ गई है, वहीं समाजवादी पार्टी के सांसद 5 से बढ़कर 37 हो गये हैं। कांग्रेस ने 6 सीटें जीती हैं, जबकि 2019 में उसने केवल एक सीट जीती थी।

संदर्भित मीटिंग में स्वीकृत प्रस्ताव में राहुल पर हिन्दुओं को अपमानित करने का आरोप लगाया गया है।

प्रस्ताव में कहा गया है, "अभी हाल ही में लोकसभा में राहुल ने कहा था कि जो लोग स्वयं को हिन्दू कहते हैं, नफरत और द्वेष फैलाने में लिप्त हैं। उनका बयान सभी हिन्दुओं का अपमान है। उनका बयान दर्शाता है कि अगर वे सत्ता में आये तो "हिन्दू" शब्द पर रोक लगा देंगे। उन्हें हिन्दू समुदाय से माफी माँगनी चाहिये।"

राहुल ने संसद में यह स्पष्ट कर दिया था कि उनकी टिप्पणी के लक्ष्य पर सिर्फ और सिर्फ भाजपा का ब्रॉन्ड था।

## मु.मंत्री...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चर्चा हुई। इस अवसर पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा एवं अजय टमटा सहित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी तथा राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908